e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 133
बुधवार
17.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

*जैसे हमारे विचार होते हैं हमारी जिन्दगी भी वैसी ही होती है..*

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 38°
न्युनतम 24°




## केरल में इस बार देरी से पहुंचेगा मानसून...

**नई दिल्ली ।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत में थोड़ी देरी होने का पूर्वानुमान व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि इसके चार जून तक दस्तक देने की संभावना है. दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य रूप से 1 जून को केरल में प्रवेश करता है. इसमें आमतौर पर लगभग सात दिनों की देरी या जल्दी शामिल होती है. मौसम विभाग कार्यालय ने एक बयान में कहा कि इस साल केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन में थोड़ी देरी होने की संभावना है. केरल में मानसून के चार जून को पहुंचने की संभावना है.÷ दक्षिणी राज्य में मानसून पिछले साल 29 मई, 2021 में तीन जून और 2020 में एक जून को पहुंचा था.भारत में दक्षिण पश्चिम मानसून का आगे बढ़ना केरल के ऊपर मानसून के आरंभ से चिन्हित होता है और यह एक गर्म और शुष्क मौसम से वर्षा के मौसम में रूपांतरण को निरुपित करने वाला एक महत्वपूर्ण संकेत है.

## क्विक न्यूज

### छवि रंजन भेजे गए जेल



**रांची।** जमीन घोटाले मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद ईडी ने मंगलवार को उन्हें पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। पेशी के बाद अदालत ने छवि रंजन को 25 मई तक न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। कोर्ट में पेश करने से पहले आईएएस छवि रंजन का मेडिकल जांच सदर अस्पताल के डॉक्टरों की देख रेख में किया गया। रंजन का बीपी, सुगर और पल्स सभी सामान्य था उनका कोविड टेस्ट भी निगेटिव आया। इससे पूर्व अदालत ने ईडी को छह मई को छह दिन और 12 मई को चार दिन कुल 10 दिनों के रिमांड पर सौंपा था।ईडी ने जमीन घोटाले मामले में 13 अप्रैल को छवि रंजन के कई ठिकानों पर छापेमारी किया था। इस छापेमारी के दौरान

### सरकारी स्कूलों के कार्यालय गर्मी की छुट्टी में भी खुलेंगे

**रांची।** झारखंड में गर्मी की छुट्टी में भी राज्य के सरकारी स्कूलों के कार्यालय खुले रहेंगे। इसको लेकर शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने आदेश जारी किया है। इसकी जानकारी सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को दी है। जारी आदेश में सचिव ने कहा है कि कोर्ट के 15 दिसंबर, 2022 को पारित आदेश के अनुपालन में राज्य के माध्यमिक विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति की कार्रवाई की जा रही है। अनुशंसित योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री रांची के खेलगांव में 19 मई को दिये जाने का कार्यक्रम निर्धारित है। सचिव ने निर्देश दिया है कि नियुक्ति की कार्रवाई के लिए राज्य के सभी माध्यमिक विद्यालय का कार्यालय

### सेल ने हस्तक्षेप आन्या लॉन्च किया

**रांची।** सेल ने ई5-ई7 ग्रेड में चुनिंदा महिला अधिकारियों के लिए एक विशेष नेतृत्व हस्तक्षेप आन्या लॉन्च किया। हस्तक्षेप एसएचआरएम के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। सेल के निदेशक (कार्मिक) केके सिंह ने अपने उद्घाटन भाषण में ÷आन्या÷ प्रतिभागियों के इस पहले बैच को संगठन में भविष्य की महिला नेताओं के लिए परिवर्तन उत्प्रेरक और रोल मॉडल बनने का आह्वान किया। श्री संजीव कुमार ईडी (एचआरडी), सेल द्वारा ÷आन्या÷ लोगो लॉन्च किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों से इस अवसर का सर्वोत्तम उपयोग करने और संगठन के सभी पहलुओं में अपनी पहचान बनाने का आग्रह किया।

### सीएम ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान निर्माणाधीन झारखण्ड भवन का किया निरीक्षण

# झारखण्ड भवन के निर्माण कार्य में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं : हेमंत सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान निर्माणाधीन झारखण्ड भवन के सभी सात फ्लोर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस क्रम में कांफ्रेंस हॉल, डाइनिंग हॉल, मुख्यमंत्री कक्ष, गेस्ट रूम, गवर्नर सुइट समेत अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों, सलाहकार और कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री नई दिल्ली में बन रहे झारखण्ड भवन के निर्माण में खर्च होने वाले बजट से भी अवगत हुए। इसको लेकर मुख्यमंत्री संतुष्ट नजर नहीं आए और मुख्यमंत्री ने 15 दिनों के अंदर झारखण्ड भवन निर्माण को लेकर जिम्मेवार अधिकारियों एवं सलाहकारों की भूमिका से संबंधित जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा। उन्होंने भवन की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं अतिथि की सुविधा के लिए आवश्यक बदलाव करने निर्देश अधिकारियों को दिया। मालूम हो कि कोविड संक्रमण की वजह से काम पर रोक और तकनीकी चुनौतियों के कारण झारखण्ड भवन निर्माण कार्य में विलंब हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा झारखण्ड भवन का निर्माण कार्य की गुणवत्ता अपनी पहचान स्थापित करे, ऐसा प्रयास होना चाहिए। झारखण्ड भवन निर्माण कार्य में अगर किसी तरह की अनिमियतता सामने आती है तो जिम्मेदार व्यक्ति बख्से नहीं जायेंगे। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान स्थानिक आयुक्त मस्त राम मीणा, भवन निर्माण सचिव सुनील कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## 3200 शिक्षकों को 19 मई को नियुक्ति पत्र सौपेंगे सीएम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 19 मई को माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित 3200 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। इस नियुक्ति के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने अनुशंसा की है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इन नव नियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की है। ऐसा पहली बार होगा जब नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र के साथ ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें शिक्षकों को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, प्रमंडल स्तर पर क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय आदि के कार्यों की जानकारी दी जाएगी।

## फतेहपुर में भीषण सड़क हादसा, नौ लोगों की मौत

**एजेंसी**

**फतेहपुर :** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां के जहानाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिल्ली मोड पर एक टैंकर ने ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार 9 लोगों की मौत हो गई और 1 बच्चा गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल बच्चे को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जिसकी हालात बेहद ही नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। बताया जा रहा है कि ऑटो में सवार सभी सवारियां घटमपुर से जहानाबाद के लिए जा रही थीं। ऑटो में टक्कर मारने के बाद टैंकर मौके से फरार हो गया है। पुलिस अब टैंकर की तलाश कर रही है। अभी मरने वालों की शिनाख्त नहीं हुई है। इस हादसे के बाद राज्य के सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुःख जताया है। इसके साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन को घायलों के उपचार हेतु निर्देश दिए हैं। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा, ÷जनपद फतेहपुर में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।




## भारत में ही बनेंगे सैन्य महत्व वाले 164 आइटम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नई दिल्ली :** रक्षा क्षेत्र में %आत्मनिर्भरता% को बढ़ावा देने के एक और प्रयास में 814 करोड़ रुपये के आयातित मूल्य के 164 आइटम का स्वदेशीकरण किया गया है। इन वस्तुओं को दिसंबर तक %मेड इन इंडिया% बनाना था लेकिन समय-सीमा के भीतर यह लक्ष्य पूरा करके एक और उपलब्धि हासिल की गई है। अब तक सैन्य महत्व वाली 2,736 वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया जा चुका है, जिनका आयातित मूल्य 2,570 करोड़ रुपये है। अब ये स्वदेशी वस्तुएं भारतीय उद्योग से ही खरीदी जाएंगी। रक्षा मंत्रालय ने दो दिन पहले 14 मई को %आत्मनिर्भर भारत% पहल के तहत सैन्य महत्व के 928 सब-सिस्टम और पुर्जों के आयात पर प्रतिबंध लगाते हुए चौथी स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) को मंजूरी दी है। इससे पहले तीन रचनात्मक स्वदेशीकरण सूचियां दिसंबर 2021, मार्च 2022 और अगस्त 2022 में जारी की जा चुकी हैं। तीनों सूचियों में 4,666 (2,851 107 780) आइटम हैं। अब चौथी सकारात्मक सूची में 928 वस्तुओं को शामिल किया गया है। इससे पहले 1756 करोड़ के आयातित मूल्य की 2,572 वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया जा चुका है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि अब इन 164 अतिरिक्त वस्तुओं का स्वदेशीकरण होने के बाद स्वदेशी वस्तुओं की कुल संख्या 2,736 हो गई है, जिसका आयातित मूल्य 2,570 करोड़ है। अब ये स्वदेशी वस्तुएं भारतीय उद्योग से ही खरीदी जाएंगी। बयान में यह भी कहा गया है कि इन 164 वस्तुओं को दिसंबर तक स्वदेशीकरण किया जाना था, लेकिन रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी) और रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने निर्धारित समय सीमा से पहले ही इन्हें स्वदेशी करके एक

## जनता दरबार में पलामू के उपायुक्त ने असाध्य रोगी को दिया बीस हजार रुपए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने असाध्य रोग से पीड़ित संजय को 20000 रु व अंगुली कटने से परेशान सारो को 10000 रु की आर्थिक मदद दी जनता दरबार में मेदिनीनगर के संजय कुमार सोनी ने उपायुक्त से आर्थिक मदद की



गुहार लगाया, संजय असाध्य रोग (कैंसर) से पीड़ित है और पैसे के अभाव में वह अपना इलाज करवा पाने में असमर्थ है। जिस पर उपायुक्त ने संजय को 20000 रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस का माध्यम से की। इसी तरह नावाबाजार थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी सारो देवी ने उपायुक्त से अंगुली कट जाने की शिकायत कर उपायुक्त से आर्थिक मदद करने की गुहार लगाई, जिस पर उपायुक्त ने सारो देवी को 10000 रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस के माध्यम से की। इसी तरह चैनपुर के नेउरा निवासी दिव्यांग मो.जमालुद्दीन अंसारी ने उपायुक्त से संबंधित विभाग द्वारा ट्राईसाइकिल दिलवाने का गुहार लगाया। इसी तरह हरिहरगंज थाना क्षेत्र के विजनीवार निवासी गिरजा राम ने उपायुक्त से एन. एच. 98 में अधिग्रहित भूमि का गलत तरीके फर्जी कागजात बनाकर पैसा गबन कर लेने का शिकायत किया। इसी तरह चैनपुर थाना क्षेत्र का ग्राम सोनपुरवा निवासी तेतर भुइयां ने उपायुक्त से अपने भूमि पर अवैध रूप से दखल कब्जा कर लेने का शिकायत किया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## पति-पत्नी में विवाद, दोनों ने लगाई फांसी पत्नी की मौत, पति की हालत गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना के गम्हरिया में मंगलवार की सुबह में पति-पत्नी आपसी विवाद में फांसी लगा लिया, जिसमे 28 वर्षीय पत्नी सोनी देवी की मौत मौके पर ही हो गयी और 32 वर्षीय पति मंटू चौधरी का हालत गम्भीर है, परिजन सूत्रों के अनुसार पति पत्नी में आपसी विवाद हुआ था, पति मंटू चौधरी को परिजनों ने गम्भीर स्थिति में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया जहा पर डॉक्टरों ने ईलाज के बाद स्थिति गम्भीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एम एम सी एच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस गम्हरिया पहुच कर महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज घटना की छानबीन में जुट गई है।

## पीएम आवास योजना में आधार सीडिंग को लेकर पांडू बीडीओ सख्त



**पांडू, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में चल रहे पीएम आवास योजना में शेष बचे लोगों का आधार सीडिंग को लेकर पांडू बीडीओ राहुल उरांव ने सख्ती दिखाई है। कहा जिस किसी पंचायत में आधार सीडिंग का कार्य अभी भी अधूरा है उस पंचायत के संबंधित कर्मी स्वयं सेवक, पंचायत सेवक, एंव रोजगार सेवक, सभी कार्य में तेजी लाकर आधार सीडिंग का कार्य शुन्य करें अन्यथा बाध्य होकर संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी. पीएम आवास योजना के कार्य में हो रही देरी को लेकर भी काफी नाराजगी जाहिर की है। कहा पीएम आवास योजना के पैसा लेकर जिस लाभुक द्वारा कार्य को बंद रखा गया है वे तत्काल कार्य को प्रारंभ करते हुए आवास को पूर्ण करें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें. कार्य में लापरवाही बरतने वाले आवास लाभुकों को किसी भी कीमत में नहीं बख्शा जाएगा।

## हुटार में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुटार इलाको में अवैध शराब निर्माण को लेकर रामगढ़ थाना पुलिस ने चलाया विशेष अभियान। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के हुटार इलाको में अवैध शराब निर्माण को लेकर अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान में पुलिस टीम ने कई अवैध शराब भठियो को घ्वस्त किया वही पर जहां जमा किए गए अवैध जावा महुआ को भी नष्ट किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने ने बताया कि बढ़ती दुर्घटना को देखते हुए अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। शराब विक्रेता पकड़ में नही आए। पुलिस का वाहन देख शराब विक्रेता भागने लगे पीने वाले भी भाग खड़े हुए।इस दौरान लगभग 50 लीटर शराब को नष्ट कर दिया गया। शारीरिक दूरी का उल्लंघन किया जा रहा था विक्रेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और इस तरह की अभियान सदेव चलाया जाएगा।

## जीओ टावर से बैटरी चोरी करने वाले चोर पुलिस हिरासत में

**नौडीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के कुहकुह मे अवस्थित जीओ को टॉवर मे से बैटरी चोरी कर के बाइक पर सवार हो कर भाग रहे चोर मुकेश कुमार पिता रामपती चौधरी और कृष्णा बैठा पिता स्व मोहन बैठा ग्राम गुलाबझरी पंचायत लक्ष्मीपुर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। चोर अपने गाँव से बीते मंगलवार को रात्रि मे तिलक समारोह मे गए थे, और लौटने क्रम जीओ का टावर मे से बैटरी चोरी कर के अपराधी भागने लगे। तत्काल टावर मे कार्यरत कर्मी के द्वारा नौडीहा बाजार प्रभारी को सूचना दिया गया। सूचना के आधार पर तत्काल नौडीहा बाजार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व मे अपने दल बल के पीछा करते हुए मायापुर बिजली ग्रिड के समीप अपराधी को धर दबोचा। बैटरी सहित बाइक जिसका नंबर जेएच 03 डब्लू -9784 दोनों अपराधी को भी साथ मे थाना लाया गया।थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि हिरासत लेकर गंभीरता से पूछ्ताछ किया जा रहा है कि ऐसी घटना के अंजाम कई और भी दिए। समाचार लिखें जाने तक दोनों अपराधी को हिरासत मे रखा गया है।

## वृक्ष ही हमारे जीवन का प्रमुख आधार : कौशल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** वृक्ष है तो हमारा भविष्य है, वृक्ष के बिना जीवन अधूरा है उक्त बाते मंगलवार को को गुरुकुल विद्यालय ( पाटन मोड के समीप) में अयोजित पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के अवसर पर मुख्य अतिथि पलामू जिला के जाने - माने पर्यावरणविद कौशल किशोर जयसवाल ने कहा जयसवाल के द्वारा कार्यक्रम की शुरुवात की गई। सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई इस आयोजन के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम संपन्न कराए गए। वृक्षारोपण -कार्यक्रम, वन - राखी कार्यक्रम , विद्यालय के बच्चों द्वारा पर्यावरण जागरूकता से संबंधित नाटक एवं अभिनय ,अंग्रेजी एवं हिंदी भाषा में पर्यावरण से संबंधित कविताओं की प्रस्तुति, अंग्रेजी भाषा में पर्यावरण संबंधी विचार - विमर्श प्रतियोगिता जैसे अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर हमारे के मुख्य अतिथि ने कहा की वृक्ष हैं तो हमारा भविष्य है। वृक्ष ही हमारे जीवन का प्रमुख आधार हैं।



गुरुकुल विद्यालय के अध्यक्ष अनुज सिंह ने अपने विचारों को प्रकट करते हुए धारणीय विकास पर बल दिया। पर्यावरणीय असंतुलन पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा की पेड़ों से प्राकृतिक संसाधन प्राप्त होते हैं। उनकी पर्याप्त संख्या नहीं रहने से तापमान में वृद्धि हो रही है तथा समय पर वर्षा नहीं हो रही है। जिससे जलवायु असंतुलित हो रहा है। यदि हमें धरती को बचाना है तो पेड़ आवश्यक रूप से लगाना है। उन्होंने कोविड-19 के विषम परिस्थितियों तो याद करते हुए ऑक्सीजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। गुरुकुल स्कूल की प्रधानाध्यापिका सीमा श्रीवास्तव ने खुद को अभिव्यक्त करते हुए धरती को बचाने हेतु वृक्षों को लगाने पर बल दिया।उन्होंने कहा की पौधे पर्यावरण के श्रृंगार है, इससे पर्यावरण शुद्ध रहता और शुद्ध हवा मिलती है। अतः इस विषय को लेकर अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गुरुकुल विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंच संचालन का कार्य रूपेश सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिका सहेंद्र साव, कृष्ण कुमार पाठक, पवन मेहता, साकेत पांडे, नेहा कुमारी, प्रीति कुमारी, अभिलाषा कुमारी, संध्या कुमारी, अनुश्री कुमारी, अनु सिंह रजनी सिंह, विपिन सिंह, रानी कुमारी एवं प्रिंस कुमार सिंह साहित सैकड़ों छात्र मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र चैनपुर ने डेंगू से बचने के लिए निजी क्षेत्र का किया भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** राष्ट्रीय डेंगू दिवस 16 मई 2023 डेंगू को हराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चैनपुर परिसर में चिकित्सा पदाधिकरी डॉ राजेश केशरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय डेंगू को हराने के लिए चैनपुर के निजी एरिया में निरीक्षण किया गया। डॉ राजेश केशरी ने बताया की गर्मियों की शुरुआत में घर के आसपास मच्छरों की संख्या बढ़ने लगती है, जो कई वायरल बीमारियों का कारक बनता है। मानसून आते आते डेंगू के मच्छर पनपने लगते हैं। इस मौसम में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बैक्टीरियल और वायरल संक्रमण के साथ ही मच्छर जनित कई रोगों की शिकायत बढ़ जाती है। डेंगू के कारण हर साल अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। डेंगू एक जानलेवा बीमारी है, जिसके शुरुआती लक्षण



की पहचान न होने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। डेंगू किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है, लेकिन बच्चों में इसका असर तेजी से देखा जाता है। डेंगू में प्लेटलेट्स लगातार कम होने लगते हैं।हर साल डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी और इस बीमारी की गंभीरता को देखते हुए सरकार डेंगू के खिलाफ लोगों को जागरूक करती है। डेंगू से बचाव के उपाय, लक्षणों की पहचान कर सही इलाज के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सरकारी स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। हर साल राष्ट्रीय डेंगू दिवस 16 मई को मनाते हैं। इस दिन को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मनाया जाता है।

## ट्रेन की चपेट में आकर 50 वर्षीय पुलिस जवान की मौत



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के डीटीएस टोला में सोमवार की रात करीब 10:00 बजे मालगाड़ी की चपेट में आकर झारखंड पुलिस के जवान महेंद्र राम उम्र 50 वर्ष की मौत हो गई। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि सदर थाना क्षेत्र के सुआ निवासी जागू राम के पुत्र पुलिस जवान महेंद्र राम उम्र 50 वर्ष सोमवार की रात करीब 10:00 बजे शौच के लिए डीटीएस टोला रेलवे क्रासिंग के पास गए हुए थे। इसी बीच वह मालगाड़ी की चपेट में आ गए। जिसमें घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों के द्वारा घटना की जानकारी सदर थाना को दी गई घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया जाता है कि महेंद्र राम धनबाद जिले के सराय ढेला थाना में पदस्थापित थे। वह कुछ दिनों के लिए छुट्टी लेकर अपने घर आए हुए थे।

## अदिति ने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक की अर्जित

➲सफलता पर परिवार में हर्ष का माहौल इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बनाना चाहती है कैरियर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिशनपुर प्रखंड क्षेत्र के गांव गांव निवासी मनोज सिंह की पुत्री अदिति सिंह सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक अर्जित की है। अदिति की सफलता पर एक ओर जहां परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है, वहीं गांव घर व परिवार में भी हर्ष का माहौल कायम है। सबों के द्वारा एक एक ही शब्द कहा जा रहा है कि लड़कियां किसी से कम नहीं। अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों सहित मां कल्पना सिंह, पिता मनोज सिंह व दादा लक्ष्मी नारायण सिंह को दे रही है। जानकारी के अनुसार अदिति रेहला सीबीएसई पाठ्यक्रम पर आधारित आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल की छात्रा रही है। जहां योग्य शिक्षकों के निर्देशन में 10वीं की परीक्षा में 96



प्रतिशत अंक प्राप्त की है। वह अपनी आगे की पढ़ाई भी आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल से ही करना चाहेगी। अदिति ने कही कि सफलता उसके द्वारा की गई ईमानदारी पूर्वक मेहनत वह परिवार सहित शिक्षकों के कुशल नेतृत्व से प्राप्त हुआ है। आगे इनफॉरमेशन एंड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहेगी।

## धू-धू कर जला प्लास्टिक गोदाम, लाखो की संपत्ति हुआ खाक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** थाना क्षेत्र के चेचरिया स्थित अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय के पीछे विश्वनाथ वाटिका परिसर में भारत मोटर्स के संचालक रूपेश कुमार जयसवाल के गोदाम में सोमवार की देर शाम अचानक आग लग गई। आग लगने से गोदाम में रखी लाखों की संपत्ति धू-धू कर जलने लगा। आग के धुआं की लपेट आसमान में काले बादल की तरह उड़ने लगे। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग की लपटे काफी तेज हो गई और पूरे प्लास्टिक गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही घंटों में गोदाम में रखी गई प्लास्टिक पाइप जलकर नष्ट हो गया। आग इतनी भयानक थी कि धुआं बहुत दूर से ही स्पष्ट रूप से देख रहा था। वही धुआं की लपेट को देख आसपास के बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। घटनास्थल पर मौजूद पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना



स्थानीय थाने को दी। सूचना मिलते ही तुरंत अग्निशमन विभाग की टीम फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर घटनास्थल पहुंच गए। वही अग्निशमन टीम को कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि अभी तक आग लगने का स्पष्ट कारण मालूम नहीं हो सका है। आग इतनी भीषण थी कि दूर से ही इसके लपेटे दिखाई दे रही थी। जानकारी के अनुसार आग लगने से लगभग 5 लाख रुपए के पाइप जलकर नष्ट हो गए हैं।

**कैसे लगी आग, दुकान मालिक के अनुसार**

आग लगने का कारण पूछे जाने पर भारत मोटर्स के संचालक रूपेश कुमार जयसवाल ने बताया कि इस मामले में फिलहाल कुछ भी कह पाना जल्दी बाजी होगा। आग लगने का स्पष्ट कारण मालूम नहीं हो सका है। आसपास के लोगों के द्वारा आग लगने की जानकारी मिली। जिसके बाद घटनास्थल पहुंचकर देखा तो पाइप धू-धू कर जल रहा है। उन्होंने बताया कि गोदाम में रखा सारा प्लास्टिक का पाइप जलकर राख हो गया है। आग इतनी भयानक थी कि बिना अग्निशमन के आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। लेकिन पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के मदद से अग्निशमन विभाग को तत्काल सूचना देकर भेजा गया तब जाकर भीषण आग पर काबू पाया गया। रुपेश जायसवाल ने बताया कि आग लगी घटना में गोदाम में रखे सारा प्लास्टिक का पाइप जलकर राख हो गए हैं इस घटना में लगभग 5 लाख रुपए से अधिक की नुकसान हो गई है। बताते चलें कि आग लगी की घटना में गनीमत रहा कि दमकल की गाड़ी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर आग को किसी तरह से बुझाया। नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। क्योंकि प्लास्टिक के पाइप में आग लगने से आग अपना विकराल रूप ले लिया था। वही आसपास के घरों में भी घटना घटने की संभावना हो सकती थी।

## 20 वर्षीय ऋषि कुमार बीते 2 मई से है लापता



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के जमुआ ग्राम निवासी सुदामा राम का 20 वर्षीय पुत्र ऋषि कुमार विगत 2 मई से लापता है। ऋषि की माँ कलावती देवी ने थाना में आवेदन देकर ऋषि के लापता होने की जानकारी देते हुये सनहा दर्ज करायी है। थाना को दिये आवेदन में कहा गया है कि ऋषि विगत 2 मई को लगभग 10.30 बजे सुबह बिना किसी को कुछ बताये घर से निकला है। शाम को जब वह घर नही लौटा तो परिजनों ने उसका खोजबीन शुरू किया लेकिन कहीं उसका अता पता नही चला, तब थाना में आवेदन देकर उसे खोजने की गुहार लगाई है। लेकिन आज तक उसका अता पता नही है।

## डॉ. रामेश्वर उरांव ने विधायक मद से बने लकड़ा भवन को फीता काट कर किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के जमगाई पंचायत में मंगलवार को लोहरदगा विधायक सह वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने जमगाई में नौ लाख की लागत से विधायक मद से बने लकड़ा भवन का उद्घाटन फीता काट कर किया। साथ ही लकड़ा भवन में आदिवासी समाज का प्रतीक लकड़ा प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया। इस दौरान मंत्री ने जमगाई के करम आखड़ा में जेठ चाला जतरा का भी उद्घाटन किया। इससे पूर्व ग्रामीणों ने मंत्री रामेश्वर उरांव, निशीथ जायसवाल, डोमना उरांव सहित अतिथियों का स्वागत आदिवासी रीति-रिवाज के साथ ढोल नगाड़ों की थाप से किया। मौके पर विधायक सह खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र के विकास को लेकर संकल्पित है। राज्य के किसी भी जनता को परेशान नहीं




होने दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने लकड़ा भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि लकड़ा भवन के बन जाने से अब आदिवासी समाज के लोगों को किसी भी तरह के धार्मिक या अन्य कार्यो के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने पंडरिया से जमगाई, झारो से जमगाई कालीकरण पथ की जर्जरता को देख यथा-शीघ्र मरम्मत कराने, हर जरूरर मंद परिवार को राशन कार्ड बनाने, गांव में उत्पन्न पेयजल संकट को यथा-शीघ्र निदान कराने की बात कही है। मौके पर जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, निशीथ जायसवाल, पिंटू उरांव, मोहना उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण व कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

## नहीं रुक रहा कुडू में अवैध शराब का कारोबार

## भारी मात्रा में नकली शराब और पैकिंग के लिए रखे गए बोतल, ढक्कन बरामद शराब कारोबारी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू के रिहायशी इलाके बाज़ार टांड से उत्पाद विभाग की टीम ने शराब की बड़ी खेप के साथ रिफिलिंग के लिए रखी गयी खाली बोतल सहित अन्य सामान ज़ब्त किया है। उत्पाद विभाग रांची की की टीम के इंस्पेक्टर प्रेम प्रकाश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कुडू में बड़े पैमाने पर अवैध शराब की बड़ी खेप पहुंचने की गुप्त सुचना मिली थी। जिसके बाद उत्पाद आयुक्त के निर्देश पर रांची और लोहरदग़ा की एक संयुक्त टीम गठित की गई जिसमें प्रदीप करमाली, राजकुमार महतो, अमित गुप्ता, ललित सोरेन, आशीष पांडेय सहित रांची और लोहरदगा उत्पाद विभाग के लोग शामिल थे। टीम द्वारा मंगलवार 16 मइ की शाम कुडू के बाज़ार टांड में छापेमारी की गयी जहां कुडू बढहनिया निवासी अमर गुप्ता



31 पिता कृष्णा साव के बाउंड्री नुमा घर में रखे 68 पेटी ब्लैक हॉर्स विस्की,आरएस 180 एमएल का 59,इम्पेरियल ब्लू 72,मैकडोवेल 22 पीस के अलावा आरएस की खाली बोतल 13,आईबी की 36,तीन बोरा ढक्कन, बोतल में लगाने का स्टिकर सहित अन्य सामान बरामद किए गए है। और इसके सरगना को बढनिया स्थित घर से गिरफ्तार किया गया है। इंस्पेक्टर प्रेम प्रकाश ने बताया कि इसमे के और लोग भी शामिल है, पूरा गिरोह विभाग के रडार पर हैं। जल्द ही सभी गिरफ्तार किए जाएंगे। उन्होने बताया कि ब्लैक हॉर्स सस्ती शराब है जिसे ये गिरोह लोकल बाजार में चलने वाले ब्रांड की बोतलों में भरकर महंगे दामो में बेचा करता है। **बिहार में शराबबंदी के बाद से कुडू बन गया है शराब का हब :** ज्ञात हो कि 24 जून वर्ष 2020 को भी बढनिया में शंकर लोहरा के घर से कुडू पुलिस ने 1100 बोतल शराब, ओसी, आरएस, आईबी, किंग गोल्ड की छोटी बड़ी 3 हज़ार, ढक्कन 400, कंपनी का स्टीकर 200 पत्ता और सील 150 बरामद की थी। उसमें भी यही अमर गुप्ता जेल गया था। बताते चलें कि बिहार में शराबबंदी के बाद से कुडू के रास्ते झारखंड सीमा से लगे बिहार के क्षेत्र में अवैध शराब की खेप पहुंचाने का कारोबार लगातार फल फूल रहा है। कुडू प्रखंड पिछले कुछ वर्षो से अवैध शराब के कारोबार की खबरों में लगातार बना रहा है।

## जेएसएलपीएस के आजीविका कृषि सखी का किया गया समीक्षा बैठक

**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में जेएसएलपीएस के सभागार में आजीविका कृषि सखी का समीक्षात्मक बैठक किया गया इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुनील प्रसाद ने किया इस बैठक में निम्न विषयों जैसे खरीफ सीजन में लगने वाले फसल पर चर्चा किया गया और बीज की मांग सभी आजीविका कृषि सखी से लिया गया मरुआ खेती करने पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया गया। सहजन की खेती से ढेर सारे फायदे के बारे में बताया गया बताया गया कि सहजन में अंडा से 4 गुना ज्यादा प्रोटीन केला से 15 गुना ज्यादा पोटेशियम पालक में 25 गुना ज्यादा आयरन दूध से 17 गुना ज्यादा कैल्शियम गाजर से 10 गुना ज्यादा विटामिन पाया जाता है यह सारी चीजें बिरसा हरित बागवानी योजना के अंतर्गत फलदार पौधा लगाने पर जोर दिया गया एवं सखी मंडल दीदी जो समूह से जुड़कर छोटी-छोटी दिन लेकर आजीविका गतिविधि से जुड़कर लाभ ले रहे हैं और खुशहाल जीवन व्यतीत कर रही हैं इन सभी मुख्य बिंदुओं पर विशेष चर्चा किया गया इस बैठक में एफटीसी धर्मवीर कुमार, एल सी आर पी कलावती देवी, ए के एस निर्मला देवी, शांति देवी, नागमती देवी, संगीता देवी, रीना देवी, ममता देवी एवं सभी ए के एस उपस्थिति थीं।

## बाइक लूट कर अपराधी फरार

**रांची।** अनगड़ा थाना अन्तर्गत दिन दहाड़े अपराधियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। अनगड़ा के राजा डेरा चमघटी के पास एक युवक से उसकी बाइक लूट ली गई। पीड़ित युवक साजन पोटर लालगंज का रहनेवाला है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि साजन पोटर अपनी प्लसर बाइक से अपने मामा के घर सिल्ली जा रहा था। इसी क्रम में तीन अज्ञात अपराधी सिली की ओर से आ रहे थे। उन्होंने चमघटी के पास साजन पोटर को रुकने को कहा। साजन ने गाड़ी रोक दी। जिसके बाद वे लोग गाड़ी मांगने लगे। जब गाड़ी देने से इंकार किया तो चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसे पेट और हाथ में चोट लग गई। साजन को जख्मी कर अपराधी उसकी प्लसर बाइक रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 एफ3621 लेकर भाग निकले। घटना की खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल साजन को अनगड़ा सी एम सी में भर्ती कराया। वहीं पुलिस अपराधियों को खोजने में जुट गई है।

## थाना के सामने लगवाया नो पार्किंग का बोर्ड




**रांची।** शहर को जाम से निपटने व यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर डेलीमार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने मंगलवार को अपने डेली मार्केट थाना के सामने ÷नो पार्किंग÷ का बोर्ड लगावाकर जाम से निजाद दिलाने का एक नया प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि वाहन चालक जहाँ तहाँ बाइक, कार रिक्सा आदि खड़ा कर देते हैं, जिससे मेन रोड में जाम की स्थिति उतपन्न हो जाती है। इसी जाम से निपटने के लिए पेट्रोलिंग कर जाम हटवाया जाता है, बल्कि समय समय पर यातायात पुलिस की सहायता से जुर्माना भी वसूल किया जाता है। पर लोग है कि सुधरने का नाम ही नही लेते। कुछ लोग तो ऐसे भी है जो थाना के सामने ही बाइक, कार रिक्सा आदि लगकर जाम लगा देते है।

## जेएसएसयू का 60/40 नाय चलतो के छठे दिन मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**रांची :** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के प्रमुख देवेंद्र नाथ महतो के दिशा निर्देश पर 60/40 नाय चलतो विधायक/सांसद समर्थन अभियान के छठे दिन संथाल परगना जामताड़ा जेएसएसयू टीम के शांति गोपाल, राजेश हांसदा,सनातन टुडू, परकोम सोरेन,अजहर अंसारी, अराफाक आलम, अजमत अंसारी,वसीम अख्तर, मनोरंजन दास, सद्दाम हुसैन,मसूद अंसारी, शंकर शाहा, तापस समादार, सोमनाथ दत्ता, विकाश महतो के अलावा अन्य क्रांतिकारी साथियों ने संथाल परगना के सत्ता पक्ष के जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी को तथा हजारीबाग जे एस एस यू टीम के संजय महतो, मिथलेश कुमार, महेंद्र प्रसाद, अभिषेक मुंडा, सुबोध नायक, जितेंद्र,अशोक, पप्पू कुमार पांडेय, मुकेश, राजेश के अलावा अन्य क्रांतिकारी साथियों के सहयोग से सत्ता पक्ष के बड़कगांव विधायक अम्बा प्रसाद से लिखित समर्थन लिया गया।

## सक्रिय मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग करें : राजेश्वरी बी

**रांची :** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर ससमय योजनाओं को पूर्ण करवाने एवं ग्रामीणों को सीधा लाभ पहुंचाने को लेकर सभी जिलों के परियोजना पदाधिकारियों के साथ सर्ड सभागार में बैठक की। संचालित योजनाओं की जिलावार जानकारी ली। मनरेगा की प्रमुख योजनाओं बिरसा हरित ग्राम योजना, विकास योजना, आंगनबाड़ी योजनाओं के आवश्यक प्रगति लाने का निर्देश दिया, ताकि, ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजित किया जाए और योजनाओं का क्रियान्वयन बड़े पैमाने पर हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया जाएगा।

## पति की हत्या, पुलिस ने पत्नी को लिया हिरासत में

**रांची :** रातू थाना अंतर्गत गोविंद नगर में एक व्यक्ति की हत्या हो गई । इस घटना के बाद आसपास में सनसनी फैल गई । लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। बताया जा रहा है कि हत्या के आरोप में एक महिला को हिरासत में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि रातू थाना के अंतर्गत गोविंद नगर एक घर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी , इसकी सूचना पुलिस को दी गई । पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। शव की शिनाख्त राजकुमार साही के रूप में हुई है । उसके गले में चाकू के निशान हैं । संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि आपसी कलह के कारण उसकी हत्या हुई है । पुलिस शक के आधार पर राजकुमार साही की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### हेमंत सोरेन व उनके करीबियों को खनन पट्टा दिये जाने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई हुई

# खनन पट्टा मामले में सरकार ने दाखिल किया जवाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके करीबियों को खनन पट्टा दिये जाने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई हुई। इस मामले में राज्य सरकार ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। अब याचिकाकर्ता की ओर रिजाइंडर दाखिल करने के लिए समय मांगा गया है। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 16 जून की तिथि निर्धारित की है।

खनन पट्टा मामले में राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा। उन्होंने अपनी बहस में बताया कि सुप्रीम कोर्ट से ऐसी याचिका खारिज हो चुकी है। इस संबंध में हाई कोर्ट के अधिवक्ता और सूचना अधिकार कार्यकर्ता सुनील महतो ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है।


**हाई कोर्ट को सरकार ने सौंपी देवघर त्रिकुट हादसे की रिपोर्ट : रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को देवघर स्थित त्रिकुट पहाड़ में हादसे से तीन लोगों की मौत मामले में कोर्ट के स्वत÷ संज्ञान की सुनवाई हुई। मामले में राज सरकार ने कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल किया। कोर्ट को बताया गया त्रिकुट पर्वत पर रोपवे का संचालन करने वाली दामोदर रोपवे इंफास्ट्रक्चर लिमिटेड को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। उनसे पूछा गया है क्यों नहीं उनको काली सूची में डाल दिया जाए लेकिन अब तक सरकार के नोटिस का कोई जवाब नहीं आया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 11 जुलाई निर्धारित की है।पूर्व की सुनवाई में मामले में बीआईटी मेसरा व सिंफर की ओर से कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी गई थी। सिंफर की ओर से अधिवक्ता अभय प्रकाश ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि त्रिकुट पहाड़ पर रोप वे में अप्रैल, 2022 में एक दुर्घटना घटी थी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। इस पर कोर्ट में स्वत÷ संज्ञान लिया था।

## कांग्रेस नेता सुखदेव भगत के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की अदालत से मंगलवार को लोहरदगा के पूर्व विधायक और कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत को राहत मिली है।लोहरदगा के एक थाना में सुखदेव भगत के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।इस मामले में सुखदेव भगत ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। इसपर सुनवाई के दौरान अदालत ने उनके खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने पुलिस से सुखदेव भगत पर दर्ज सभी मामलों और उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी मांगी है। इसके अलावा जिस केस में अग्रिम जमानत मांगी गई है, उसकी केस डायरी भी अदालत ने तलब की है। सुखदेव भगत की ओर से अधिवक्ता रोहन मजूमदार ने हाई कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा।

## तारा शहदेव यौन उत्पीड़न मामले में झामुमो जिलाध्यक्ष ने दी गवाही

रांची। रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में मंगलवार को तारा शाहदेव यौन उत्पीड़न केस की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से सीबीआई कोर्ट में गवाही दर्ज हुई। कोर्ट में मुख्यमंत्री की ओर अधिकृत गवाह के तौर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम उपस्थित हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि इफ्तार पार्टी के लिए मुख्यमंत्री आवास से निमंत्रण पत्र जारी होता है। रंजित कोहली उर्फ रकीबुल हसन जो आमंत्रण पत्र दिखा रहा है। वह सही है। लेकिन मैं किसी रकीबुल हसन को नहीं जानता हूं। रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं।



अधिवक्ता मुमताज ने बताया कि मुख्यमंत्री आउट ऑफ स्टेशन है इसलिए उनके जगह पर अधिकृत रूप से जिला अध्यक्ष कोर्ट में प्रस्तुत हुए और गवाही दी।उल्लेखनीय है कि रंजीत कोहली और तारा शाहदेव की शादी सात जुलाई 2014 को हुई थी। शादी के बाद से ही मारपीट एवं उत्पीड़न की घटनाएं होने लगी थी। हाई कोर्ट के आदेश पर 2015 में सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई ने 22 मई 2017 को रंजीत सिंह कोहली सहित तीनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

## पेनक्रियाज कैंसर से पीड़ित दो मरीजों की हुई सफल सर्जरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कर्बला चौक स्थित अत्याधुनिक सुविधा युक्त होपवेल हॉस्पिटल में पेनक्रियाज कैंसर से पीड़ित दो मरीजों की सफल सर्जरी की गई। इस संबंध में होपवेल हॉस्पिटल के व्यवस्थापक व प्रख्यात सर्जन डॉ. शाहबाज आलम ने पत्रकारों को बताया कि खूंटी निवासी 60 वर्षीय महिला रिजवाना खातून और चान्हो निवासी लगभग 55 वर्षीय महिला नजमा खातून के पेनक्रियाज में बने ट्यूमर की सफल सर्जरी की गई। उन्होंने बताया कि लीवर ट्रांसप्लांट के बाद इस प्रकार का पेट का यह सबसे जटिल ऑपरेशन है। इसे व्हिपल सर्जरी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि खूंटी निवासी मरीज रिजवाना खातून पेट में दर्द की शिकायत लेकर आई थी। अपच, उल्टी और भूख न लगना आदि की समस्या से पीड़ित थीं। उनके परिजनों ने यहां संपर्क किया।

## सीएनजी ऑटो को 5000 परमिट देने का निर्णय लिया गया : सोनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के संस्थापक सह प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया है कि रांची में सीएनजी ऑटो का रजिस्ट्रेशन धड़ल्ले से किया जा रहा है। परंतु मात्र परमिट नहीं रहने के कारण ऑटो चालक मालिकों को सीएनजी ऑटो को परमिट अभियान के डर से अपना सीएनजी ऑटो का परिचालन करने में काफी दिक्कत हो रहा है। महासंघ के सभी पदाधिकारी एवं ऑटो चालक मालिक आए दिन परमिट मामले को लेकर धरना प्रदर्शन भी महासंघ द्वारा हो रहे हैं, जबकि 17 अप्रैल 2023 को झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के द्वारा बिरसा चौक के निकट एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से परिवहन सचिव एफएफपी बिल्डिंग धुर्वा रांची को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था 19 अप्रैल 2023 को मुख्यमंत्री को भी परमिट संबंधित मामला पर का भी ज्ञापन सौंपा गया था । महासंघ औरऑटो चालक मालिकों का आंदोलन का उपलब्ध एवं जिला प्रशासन के प्रयास एवं अच्छा पहल पर सीएनजी ऑटो को और 5000 परमिट देने का निर्णय जिला प्रशासन द्वारा जो लिया जा रहा है, वाह महासंघ के लिए सराहनीय है और ऑटो मालिकों के लिए खुशखबरी भी है ।

## करमा उरांव को याद कर भावुक हुआ रांची विश्वविद्यालय परिवार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** डॉक्टर करमा उरांव को याद कर रांची विश्वविद्यालय परिवार मंगलवार को भावुक हो गया। विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में स्व. करमा उरांव की याद में शोक सभा का आयोजन किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखा गया। उल्लेखनीय है कि गत 14 मई को रांची विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. करमा उरांव का निधन हो गया। कुलसचिव आरयू डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता ने डॉ. करमा उरांव की जीवनी और रांची विश्वविद्यालय में उनके योगदान की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि उनका जाना रांची विश्वविद्यालय ही नहीं झारखंड के लिये भी बहुत बड़ी क्षति है। खराब स्वास्थ्य के बाद भी वह काम के प्रति बहुत ज्यादा समर्पित रहते थे। उनमें बेहतरीन नेतृत्व क्षमता थी। उन्होंने 25 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में विदेशों में जाकर झारखंड और देश का प्रतिनिधित्व किया। झारखंड को पहचान दिलायी। एक ऐसे संवेदनशील शिक्षाविद् और आत्मीय व्यक्ति के जाने से हम सभी बहुत आहत हैं। हम सभी प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे। शोक सभा में रांची विश्वविद्यालय के सभी विभागों के हेड, संकायाध्यक्ष, प्राध्यापक, वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हुये। सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शोक सभा के बाद रांची विश्वविद्यालय में सभी प्रकार के कार्य बंद कर दिये गये।

## राशन डीलर की सुविधा के लिए पॉश मशीन को 4जी में करने का प्रयास जारी

**रांची।** झारखण्ड राज्य लक्षित जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार साहू एवं प्रदेश महा सचिव नृपेंद्र कृष्ण महतो ने खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री एवं विभागीय सचिव से मुलकात की। उन्हें पीडीएस डीलरों के सात सूत्री मांगों से सम्बंधित मांग पत्र सौपा और उनसे इस मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए गरीब दुकानदारों के समस्याओं की सम्मानजनक विचार करने का अनुरोध किया। साथ ही अनुकम्पा के आधार पर अनुज्ञप्ति निर्गत करने, उम्र सीमा समाप्त करने के साथ साथ पूर्व की तरह अनुकम्पा व्यवस्था बहाल किया जाय। प्रति माह 40,000 रुपये मानदेय भुगतान करने पर जोर दिया गया। इस पर मंत्री ने कहा की राशन दुकानदारों के लिए ऑनलाइन वितरण व्यवस्था बहाल की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही ऑफलाइन वितरण व्यवस्था बंद होगी। पॉश मशीन में 4जी की भी व्यवथा हो रही है। बकाया कमीशन भुगतान एवं जुट बोरी का बकाया राशि का भी व्यवस्था ही गयी है। जहा तक 40,000 रुपये मानदेय का सवाल है उसके लिए मंत्रिपरिषद के साथ साथ विधि विभाग से बात करने के बाद अंतिम निर्णय दुकानदारों के हित में ली जाएगी।

# अमन श्रीवास्तव मुंबई से गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हत्या,आतंक का पर्याय संगठित अंतरराज्यीय अपराधिक गिरोह का सरगना अमन श्रीवास्तव की गिरफ्तारी को लेकर झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि एटीएस झारखंड एवं मुंबई एटीएस के संयुक्त कार्रवाई के बाद मुंबई के वासी रेलवे स्टेशन के पास से अमन श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से नगद 50 हजार रुपए और कुछ मोबाइल भी बरामद किया गया है । डीजीपी ने आगे बताया कि एटीएस की टीम बुधवार को अमन श्रीवास्तव को लेकर फ्लाइट से रांची आयेगी।

**23 जघन्य अपराध के मामले दर्ज :** डीजीपी ने कहा कि अमन श्रीवास्तव पर करीब 23 जघन्य अपराध के मामले दर्ज किए गए हैं। कैसे बना अमन से अमन श्रीवास्तव बता दें कि 2 जून 2015 को हजारीबाग कोर्ट परिसर में सुशील श्रीवास्तव की हत्या एके-47 से कर दी गई थी। इसके बाद बड़े बेटे अमन श्रीवास्तव ने गिरोह की कमान संभाल ली थी। सहयोग दिया बोकारो जेल में बंद अमरेंद्र तिवारी और रामगढ़ का लखन साव ने। अमन के इशारे पर 26 अक्तूबर 2016 को किशोर पांडेय के पिता कामेश्वर पांडेय की हत्या पतरातू में कर दी गयी थी। अपराध से दूर रहनेवाले कामेश्वर पांडेय की हत्या के बाद एक शूटर को भीड़ ने पीट-पीट कर मार डाला था। हत्याकांड के बाद अमन श्रीवास्तव ने इस वारदात को अंजाम दिलवाने की बात खुद कबूली थी। श्रीवास्तव गैंग और पांडेय गिरोह में वर्चस्व की लड़ाई लंबे समय से चल रहा है। दोनों गिरोहों के सरगना सुशील श्रीवास्तव और भोला पांडेय ही है।



### पुलिस हिरासत में हत्या

बात दें कि भोला पांडेय और सुशील श्रीवास्तव जब दोनों पुलिस की हिरासत में थे, तभी घटना को अंजाम दिया गया था। किशोर पांडेय की हत्या भी तब की गयी, जब वह एक पुलिस अफसर से मिल कर घर जा रहा था। किशोर की हत्या के बाद जहां विकास तिवारी पांडेय गिरोह का हेड बन गया, वहीं सुशील श्रीवास्तव की हत्या के बाद उसका बेटा अमन श्रीवास्तव गिरोह का सरगना बना है। वहीं एडीजी लॉ एंड ऑर्डर संजय आनंद लठकर ने कहा कि हम लोगों को जैसे सूचना मिली कि अमन श्रीवास्तव महाराष्ट्र में कहीं है , तो हम लोग मुंबई पहुंचे और 4 दिनों तक वहीं रहे फिर उसकी तस्वीर मंगाई गई और इस दौरान अमन का मोबाइल स्विच ऑफ बताया, लेकिन किसी तरह से हम लोग उस तक पहुंचे और उसकी गिरफ्तारी की । वहीं एटीएस एसपी सुरेंद्र झा ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र में जितने भी अपराधियों की ग्रुप है सभी गैंग के सरगना को पकड़ा जाएगा और जो इधर-उधर भाग रहे हैं इससे वह बच नहीं सकेगा सभी की गिरफ्तारी होगी यह निश्चिंत है।

### समर कैम्प में कई गतिविधियों का संचालन शुरू हो चुका है

# चिरंजीवी स्कूल समर कैंप में बच्चों ने की मस्ती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** मोरहाबादी में स्थित चिरंजीवी स्कूल के प्रांगण में ग्रीष्म अवकाश के दौरान चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। 16 मई से 19 मई तक आयोजित इस समर कैम्प में कई गतिविधियों का संचालन शुरू हो चुका है। सुबह 7÷00 से 12÷00 बजे तक 3 से 10 आयु वर्ग के बच्चे इस समर कैंप में हिस्सा ले रहे हैं। कैंप के दौरान बच्चों के लिए फ्रूट्स, लंच और ड्रिंक की व्यवस्था की गई है। स्पेशल अट्रैक्शन डे इस समर कैंप कार्यक्रम का उद्घाटन डायरेक्टर डॉ माया कुमार, प्रिंसिपल डॉ अर्चना सिन्हा, डॉ मित्रा पांडे की मौजूदगी में स्पेशल अट्रैक्शन डे के साथ हुई।



कैंप के पहले दिन मैजिक शो का आयोजन किया गया। जहां बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कई गतिविधियों का आयोजन इस कैंप में योगा मेडिटेशन, कराटे, डांस, म्यूजिक, इंडोर- आउटडोर गेम्स, फायर लेस कुकिंग जैसे गतिविधि संचालित होगी। टैलेंट हंट, फैशन शो, ड्राइंग, पेंटिंग, पोयम राइटिंग, वर्ड मेकिंग, क्विज कंपटीशन, एक्स टेंपोर जैसे गतिविधियों में प्रतिस्पर्धा भी आयोजित होगी।

# डीएवी आलोक में नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** डीएवी आलोक पुनदाग में लाइफ केयर अस्पताल की ओर से दो दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया था। इस दो दिवसीय शिविर में डीएवी आलोक के करीब 200 से अधिक छात्रों ने अपना नेत्र जांच करवाया । मौके पर लाइफ केयर अस्पताल की नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर हेमलता अपनी टीम के साथ उपस्थित रहीं।

डा हेमलता ने बताया कि आंख से संबंधित सभी तरह की जांच की गई । उन्हें कई तरह की जानकारी दी गई । साथ ही हरी सब्जी और फल फरूट खाने के लिए बताया गया । मोबाइल टीवी से दूर रहने की चेतावनी दी गई ।



आगे उन्होंने बताया कि खासकर बच्चे पढ़ाई के दौरान मोबाइल का उपयोग अधिक करते हैं,जो आंखों के लिए बहुत ही खतरनाक है। माता-पिता को चाहिए कि अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखें । बहुत ज्यादा जरूरी है, तभी पढ़ाई के संबंधित कार्य करने की अनुमति दें । इसके अलावा खानपान पर ध्यान देना बेहद जरूरी है।

## हज यात्री अब कोलकाता से भरेंगे उड़ान

**रांची :** झारखंड के हज यात्रियों के लिए आखिर हज के लिए कोलकाता एयरपोर्ट से ही उड़ान भरना होगा । हज कमिटी ऑफ इंडिया की तरफ से सूचना जारी कर दी गई है। बता दें कि तीन दिन पहले ही प्रभात मंत्र में अपनी विशेष रिपोर्ट से यह संदेह जता दिया था कि इस बार भी झारखंड वासियों को हज के लिए इंबोरकेशन रांची नहीं बल्कि कोलकाता होगा। इसके बाद भी जामताड़ा विधायक सह झारखंड हज कमेटी के अध्यक्ष अंसारी लगातार झारखंड के हाजियों आश्वासन देते रहे कि वह रांची से इंबोरकेशन से ही भेजने के लिए व्यवस्था करेंगे, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो सका।

# एक दिवसीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जरिया पंचायत भवन सभागार में फिया फाउंडेशन के द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन। जरिया एवं बकसपुर पंचायत के आंगनवाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, एवं जलसाहियाओं के बीच एकीकृत बाल विकास योजना, से मिलने वाली गर्भवती, धात्री, 0 - 6 वर्ष के बच्चे को मिलने वाली सभी सेवाएं, सरकार के द्वारा चलाये जा रहे मातृत्व एवं शिशु को मिलने वाली विभिन्न प्रकार के योजनाओं, लू से बचने का उपाय, लू के लक्षण, निशुल्क स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर 104, निशुल्क एंबुलेंस सेवाएं नंबर 108, संस्थागत प्रसव के लाभ, उपस्थित बच्चे को स्त्र्रष्ट रेफरल सेवाएं, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना स्वास्थ्य से होने वाली परिवार पर प्रभाव के बारे में फिया के मास्टर ट्रेनर हरेंद्र लोहरा, पूनम हस्सा, पूर्णिमा कच्छप एवं फूलमानी बरहा के द्वारा जानकारी दिया गया। इस प्रशिक्षण में जरिया एवं बकसपुर पंचायत के मुखिया,पंचायत सचिव, ए एन एम, सभी आंगनबाड़ी सेविका, सभी स्वास्थ्य सहिया, सभी जलसहिया की उपस्थिति थी।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** मुख्यालय स्थित डाक बंगला में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति कर्रा का एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज की अध्यक्षता में की गयी. बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड में चल रहे विकास कार्य पर चर्चा, किसानों की समस्या उन्हें मिलने वाले सूखा राहत की राशि और पीएम किसान की राशि पर चर्चा, एवं भूमि सुधार के मामले में लंबित पड़े समस्याओं पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही प्रखंड में 5000 सदस्य बनाने के लक्ष्य को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा सदस्यता रशीद देकर सदस्यता अभियान की शुरुआत की गयी कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्र में सदस्यता बनाने की जिम्मेवारी दी गयी. मौके पर केंद्र सदस्य सह बीस सूत्री अध्यक्ष मकसूद अंसारी क्रीडा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुशील पहन राजन मुंडा उर्फ राजेंद्र मुंडा, विनोद उरांव, राहुल केसरी, जयपाल मुंडा, महादेव मुंडा, शोषण होरो, नामजन होरो, हरीश मुंडा, रुपेश कंडुलना, अमित धान, मंगल होरो, चंदा उरांव श्रीकांत मिंज के अलावे अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बीडीओ ने किया लैम्पस अध्यक्षों के साथ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड के सभी लैम्पस अध्यक्षों के साथ बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने बैठक किया। प्रखंड में कुल 17 लैम्पस में से हरिहरपुर जामटोली, खुखरा, डोरंडा, ईटा पंचायत के पास अपना गोदाम है बाकी के पास अपना गोदाम नहीं है। 17 लैम्पस से 3280 किसान सदस्य जुड़े हुए हैं। लैम्पस अपने निबंधित किसानों के बीच खाद-बीज का सब्सिडाइज्ड दरों पर वितरण करती है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लैम्पस से अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने, सक्रिय रूप से काम करने और हर महीने बैठक करने का आग्रह किया।

बैठक में लैम्पस अध्यक्षों ने कार्यशील पुंजी बढ़ाने और जिन अध्यक्षों को कार्यशील पुंजी नहीं मिला है उन्हें भी आच्छादित करने का आग्रह किया गया। किसानों से क्रय किये गये धान का उठाव कराने, जिन पंचायतों में लैम्पस गोदाम नहीं बने हैं वहां गोदाम बनाने और प्रखंड मुख्यालय में लैम्पस गोदाम के लिए अंचल कार्यालय द्वारा जल्द भूमि आवंटन कराने का आग्रह किया गया।

# मुरी में फल फुल रहा अवैध लॉटरी का कारोबार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** मुरी सिल्ली क्षेत्र में इन दिनों चोरी-छिपे लॉटरी का धंधा अवैध रूप से फल फूल रहा है। झारखंड बॉर्डर से सटे पश्चिम बंगाल तुलिन से लॉटरी लाकर मुरी सिल्ली क्षेत्र में खुलेआम लॉटरी बेचा जा रहा है। इस गोरखधंधे के जरिए लोगों को मालामाल करने का लालच दिया जाता है। सबसे ज्यादा असर युवा वर्ग को हो रहा है उनका भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है। पढ़ाई लिखाई छोड़ कर चंद मिनटों में करोड़पति बनने का चक्कर में लगे रहते हैं। भोले भाले लोगों को इस कारोबार में फसाया जाता है। भोले भाले लोगों को चंद मिनटों में करोड़पति बनने के लालच में लोग लॉटरी की खरीदारी कर रहे हैं। लॉटरी का धंधा करने वाले कारोबारी खुद करोड़पति बन चुके हैं । इससे न केवल सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। जबकि लॉटरी खरीदने वाले लोग मेहनत की गाढ़ी कमाई गवा रहे हैं। लॉटरी खरीदने वाले गरीब लोग खासकर फुटपाथ दुकानदार, रिक्शा चालक इन लॉटरी बेचने वाले के कारोबारियों की जाल में आसानी से फंस जाते हैं। लॉटरी का धंधा दिन प्रतिदिन होने के बावजूद कारोबारी बेखौफ है। सुबह होते ही झारखंड बॉर्डर से सटे तुलिन से खरीद कर चौराहों पर अवैध लॉटरी बिक्री करते हुए नजर आते हैं । लेकिन पुलिस प्रशासन का इस और ध्यान नहीं जा रहा है।

# ट्रेन से गिरकर युवक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** मुरी रामगढ़ रेलखंड के उरंगगढ़ा पुल के समीप सोमवार को एक युवक ट्रेन से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया! उसी रास्ते से आ रहे गांव के एक युवक ने घायल को देखा जिसकी सुचना मुरी ओपी एवं राजकिय रेल थाना को दिया गया! पुलिस घटना स्थल पहुँच कर घायल को इलाज के लिए सिल्ली सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया! सिल्ली अस्पताल के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया एवं पुलिस ने इसकी जानकारी घायल के परिजनों को दिया परिजन भी ससमय पहुंचे! एवं घायल का नाम सुमीत कुमार बताया और इन्द्रपुरी रांची के रहने वाले है! घायल के पास रेल टिकट भी मिला जो बनारस से रांची का था ।

# आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति नामकुम प्रखंड के द्वारा 16.5 .2023 को रामपुर गडके में एक बैठक किया गया । जिसमें रिंग रोड रामपुर गडके चौक में भगवान बिरसा मुंडा का आदमकद मूर्ति एवं 9जून को पत्थर गडी के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया और स्मारक कमिटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से प्रकाश लकड़ा को अध्यक्ष, कार्यकारणी अध्यक्ष प्रदीप तिकी, सचिव नन्हे कच्छप, उपाध्यक्ष चामू बेग, रोजलीन तिकी टिफील सांगा, कोषाध्यक्ष प्रदीप लकड़ा एवं वाल्टर टोपो, सदस्य अनिल लकड़ा, उत्तम गोप, शान्ति लकड़ा,मदन टोपो,सोमरा स्वासी, मुकेश माहतो,रामू कच्छप,सवीर मुंडा,लेगो कच्छप,करमू मुंडा, सुशीला भूटकुमार को बताया गया है। संरक्षक मंडली-आशा कच्छप प्रमुख नामकुम प्रखंड, रामावतार केरकेट्टा जिला परिषद सदस्य, बिपिन टोपो जिला परिषद सदस्य, लक्ष्मण लकड़ा ग्राम प्रधान, सुनील लकड़ा ग्राम प्रधान,मदन टुटी समाजसेवी, मरियम लकड़ा समाजसेवी,अमर माहतो समाजसेवी,माधो कच्छप विधायक प्रतिनिधि, लक्ष्मी कुमारी मुखिया सिदरौल पंचायत ।

# काम के दौरान गिरने से हिंडालको कर्मी गंभीर रूप से घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** मुरी हिंडालको कंपनी में काम के दौरान गिरने से एक हिंडालको कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रांची भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक हिंडालको कर्मी बसारुली निवासी राजेंद्र महली अपने बी शिफ्ट ड्यूटी के क्रम में लगभग 2 बजे अपने सहयोगी के साथ पावर प्लांट के वाटर कूलिंग टावर के समीप ऊपर पाइप लाइन का काम कर रहे थे। इसी दौरान गिरने से गंभीर रूप से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन उन्हें सिंगपुर नर्सिंग होम ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया। घायल हिंडालको कर्मी के पुत्र दीपक महली ने बताया कि पिता के दुर्घटना के तुरंत बाद कंपनी के सुचना पर हम लोग सिंगपुर नर्सिंग होम पहुंचे। जहां से बेहतर इलाज के लिए पिताजी को राँची ले आए जहां स्थिति अभी ठीक है ।

# अड़की पुलिस ने दो दिन के अंदर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया



**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र से अड़की पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया ज्ञात हो कि विभिन्न मामलों में वांछित फरारियों वारंटियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु खुंटी पुलिस अधीक्षक अमन कुमार अड़की थाना प्रभारी इकबाल हुसैन के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया है जो लागातार दुसरे दिन त्वरित कार्रवाई करते हुए अड़की थाना कांड संख्या 02/2006 दिनांक 06/01/2004 धारा 395/412 के अभियुक्त अड़की थाना क्षेत्र के तुबिद गांव के दसाय मुंडा (पिता - स्व. मोसो मुंडा उर्फ सुखराम मुंडा) और तमाड़ थाना कांड संख्या 13/2004 धारा -395 के अभियुक्त अड़की थाना क्षेत्र के इंदीपीड़ी गांव के गोंडा मुंडा (पिता- स्व.चमरू मुंडा) को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व भी डोरेया से लखन मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है इस तरह से दो दिनों के अंदर अड़की पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर तीसरी सफलता अर्जित की है।

# अरगड्डा एरिया में जनता मजदूर संघ को प्रभावी बनाने को लेकर डकरा गेस्ट हाउस में मंथन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल के अरगड्डा एरिया में जनता मजदूर संघ की कमेटी को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को संघ की एक बैठक डकरा गेस्ट हाउस में हुई.इस बैठक में अरगड्डा में काम कर रहे संघ के पदाधिकारी सहित दूसरे अन्य संगठनों के नेता और कार्यकर्ता भी शामिल हुए.सभी ने संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम के नेतृत्व में एक टीम बनाकर काम करने की इच्छा जताई.सीसीएल अध्यक्ष सह जेसीएससी सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने अपनी अध्यक्षता में बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संघ बीसीसीएल के तरह सीसीएल में भी एक बड़े उद्देश्य के साथ काम कर रही है.बाद में उन्होंने जानकारी दी कि प्रत्येक एरिया में समीक्षात्मक बैठक किया जाना है और संबंधित एरिया की स्थिति और संभावनाओं पर काम करना है. अरगड्डा एरिया में कमेटी का पुर्नगठन किया जाना है इसलिए आज डकरा में वहां की वर्तमान स्थिति और संभावना पर बात कर एक रिपोर्ट तैयार किया गया है.संचालन रविंद्र नाथ सिंह और धन्यवाद ज्ञापन जवाहर यादव ने किया.इस अवसर पर गोल्टेन प्रसाद यादव,डीपी सिंह, सेतुबांध सिंह, अजय चौहान, अरगड्डा से अवधेश उपाधयाय, जयप्रकाश यादव, विजय राम, अरविन्द उपाध्याय,रीत कपूर आदि मौजूद थे.

# लुटेरों ने चाकू से हमला कर युवक से लुटी बाईक

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तीन अज्ञात लुटेरों ने अनगड़ा थाना क्षेत्र केचमघटी पुल के पास मंगलवार की सुबह साढ़े नौ बजे के करीब सिल्ली निवासी साजन पोददार की सफ़ेद रंग की 200 सीसी की पलसर बाइक जे एच 01 एफए 3621 व मोबाइल फोन लूट लिया । लूट का विरोध करने पर साजन को चाकू मारकर घायल कर दिया । फिलहाल साजन का इलाज सीएचसी अनगड़ा मे चल रहा है । साजन सिल्ली स्थित बजाज बाईक के ऑटो मार्ट शोरूम मे का कर्मचारी है । सुबह मे साजन अपने एक रिस्तेदार लालगंज खेलगांव थाना के यहाँ से बाईक पर सवार हो कर सिल्ली जा रहा था ।बाईक सिल्ली थाना क्षेत्र के मेदनी निवासी लोकनाथ मांझी की है । लालगंज आने के लिए उसने लोकनाथ से बाईक मांगी थी ।सुबह साढ़े नौ बजे के करीब चमघटी पुल के पास साजन के पहुंचते के पहुंचते ही जोन्हा से अनगड़ा की और आ रहे बाईक सवार तीन लुटेरों ने साजन को रुकवा लिया और बाईक लुटकर ले जाने लगे ।

## Jharkhand Urja Utpadan Nigam Limited.

(CIN: U40108JH2013SGC001703)
Office of the Project Manager, SRHP Sikidiri,
AT & P.O. --SIKIDIRI ( PIN Code: 835219) DISTRICT- RANCHI, Jharkhand
E-mail ID :- srhp.sikidri@gmail.com Mob. No. :- 9431707312

**EMERGENT SHORT TENDER NOTICE**

Sealed Tenders are invited by Office of Project Manager, SRHP, Sikidiri on behalf of Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd. under Single Stage Single Bid Single Envelope System i.e. Technical Bid and Financial Bid from reputed, experienced and financially sound companies / agencies / firms for the following works on the terms and conditions mentioned in the tender document, the details of which are as below:

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Earnest Money Deposit | Cost of Tender Document (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11/PR/JUUNL/2023-24 | Construction of Temporary Barrier at PC -I & related works. | ` 1,450 /- | ` 500 /- |
| 2 | 12/PR/JUUNL/2023-24 | Special cleaning of PH-I during annual shutdown maintenance. | ` 1,050 /- | ` 500 /- |
| 3 | 13/PR/JUUNL/2023-24 | Special cleaning of PH-II and Construction of Temporary Barrier at PC -IV. | ` 2,450 /- | ` 500 /- |

| | |
|---|---|
| End Date and Time of sale of BOQ | 23.05.2023 Up to 04.00 PM |
| End Date and time of Submission of BID | 24.05.2023 Up to 03.00 PM |
| Date and time of Opening of Bids | 24.05.2023 Up to 04.00 PM |
| Work Officer address for communication | Project Manager, SRHP, Sikidiri -835219 |
| Contact No. | 9431707312 |

- Tender documents with detailed terms and conditions may be obtained from office of the Project Manager, SRHP, Sikidiri in working hours after depositing cost of BOQ on any working day.
- Cost of tender Document (Cash or DD) and EMD shall be in shape of Demand Draft issued by any Nationalized / Scheduled Bank in favour of Account Officer, Subernarekha Hydel Project, Sikidiri, Payable at Ranchi.
- Tender must be accompanied with earnest Money, Tender technical & Price Part. Tender without Earnest Money shall not be considered.
- No postal transaction for the purchase / submission of tender documents shall be entertained.
- The undersigned reserves the right to issue, extend the date of sale / submission / opening tender/distribute the works among the tenders or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.
- For any clarification please contact phone no. **9431707312** during office hours.
- The tender will be submitted in the office of the Project Manager, SRHP, Sikidiri.
- **Other terms and conditions of Tender is available on this office Notice Board.**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**Sd/-**
**Project Manager**
**SRHP, Sikidiri**

PR 297498 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd (23-24)_D

## जिला स्तरीय कार्यालय
## झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
## राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर गोला रोड़, रामगढ़ कैंट

ई मेल :- ssa_ramgarh@rediffmail.com
फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133,

**आवश्यक सूचना**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालय के प्रवेश कक्षा में शैक्षणिक सत्र 2023–24 में अभिवंचित एवं कमजोर वर्ग के न्यूनतम 25 प्रतिशत बच्चों का नामांकन लिया जाना है। नामांकन हेतु विद्यालयवार रिक्त सीटों की विवरणी निम्नवत है–

| क्र० सं० | प्रखण्ड का नाम | निजी विद्यालय का नाम | RTE 2009 के तहत नामांकन हेतु उपलब्ध कुल सीट | RTE 2009 के तहत अबतक नामांकित छात्र–छात्राओं की संख्या | नामांकन हेतु कुल रिक्त सीट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चितरपुर | सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट | 10 | 8 | 2 |
| 2 | माण्डू | हॉली क्रॉस स्कूल घाटोटॉड़ | 10 | 2 | 8 |
| 3 | माण्डू | डी०ए०भी० सीनियर सेकेण्डरी पब्लिक स्कूल आरा कुजू | 12 | 8 | 4 |
| 4 | माण्डू | बाल विद्या मंदिर आरा कुजू | 5 | 1 | 4 |
| 5 | माण्डू | टाटा डी०ए०भी० पब्लिक स्कूल वेस्ट बोकारो घाटोटॉड़ | 6 | 1 | 5 |
| 6 | माण्डू | डी०ए०भी० पब्लिक स्कूल केदला | 3 | 2 | 1 |
| 7 | माण्डू | सरस्वती विद्या मंदिर कुन्दरिया | 5 | 0 | 5 |
| 8 | माण्डू | डी०ए०भी० पब्लिक स्कूल तोपा कोलियरी, सारूबेड़ा | 5 | 2 | 3 |
| 9 | पतरातू | ओ०पी० जिंदल स्कूल पतरातू | 9 | 1 | 8 |
| 10 | पतरातू | पतरातू स्कूल ऑफ इकॉनोमिक्स पी.टी.पी.एस. | 8 | 3 | 5 |
| 11 | पतरातू | सरस्वती शिशु मंदिर पतरातू थर्मल | 8 | 0 | 8 |
| 12 | पतरातू | डी०ए०भी० पब्लिक स्कूल पी.टी.पी.एस. पतरातू | 5 | 0 | 5 |
| 13 | पतरातू | श्री अग्रसेन पटेलनगर भुरकुण्डा | 10 | 2 | 8 |
| 14 | पतरातू | डी०ए०भी० पब्लिक स्कूल सी.सी.एल. एन.टी.एस. बड़काकाना | 20 | 2 | 18 |
| 15 | रामगढ़ | श्री कृष्णा विद्या मंदिर विकास नगर रामगढ़ कैंट | 10 | 7 | 3 |

आवेदन पत्र संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड संसाधन केन्द्र से प्राप्त किया जा सकता है। योग्य आवेदक भरे हुए आवेदन की एक प्रति संबंधित विद्यालय में तथा एक प्रति संबंधित प्रखण्ड संसाधन केन्द्र में दिनांक–23.05.2023 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

बस्ती–बस्ती, गाँव–गाँव, में ये माहौल बनाना है,
घर–घर में शिक्षा का दीप जलाना है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान रामगढ

PR 297478 (District)23-24*D

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय- उप कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण)
## उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग

**सामयिक सूचना अंक – 02/वर्ष 2023 – 24**
**मूँग के प्रमुख रोग एवं कीट और उनका प्रबंधन**

प्रिय किसान,

ग्रीष्म ऋतु में उगाई जाने वाली दलहनी फसलों में मूँग एक प्रमूख फसल है। फसलों में कीटों एवं रोगों से क्षति ज्यादा होती है। अतः इसकी ससमय देख – रेख करने की आवश्यकता है।

बीज उपचार :– क्षेत्र विशेष के अनुसार चयनित बीज को 2.5 ग्राम कार्बेन्डाजिम या 8 ग्राम ट्राईकोडरमा प्रति किलो ग्राम बीज की दर से उपचारित करें। रस चूसक कीटों से सुरक्षा के लिए 5 मि0 ली0 इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. कीटनाशी रसायन से प्रति किलोग्राम बीज का उपचार करना चाहिए। मूँग फसल की अधिक पैदावार के लिए 600 ग्राम राइजोबियम से 25 – 30 किलोग्राम बीज का उपचार करना चाहिए। मूँग की फसलों को नुकसान पहुचाने वाले कीट जैसे, सफेद मक्खी, फली छेदक और ब्लीस्टर बीटल प्रमुख है। रोगों में पीलिया

**मूँग के प्रमुख रोग एवं प्रबंधन**

I. एन्थ्रैक्नोज रोग :– इस रोग से सक्रमित भाग पर अनियमित आकार के भूरे धब्बे लालिमा लिए हुए दिखाई देते है जो कुछ समय बाद गहरे रंग के हो जाते है। इस रोग का प्रभाव बीज पत्र, पत्ती, तना एवं फलियों पर होता है।

- प्रबंधन :– इस रोग से बचाव के लिए 2 ग्राम कवच ( क्लोरोथैलोनिल ) या कार्बेन्डाजिम से प्रति किलोग्राम की दर से बीजोपचार कर लेना चाहिए।

II. सर्कोस्पोरा पत्ती धब्बा रोग :– यह रोग छोटे – छोट धब्बों के रूप में पत्ती के ऊपरी सतह पर बनते है। ये धब्बे हल्के भूरे रंग के होते हैं तथा इनका किनारा लाल भूरा रंग लिए होता है। इस रोग का प्रकोप अधिक होने पर ये धब्बे पूरे पौधों में फैल जाते है एवं पत्तियां सिकुड जाती है।

- प्रबंधन :– 0.05 प्रतिशत कार्वेन्डाजिम का बोआई के 30 दिन बाद छिड़काव करना चाहिए।

III. पीला मोजेक रोग :– शुरूआती दौर में पीले धब्बे नई पत्तियों पर फैंल जाते है, रोग फैलने पर, धब्बे बड़े आकार लेकर पूरे पत्तों में छा जाते है। प्रभावित पत्तियों पर ऊतकक्षयी लक्षण प्रकट होते है। पौधों की बढवार रूक जाती है। फूलों एवं फलियों की संख्या कम हो जाती है।

- प्रबंधन :– सफेद मक्खी दिखाई देते ही डायमिथोइएट 30 ई0 सी ( 0 – 1 प्रतिशत ) कीटनाशी दवा का प्रति हैक्टर की दर से छिड़काव करना चाहिए तथा आवश्यकता हो तो 15 दिनों के अंतराल पर दोबारा छिड़काव करना चाहिए।

IV. क्रिंकल विषाणु रोग :– इस रोग में पत्तियां मध्य शिराओं से ऊपर की ओर मुड़ जाती है। बोआई के कुछ हफ्ते बाद ही इसके लक्षण पौधों में दिखने लगते है। जिससे पौधों की बढोत्तरी रूक जाती है और पौधे सूख जाते है।

- प्रबंधन :– इस रोग का सचरण कार्य थ्रिप्स द्वारा होता है। थ्रिप्स के लिए एक ग्राम एसीफेट या 2 मिली डाईमेथोएट प्रति लीटर की दर से छिड़काव करे।

V. चूर्णिल आसिता :– पत्तियों की ऊपरी सतह पर सफेद पाउडर बिखर जाते है। रोग का प्रक्रोप बढ़ने पर ये सफेद पाउडर पत्तियों की दोनों सतहों पर दिखने लगती है तथा पत्तियां असमय झड़ने लगती है।

- प्रबंधन :– रोग के प्रारंभिक प्रकोप में 2 प्रतिशत केराथेन या 0.3 प्रतिशत सल्फेक्स घोल का छिड़काव करना चाहिए।

**मूँग के प्रमुख किट एवं प्रबंधन**

I. सफेद मक्खी :– सफेद मक्खी अक्सर पत्तियों की निचली सतह पर रहती है। इस कीट की अपरिपक्व एवं व्यस्क अवस्थाएँ पत्तियों की निचली सतह से रस चूसती है। यह कीट पत्तों पर हनीडयू उत्सर्जित करते है। इस हनीडयू पर काली फफूँद उगने लगती है जिससे प्रकाश संश्लेषण की क्रिया वाधित होती है और पौधों की वृद्धि रूक जाती है। ये गरम और सूखी परिस्थितियों में पनपती है। सफेद मक्खी पीले मोजेक वायरस को भी फैलाती है।

- प्रबंधन :– मक्का या ज्वार की फसल मूँग के चारों ओर लगाने से इस कीट का पर्याक्रमन कम होता है। इमिडाक्लोप्रिड 17.8 sL, 0.5 मिली प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

II. माहू या एफिड :–माहू छोटे, भूरे या काले रंग के नरम शरीर के कीड़े है। इस कीट के शिशु और प्रौंढ़ पौधें के कोमल तनों, पत्तियों, फूल–फलियों पर समूह में रस चूसते है इनके प्रभाव से कोमल पत्तियां सिकुड़ी हुई दिखाई देती है। गंभीर संक्रमण से पत्तियां और टहनियाँ मुड़ जाती है और पीली पड़ जाती है।

- प्रबंधन :– नीम तेल @ 2 मि0लि0 या नीम बीज सार 5 मि0लि0 प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

III. फली बग :–फली बग की शिशु एवं व्यस्क दोनों ही फलियों से रस चूसते है, जिससे दाने सिकुड जाते है।

- प्रबंधन :– थायोमेथाक्साम 25% डब्लू जी 0.5 ग्राम लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 SL 0.5 मि0ली0 प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

IV. फली छेदक :– कैटरपिलर प्रारंभिक अवस्था में पत्तियों पर समूह में रहकर, हरे भाग को खुरच कर खाती है। यह फलियों को छेदकर बीज को खाती है।

- प्रबंधन :– फली छेदक को नष्ट करने के लिए क्लोरानट्रानिलिप्रोल 18.5 SC का 5 मि0ली0 प्रति 15 लीटर पानी में डालकर छिड़काव करें।

V. ब्लीस्टर बीटल :– व्यस्क कीट हरे फलियों एवं दानों पर आक्रमण करते है इससे दाने मरने की अवस्था प्रभावित होती है।

- प्रबंधन :– जालीयुक्त नेट का इस्तेमाल करें। व्यस्क कीटों को केरोसीनयुक्त पानी में डालकर नष्ट करें।

सहायक कृषि निदेशक ( पौधा संरक्षण )
उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग।

PR.NO.297488 Agriculture(23-24):D

## जियो-बीपी का एक्टिव टेक्नोलॉजी डीजल लॉन्च, प्रति ट्रक होगी 1.1 लाख रु तक की वार्षिक बचत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जियो- बीपी ने आज एक्टिव टेक्नोलॉजी वाले डीजल को लॉन्च करने की घोषणा की, जो उपभोक्ताओं के लिए डीजल मानकों को बेहतर कर देगा। यह ट्रक चालकों को प्रति वाहन 1.1 लाख रुपये तक की वार्षिक बचत देगा, जो 4.3 प्रतिशत बेहतर ईंधन बचत के कारण हो रही है। नया हाई परफॉर्मेंस डीजल सभी जियो-बीपी आउटलेट्स पर मिलेगा। जियो-बीपी के सीईओ हरीश सी मेहता ने कहा, ईंधन के प्रदर्शन और इंजन के रखरखाव की चिंता को दूर करने के लिए जियो बीपी ने सालों तक सर्वश्रेष्ठ टेक्नॉलॉजिस्ट्स के साथ काम करके एक कस्टमाईज़्ड एडिटिव का विकास किया। यह एडिटिव युक्त हाई परफॉर्मेंस डीज़ल खास भारतीय वाहनों के लिए डिज़ाईन किया गया है, जो भारतीय सड़कों और भारत में ड्राईविंग की परिस्थितियों के अनुरूप है।'

## ईचागढ़ विधायक के बेटियों ने गुलदस्ता भेंट कर मनाया मदर्स डे

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ विधायक सविता महतो के घर में मदर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर विधायक सविता महतो के पुत्रियों ने अपनी मां को गुलदस्ता भेंट कर केक काट कर मदर्स डे मनाया। विधायक सविता महतो के बेटी सूजया महतो, स्नेहा महतो और शिल्पी महतो ने कदम से कदम मिलाकर चलने का वादा किया। मौके पर विधायक ने सभी को आशीर्वाद दिया और कहा कि मां अपने बच्चो को हमेशा ही खुश देखना चाहती है। हर मां का अपने संतान के प्रति दिल से इच्छा रहता है उनके बच्चे दिन दो गुना रात चौगुनी तरक्की करे। वहीं स्नेहा महतो ने कहा कि मातृ दिवस पर मां को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि मां का स्थान सबसे उपर है।

## टाटा स्टील ग्रोथ शॉप के समर कैंप में बच्चों ने उठाया आनंद




**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील ग्रोथ शॉप में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैम्प के आयोजन में मुख्य रूप से टाटा स्टील कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी और टाटा स्टील ग्रोथ शॉप के महाप्रबंधक शरद शर्मा का बड़ा योगदान रहा। बताया गया कि करीब 25 वर्षों के बाद यहां इस प्रकार के कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि टाटा स्टील ग्रोथ शॉप के हेड (मैन्युफैक्चरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर) पंचम कुमार, यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, शिव लखन सिंह आदि ने किया। इस मौके पर उन्होंने समर कैम्प में शामिल बच्चों को विभिन्न प्रकार के ज्ञानोपयोगी बिंदुओं से अवगत कराया।

## ओवरटेक के चक्कर में मैजिक वाहन से टकराई बाइक, दो युवक घायल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को हाथीखेदा मंदिर लावजोड़ा से पूजा करने के बाद जमशेदपुर लौट रहे बाइक सवार दो युवक भयानक हादसे का शिकार हो गए। दोपहर करीब 2 बजे टाटा-पटमदा मुख्य सड़क के बीच जलडहर पेट्रोल पंप के पास हुई घटना में बाइक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके साथी मनोरंजन रजक को अंदरुनी चोटें आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दो बाइक पर चार युवक काफी तेज गति से जमशेदपुर की ओर जा रहे थे। बाइक तेज गति में होने की वजह से करीब 40 फीट तक घिसटता हुआ बीच सड़क पर गिर गया। इस घटना में बाइक चालक धनंजय कुमार बुरी तरह घायल हो गया। मौके पर पहुंचे पटमदा थाने के अवर निरीक्षक अरविंद कुमार ने घटनास्थल से 108 एम्बुलेंस को कॉल कर बुलाया और ढाई बजे तक इलाज हेतु एमजीएम अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटना में शामिल बाइक व मैजिक वाहन को जब्त कर लिया है।

## दुगनी के निकट आटो पलटने से चालक सहित 15 महिला मजदूर घायल

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना अंतर्गत दुगनी के निकट एक यात्री आटो पलटने से चालक सहित ऑटो में सवार 15 महिला मजदूर घायल हो गए। घायलों का ईलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। सरायकेला पुलिस द्वारा आटो को जब्त कर लिया गया है। मिली जानकारी अनुसार दुगनी गांव से महिला मजदूरों को आटो द्वारा कंस्ट्रक्शन कार्य हेतू सालडीह ले जा रहा था। सरायकेला-कांड्रा मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे एक तेज गति वाहन को साइड देने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। ऑटो के नीचे दबे एवं घायल महिलाओं की चीख पुकार सुन लोगों ने उन्हें निकल कर एंबुलेंस द्वारा अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा कि ऑटो की रफ्तार भी तेज थी तथा क्षमता से काफी अधिक यानि चालक सहित 15 महिला मजदूर बैठाए गए थे।

## मारवाड़ी मंच व महिला समिति का योग व मारवाड़ी भाषा ज्ञान शिविर का शुभारंभ

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति सरायकेला शाखा के संयुक्त तत्वाधान सरायकेला में एक माह का योग एवं मारवाड़ी भाषा ज्ञान शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सरायकेला मृत्युंजय कुमार ने किया। शिविर हेतु आज ही 30 सदस्यों ने पंजीकरण करवाया। शिविर में योगाभ्यास दिग्विजय भारत द्वारा सिखाया जा रहा है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मनोज चौधरी, प्रदीप चौधरी, शंभू नाथ अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, अरूण सेकसरिया, संजय सेकसरिया एवं राहुल अग्रवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशुतोष चौधरी, महिला समिति अध्यक्ष रेखा सेकसरिया, सचिव सविता चौधरी सहित यतिराज बुधिया, केशव चौधरी, इंद्र अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## नीलांचल के शिविर में 150 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीलांचल आयरन एण्ड पावर लिमिटेड कंपनी की ओर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय रघुनाथपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन डुमरा पंचायत की मुखिया पियो हांसदा ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में ज़िप सदस्य पिंकी चौधरी उपस्थित थी। इस शिविर के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा कुल 150 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई। कंपनी के मानव संसाधन एवं कार्मिक विभाग के वरीय महाप्रबंधक गंगाधर बाजपेयी ने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इसके सफल आयोजन में कंपनी के एचआर पदाधिकारी रवि सिंह, विकास चौधरी, विजय साहू, यूनियन महामंत्री तपन कुमार मंडल, उपाध्यक्ष राजा टूडू, आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## ई विद्यावाहिनी में जितना शिक्षकों का अटेंडेंस होगा उतनी ही मिलेगी सैलरी : उपायुक्त

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आयोजित शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में उपायुक्त विजया जाधव द्वारा शिक्षा विभाग से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने, बैंक खाता खोलने की अधतन स्थिति, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, ई विद्या वाहिनी में शिक्षकों व छात्रों की उपस्थिति, व अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश पदाधिकारियों को दिए गए। ई विद्यावाहिनी में शिक्षकों के शत प्रतिशत अटेंडेंस नहीं होने पर जितना अटेंडेस उतनी ही सैलरी देने का निदेश शिक्षा विभागीय पदाधिकारी को दिया गया । उपायुक्त ने कहा कि नया सेशन शुरू हो रहा है, छात्राओं से नामांकन के समय ही सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का फॉर्म भरायें साथ ही साथ बच्चों का बैंक खाता भी खुलवाना सुनिश्चित करें।

# सबर परिवारों की सुध लेने बोड़ाम के काशीटाड़ सबर टोला पहुंचीं उपायुक्त

- रहन-सहन पर जताई चिंता, फंगल इंफेक्शन, कुपोषण व अन्य स्वास्थय समस्याओं से पीड़ित मिले सबर
- सबरों को मुख्यधारा में लाने के लिए नियमित काउसिलिंग की जाएगी, नशापान छुड़वाना होगा







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बोड़ाम प्रखंड के बोंटा पंचायत अंतर्गत काशीटाड सबर टोला में सबर परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी जानकारी लेने जिले की उपायुक्त विजया जाधव खुद सबर परिवारों के बीच पहुंचीं। मुख्य सड़क से करीब एक किलोमीटर अंदर दलमा पहाड़ की तलहटी में बसे सबर परिवारों की हालत देख उपायुक्त ने चिंता जाहिर की तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने, नियमित स्वास्थ्य जांच कैम्प लगाने के निर्देश दिए। मौके पर सभी सबर बच्चों व महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया । एक महिला कुपोषित पाई गई जिसे तत्काल एमटीसी में भर्ती कराने का निदेश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। गांव में सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता आए, सबर परिवार इसका लाभ ले सकें इसके लिए बीडीओ, सीओ के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों को भी सबर टोल के विजिट करते रहने का निदेश दिया गया। बीडीओ बोड़ाम को सबर परिवारों को बैंक ले जाकर पेंशन की राशि निकलवाने का निदेश दिया गया।

### आवासों की होगी मरम्मती, कराया जाएगा चबूतरा का निर्माण

उपायुक्त ने गांव में घूमकर सभी परिवारों के रहन-सहन को देखा। सभी आवास जर्जर पाये गए जिसपर मौके पर उन्होने सभी आवासों का मरम्मतीकरण हेतु ए.ई को प्राक्कलन बनाने का निदेश दिया। साथ ही सामुदायिक गतिविधि को लेकर सबर टोला में एक चबूतरा निर्माण कराने की भी बात कही। टोला के लोग हड़िया का नशापान करते हैं। उपायुक्त ने कहा कि सबर परिवारों को मुख्यधारा में लाने के लिए काउसिलिंग कराई जाएगी तथा नशापान छुड़वाने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा । उपायुक्त ने खड़े होकर बच्चों के बाल कटाये, ओ.आर.एस, टॉफी, बिस्किट, साबुन आदि का किया वितरण। सबर टोला के बच्चों ने कई दिनों से नहाया नहीं था, बाल बढ़े थे, फंगल इंफेक्शन और कुपोषण से पीड़ित पाये गए । उपायुक्त द्वारा सबर परिवारों के मुखिया से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने तथा किसी तरह की समस्या जीवनयापन में आ रही हो तो बीडीओ/सीओ के संज्ञान में लाने की बात कही गई।

## बिष्टुपुर में बाइक रेस ड्राइविंग ने ली एक की जान, तीन घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर थाना अंतर्गत कॉन्वेंट स्कूल के पास मंगलवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में महिला की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को एमजीएम अस्पताल ले जाया गया जहां से एक घायल को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर किया गया है। मृतिका मालू प्रमाणिक (40) सोनारी खूंटाडीह की रहने वाली थी जबकि घायल कीर्तन प्रमाणिक मृतिका का भाई है। वहीं बाइक सवार दो युवक भी घायल है। मृतिका के पिता गुणा प्रमाणिक ने बताया कि वह मजदूरी कर जीवन यापन करता है जबकि पत्नी कदमा बाजार में सब्जी बेचती है। वह हर सुबह साकची से सब्जी खरीदकर कदमा में बेचती है. आज वह अपने भाई कीर्तन के साथ ऑटो में साकची जा रही थी तभी कॉन्वेंट स्कूल के पास सामने से एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक तेजी से आए और ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो का अगला हिस्सा पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने सभी को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मालू को मृत घोषित कर दिया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कॉन्वेंट स्कूल के पास आए दिन युवक रैश ड्राइविंग करते हुए स्टंट करते है। आज भी जो युवक सड़क दुर्घटना में घायल हुए है वे भी स्टंट कर रहे थे।

## चिरुडीह में दुकान में लगी आग, हज़ारों का नुकसान

**पटमदा :** कमलपुर थाना क्षेत्र के चिरुडीह गांव में राजेन कर्मकार की दुकान में सोमवार की रात को आग लगने से दुकान में रखे नगद 30 हजार के अलावे अन्य सामग्री जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मंगलवार को स्थानीय जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो व समाजसेवी बाबलु रुहिदास घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। पार्षद ने इस मामले में सीओ चंद्रशेखर तिवारी से बात करते हुए पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का आग्रह किया।

## बिष्टुपुर में मायुमं का दूसरी अस्थाई अमृतधारा का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बढ़ते हुए भीष्ण गर्मी को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित राजस्थान भवन के सामने वर्ष 2023-24 की दूसरी अस्थाई अमृतधारा का शुभारंभ किया गया। मौके पर शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, शाखा सचिव अंशुल रिंगासिया, अमृतधारा संयोजक सुमन चौधरी, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, आनंद अग्रवाल, गौरव खंडेलवाल, विजय सोनी, महेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# मानगो में पानी की समस्या को लेकर की डीसी ने की अधिकारियों के साथ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो नगर निगम अंतर्गत गुरूद्वारा बस्ती, शंकोसाई एवं सुखना बस्ती आदि में उत्पन्न जलसंकट की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त विजया जाधव ने अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए । बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव व अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में यह बात सामने आई कि पानी सप्लाई के दौरान कई लोगों द्वारा अवैध रूप से मोटर का उपयोग किया जाता है जिससे निचले इलाकों में पानी सप्लाई में कठिनाई आती है । उपायुक्त द्वारा इसपर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल मोटर सीज करने हेतु धावा दल का गठन किया गया तथा सख्त निर्देश दिया गया कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर प्रतिदिन कम से कम 50 मोटर सीज करें। वहीं मानगो में आबादी के बढ़ते स्परूप को देखते



हुए अगले 30 वर्षों में पानी की क्या आवश्यकता होगी इसको लेकर 60 एमएलडी का वॉटर ट्रिटमेंट प्लांट के निर्माण पर चर्चा की गई । कार्यपालक अभियंता डी.डब्लू.एस सिविल को अर्बन वॉटर सप्लाई के एडिशनल डीपीआर के लिए प्रस्ताव 15 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। साथ ही मानगो चौक से डिमना चौक तक सड़क से अतिक्रमण हटाने के लिए परिक्ष्यमान कार्यपालक पदाधिकारी को नियमित अभियान चलाने का निदेश दिया गया।

**करीब 2.5 लाख की आबादी में सिर्फ 23 हजार पानी कनेक्शन:** मानगो में पानी कनेक्शन का आवेदन लेने के लिए उपायुक्त ने अगले 8 दिनों तक विभिन्न क्षेत्रों में कैम्प लगाने के निर्देश दिए। कल 17 मई को शंकोसाई जे पी स्कूल में नगर प्रबंधक राहुल कुमार की निगरानी में तथा खड़िया बस्ती कम्यूनिटी हॉल में परिक्ष्यमान पदाधिकारी चंदन कुमार व पारडीह चौक में नगर प्रबंधक जितेन्द्र कुमार की निगरानी में पानी कनेक्शन के लिए कैम्प लगेगा । उपायुक्त ने कहा कि वैध कनेक्शन लेने से प्रशासन को भी जानकारी होगी कि कितने लोगों तक पानी पहुंच रहा और कितने लोग सही में वंचित रह जा रहे हैं ।

### पानी कनेक्शन लेने के लिए जरूरी कागजात निम्नवत हैं

1. बीपीएल को फ्री कनेक्शन, 2. आधार, आवासीय प्रमाण पत्र, होल्डिंग का पेपर (जिन लोगों के पास होल्डिंग का पेपर नहीं होगा उनका इस कैम्प में ही पेपर बनेगा।)

# सुरभि शाखा ने समाज में अलग पहचान बनाने वाली 10 महिलाओं को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने समाज सहित अन्य समाज की 10 ऐसी महिलाओं को सम्मानित किया गया जिनका जीवन में संघर्ष कर समाज एवं अन्य क्षेत्रों में विशेष योगदान रहा हैं। बिष्टुपुर स्थित एक होटल में विपरीत परिस्थितियों में अपनी अलग पहचान बनाने वाली सम्मानित सभी माताओं को तिलक लगाकर, पुष्प देकर एवं उनके चरण स्पर्श करके कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। साथ ही शाखा सदस्यों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए सचिव कविता अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं को पुरुषों के बराबरी नहीं,



बल्कि उनसे दो कदम आगे आना चाहिए।

**इनको मिला सम्मान:** अखिल भारतीय महिला मंच की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जया डोकानिया, झारखंड प्रदेश मारवाड़ी महिला मंच की प्रांतीय अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल, ग्रेजुएट कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ मुकुल खंडेलवाल, मारवाड़ी समाज की महिला डॉक्टर एवं समाजसेवी रेणुका चौधरी, हॉट मोड मिस इंडिया 2019 एवं लेडी आयरन नाम से विख्यात रितु रुंगटा, मारवाड़ी समाज में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप में अपने योगदान हेतु एवं भजन गायिका मंजू सेन, कोरोना काल में घर घर खाना पहुंचाने वाली योद्धा निशा चौधरी, खाद सामग्री बनाकर अपने बच्चों का पालन पोषण करने वाली सरला मोदी, 21 साल की उम्र में सिंगल मदर गीता नायक एवं सोशल मीडिया से दूर अपने बच्चों के भविष्य के लिए त्याग एवं बलिदान करने वाली पूर्णिमा ससमाल को शाखा द्वारा अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया गया।

**डॉ. रेणुका चौधरी का मिला सहयोग:** मालूम हो कि सुरभि शाखा द्वारा समय-समय पर कन्या भ्रूण संरक्षण अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में कार्यक्रम मे समाजसेवी डॉक्टर रेणुका चौधरी ने शाखा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में अपना सहयोग प्रदान किया। साथ ही कन्या भ्रूण संरक्षण अभियान में प्रत्यक्ष रूप से जुड़ने की सहमति अपने अपेक्स हॉस्पिटल में दी है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन रीना गोयल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष ममता अग्रवाल, उषा चौधरी, कविता अग्रवाल (सोनारी), सावित्री देवी, सुरभि शाखा की पूर्व अध्यक्षा एवं शाखा सदस्य उपस्थित थी।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में मानभूम छौऊ नृत्य का हुआ मुकाबला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुटाम गांव में शिव पूजा के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया लक्ष्मी देवी ने किया। इस अवसर पर दो दिनों तक शिव पुजा का आयोजन किया गया। पुजारी शिव राम तिवारी ने विधिवत पूजा अर्चना किया। वहीं रात भर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बंगाल के पुरूलिया जिला के चड़ीदा के पद्मश्री गंभीर सिंह मुण्डा के सुपुत्र कार्तिक सिंह एवं गोविन्दपुर के जलधर कुमार के बीच मानभूम छौऊ नृत्य का मुकाबला हुआ। दोनों दलों ने गणेश बंदना, सखी नृत्य, ताड़कासुर बध आदि कइ छौऊ का प्रदर्शन किया। मौके पर गणपति गोप, नंदलाल सिंह मुण्डा,दयाल सिंह मुण्डा, संतोष प्रामाणिक, अजय, ब्रजकिशोर ,बीरबल, अश्विनी गोप, छुटु ,सुभाष प्रामाणिक, शशधर गोप, बिहारी, मानसिंह, सम्बद सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

### वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे पर ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के जनरल फिजिशियन डॉ कल्याण कुमार की सलाह

# अपने ब्लड प्रेशर को सटीक रुप से मापें, इसे नियंत्रित करें व स्वस्थ जीवन का लाभ लें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आयोजित एक कार्यक्रम में जनरल फिजिशियन डॉ कल्याण कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 17 मई को हाई ब्लड प्रेशर के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मनाया जाता है। आमतौर पर दो तरह से ब्लड प्रेशर को वर्गीकृत किया जाता है, प्राइमरी या एसेंशियल हाइपरटेंशन जो 95 प्रतिशत मामलों में पाया जाता है। और इसके कोई कारण का पता नहीं चलता है । बाकी के मामलों में सेकेंडरी हाइपरटेंशन होता है, जो थायराइड की बीमारी, हृदय रोग की बीमारी एवं अन्य ग्रंथियों से संबंधित बीमारी के कारणों से होता है। जिसके लिए हमें जांच कराना चाहिए और यह रिवर्सिबल होता है। असामान्य एवं असंतुलित जीवन शैली के कारण ज्यादातर लोगों में हाइपरटेंशन देखा जा रहा है। दुनिया में हृदय रोग एवं और असमय मौत के कारणों में एक कारण हाई ब्लड प्रेशर भी है। यह एक क्रॉनिक मेडिकल कंडीशन है जिसमें रक्त धमनियों में ब्लड का प्रेशर बहुत बढ़ जाता है जिसके



डॉ. कल्याण कुमार

कंसलटेंट - जनरल मेडिसिन एंड डायबिटोलॉजी
ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

कारण हृदय ,मस्तिष्क, किडनी और आंख से संबंधित गंभीर बीमारियां हो सकती है। इन अंगों में नुकसान ब्लड प्रेशर के लेवल और उसकी अवधि पर निर्भर करता है।

**40 वर्ष आयु के बाद मरीज को रूटीन हेल्थ चेक करना चाहिए:** शुरुआत में हाइपरटेंशन के कुछ खास लक्षण नजर नहीं आते हैं। इसी कारण से मरीज समय रहते, शरीर पर होने वाले नुकसान को नहीं समझ पाते हैं। जिसकी वजह से यह समस्या धीरे-धीरे बढ़कर एक जटिल समस्या में बदल जाती है। इसीलिए 40 वर्ष आयु के बाद मरीज को रूटीन हेल्थ चेक अप कराते रहना चाहिए ताकि छुपे हुए रोक को समय रहते पकड़ा जा सके।

**हाइपरटेंशन के लक्षण:** मरीजों में पाए जाने वाले निम्न लक्षणों से हाइपरटेंशन का पता लगाया जा सकता है जैसे सिर दर्द, सिर चकराना, थकान ,सुस्ती, नींद लगना, दिल की धड़कन बढ़ जाना, सीने में दर्द, तेज सांस लेना, आंखों से धुंधला दिखना आदि। डॉ कल्याण कुमार ने बताया कि मरीज को इन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और शीघ्र ही स्वास्थ्य केंद्र में फिजीशियन से सलाह लेनी चाहिए।

**जीवन शैली में बदलाव कर नियंत्रण हो सकता है:** सेहतमंद जीवन शैली, नियमित व्यायाम ,संतुलित आहार- डीएएसएच (डाइटरी अप्रोच टू स्टॉप हाइपरटेंशन) डाइट, पर्याप्त नींद और वजन को नियंत्रित रखकर हाइपरटेंशन के जोखिम एवं उससे होने वाली जटिलताओं को कम किया जा सकता है। हाइपरटेंशन के मरीजों को समय-समय पर अपने चिकित्सक से सलाह एवं जांच करवाना चाहिए ताकि समय रहते विभिन्न अंगों के नुकसान को रोका जा सके।

## संक्षिप्त खबरे

### विद्यालय मे मनाया गया राष्ट्रीय डेंगू दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** सीएचसी प्रभारी डॉक्टर सुरेश राम के निर्देशानुसार स्वास्थ्य कर्मीयों ने मंगलवार को विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गाना के साथ किया गया। जहाँ स्वास्थ्य कर्मी संदीप कुमार व बलराम कुमार ने उपस्थित छात्र छात्राओं व शिक्षकों को डेंगू बिमारी के लक्षण व बचाव पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए कहा कि डेंगू के लक्षण तेज बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, चमड़ी पर दाने, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, सहित कई लक्षण होते हैं.मनुष्य के एड़ी में डेंगू मच्छर काटने से डेंगू जैसा खतरनाक बिमारी होता है। डेंगू मच्छर स्वच्छ पानी में रहता है। इसलिए पिने वाले पानी को सही से ढक कर रखें और साफ बर्तन से पीए द्य खुला पानी पीने के लिए उपयोग न करें। किसी व्यक्ति के अन्दर उपर्युक्त कोई भी लक्षण पाया जाए तो उन्हें तुरंत सरकारी अस्पताल मे जाँच करवाकर कराएं। लापरवाही जानलेवा भी साबित हो सकता है।

# पांच अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल दिन मंगलवार को समय 10:00 बजे पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन लातेहार के द्वारा पु0नि0 सह थाना प्रभारी लातेहार को गुप्त सूचना मिली थी कि लातेहार- बालूमाथ मुख्य मार्ग पर मोंगर मोड़ स्थित यात्री शेड के पास 08-10 कि संख्या में अपराधकर्मी तुबेद कोल माइंस के संवेदकों एवं माइंस में रेयतों द्वारा दि गई जमीन के बदले D.V.C से प्राप्त पैसों को गोलीबारी, आगजनी एवं जान लेवा हमला कर रंगदारी वसूलने के लिए एकत्रित हैं। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देशानुसार पु0नि0 सह थाना प्रभारी लातेहार के द्वारा पू0अ0नि0 गौरव सिंह के नेतृत्व में सशस्त्र बल के साथ एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा अभियुक्त 1 मो मजहर उम्र करीब 28 पिता मो0 जलील ग्राम मनकेरी 2. नरेश प्रसाद उम्र 24 वर्ष पे नन्ददेव साव सा- तरवाडीह 3. रूपेश कुमार नायक उम्र - 21 वर्ष पे0 लालदेव नायक सा तरवाडीह 4. राजा प्रसाद उम्र 20 वर्ष पे प्रदीप साव उर्फ पेरू सा0 तरवाडीह 5. प्रशांत उरांव - उम्र 19 वर्ष पे सहादूर उरांव सा सलैया सभी थाना जिला-लातेहार को गिरफ्तार किया गया। पकड़ाए व्यक्तियों के पास से देसी कट्टा, गोली, मोबाइल, मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।

# चतरा में एक बार फिर रफ्तार का कहर, बाइक और बोलेरो की टक्कर

## घटना में बाईक सवार एक युवक की मौत, दो घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने एक परिवार पर कहर बरपाया है। सदर थाना क्षेत्र के चतरा-इटखोरी मुख्य पथ पर स्थित ऊंटा मोड़ इलाके में बोलेरो वाहन और बाईक की टक्कर में बाईक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि बाईक सवार दो अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार बाईक सवार युवक चतरा से इटखोरी की ओर जा रहा था इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने पीछे टक्कर मार दिया और फिर वह फरार हो गया। घटना में मृत युवक की पहचान इटखोरी थाना क्षेत्र के सरहेता गांव निवासी पंकज कुमार के रूप में की गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस की टीम ने घटनास्थल से शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि अन्य द्वारा इलाज नहीं कराया जा रहा है।

## शिक्षा विभाग का खेल ई विद्या वाहिनी फेल

**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व में झारखंड में डबल इंजन की सरकार कही जानेवाली रघुवर दास ने शिक्षा विभाग को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए शिक्षकों की बायोमेट्रिक व्यवस्था से जोड़ने का काम किया लेकिन अब यही बायोमेट्रिक व्यवस्था शिक्षकों के लिए हर रोज नई नई मुसीबतें पैदा कर रहा है। ई विद्या वाहिनी के नए वर्जन अपडेट को लेकर शिक्षकों ने अपने विद्यालय के टाइम और अपने अपने मोबाइल में नया वर्जन इंस्टॉल किया किया जिसमें अब मैनुअल सिस्टम काम नहीं करता है लेकिन इसके बाद भी बायोमेट्रिक सिस्टम में शिक्षकों के लिए मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रहा है।दरअसल पिछले दिनों से शिक्षक बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं लेकिन गूगल सीट पर बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं दिख रहा है जिससे शिक्षकों के बीच उहापोह की स्थिति बनी हुई है। शिक्षा विभाग द्वारा आवंटित टैब में ई विद्या वाहिनी का जो वर्जन का सिस्टम अपडेट किया गया है वह कभी-कभी विद्यालय से दूर मेरे पकड़ता है और यही सबसे बड़ी मुसीबत शिक्षकों के लिए बनने वाली है लोकेशन की बात करें तो शिक्षकों का लोकेशन कई किलोमीटर में तब्दील नजर आता है जो बायोमेट्रिक सिस्टम पर मीटर के रूप में दिखाई देता है और इतना ही नहीं मोबाइल से जो अपनी उपस्थिति बनाते हैं इन्हें एक ही जगह पर खड़े रहने के बाद अगर पूर्व की दिशा में किए तो 1 किलोमीटर अगर उत्तर की दिशा में किए तो 10 किलोमीटर पश्चिम की दिशा में किए तो 5000 मीटर और दक्षिण के मीटर में किए तो 50000 मीटर दिखा सकता है कुल मिलाकर बायोमैट्रिक सिस्टम ने शिक्षकों को जीना मुहाल कर रखा है। हालांकि बायोमैट्रिक सिस्टम में आई खामियों को लेकर कोई भी पदाधिकारी इसमें कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

## प्रधानाध्यापक को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय परिसर में वर्ग एक से सात तक मुल्यांकन एवं रिजल्ट तैयारी के लिए प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ. एक दिवसीय प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कविता खलको, जिला कार्यक्रम समन्वयक संजित कुमार पांडेय, जिला स्वच्छता प्रभारी विकास कुमार ने उपस्थित प्रधानाध्यापकों को कहा कि रिजल्ट का कार्य गर्मी छुटटी से पहले ही कर लेना अनिवार्य है। तैयारी लिए एफए वन, एफए टू एवं एस ए वन के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अर्द्ध वार्षिक एवं वार्षिक परीक्षा का मुल्यांकन एक साथ करते हुए रिजल्ट बनाने, ऑनलाइन इंट्री करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिक्षक खलखो ने प्रधानाध्यापकों को कहा कि नए सत्र में आप सभी इ-विद्यावाहिनी के तहत सुबह सात बजे से आठ बजे तक एवं बच्चों की उपस्थिति का बॉयोमैट्रिक एवं पोषण वाटिका संबंधित तैयारी करने के साथ विद्यालय में नामांकित छात्र छात्राओं का बैंक खाता शुन्य बैलेंस पर खोलवाने की बात कही. प्रखंड के सभी उपस्थित प्रधानाध्यापकों ने एक स्वर में कहा कि हमलोगों का उपस्थिति रिपोर्ट एवं मध्याह्न भोजन का रिपोर्ट बालूमाथ जाकर देना पड़ता है जिसके कारण हमलोगों को समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान होता है वहीं विद्यार्थियों का शिक्षण कार्य भी प्रभावित होता है। प्रधानाध्यापकों की समस्या सुनकर जिला शिक्षा अधीक्षक खलखो ने बीपीओ बिरेन्द्र भगत को कहा कि बारियातू प्रखंड के सभी विद्यालयों का रिपोर्ट बारियातू बीआरसी में ही जमा कराना सुनिश्चित करें. मौके पर ऑपरेटर नितेश कुमार, शिक्षक रामाशिष राम, अशोक राम, सुरेश उरांव, रंजीत उरांव, नन्दलाल भगत, राजेश भगत, अजय कुमार उरांव, ब्रजभूषण सिंह, अशेश्वर गंझु, अशोक कुमार सिंह, सुनिल सिंह, सुरेश प्रसाद यादव, संजय पासवान, बबन राम, भोला यादव, रूपेश कुमार, जय काली नाथ शाहदेव, सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का केन्द्रीय टीम ने किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** सदर प्रखंड अंतर्गत स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पोचरा में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने दो सदस्यीय केंद्रीय टीम पहुंची। केंद्रीय टीम के द्वारा सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में आमजनों तक बेहतर ढंग से संचालित कि जा रही है या नहीं इन्हीं बातों को लेकर टीम के सदस्यों द्वारा बारीकी से जायजा लेते हुए दिशा निर्देश भी दिया गया। साथ ही जनता को बेहतर तरीके से स्वास्थ्य सुविधा कैसे मुहैया कराई जाये, स्वास्थ्य के माध्यम से उपलब्ध उपस्करों का रख-रखाव सही तरीके से किया गया है या नहीं इन्हीं विषयों को लेकर जांच किया गया एवं अस्पताल परिसर को कैसे साफ रखा जायेगा इन्हीं विषयों पर जानकारी दी गई। केंद्रीय टीम हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पोचरा में दी जाने स्वास्थ्य सुविधाओं से बेहद संतुष्ट हुये, एवं उनके द्वारा आगे भी इसी तरह का सुविधा आमजनों को मिलता रहे इसको लेकर दिशा निर्देश भी दिया है। इस मौके पर केंद्रीय टीम के सदस्य डा. राजेश कुमार कुरील, एवं अंजु कुशवाहा, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी शोभना टोप्पो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नीलमणी कुमार, जिला मलेरिया पदाधिकारी शंभू नाथ चौधरी, डीपीएम वैद प्रकाश, मुखिया रामजी सिंह, बीपीएम विशाल मिश्रा, बीएएम सुनील कुमार, सीएचओ मनमीत एक्का, एएनएम रेवती रमण, एएनएम आशा कंडूलणा, एम पीएमडब्लू हेचकल तिग्गा, सहिया साथी एवं सहिया, पंकज कुशवाहा, सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है शुद्ध पेयजल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र पहरा पंचायत के बीसनापुर गांव में 16 लाख के लागत से बना हर घर जल नल योजना के तहत बना पानी टंकी केंद्र सरकार द्वारा हर घर नल योजना का शुभारंभ 2019 में किया गया था। इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा हर घर तक नल का कनेक्शन उपलब्ध करवाया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने का लक्ष्य 2030 निर्धारित किया गया था। जिसे अब 2024 कर दिया गया है। लेकिन यह योजना हर जगह फेल दिखाई पड रहा है ठीक उसी तरह घोर अनियम्ता के साथ बिसनापुर गांव में पानी टंकी लगाया गया है ।35 - 40 घर का बस्ती है।इस पहाड़ी क्षेत्र बस्ती में पानी का घोर अभाव है। इस योजना के तहत पानी का समस्या को दूर करने पानी टंकी लगाया गया लेकिन बिसनापुर ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पाया संवेदक ईश्वर दांगी द्वारा टेंडर लिया गया है।इस योजना को चालू किए 6 महीने बीत चुके है। लेकिन पानी का नदारत नही नल तो लगा है। पर नल में जल नहीं किसी तरह पुराना चापानल को चंदा कर बनवाकर पानी के संकट को किसी तरह दूर कर रहें है।ग्रामीणों का कहना है। कि इस टंकी को दूसरे जगह लगाना था ,लेकिन संवेदक अपने मनमानी ढंग से अपने से जगह चयनित कर दूसरे जगह टंकी बनवाया है।टंकी में 200 सौ लीटर से ज्यादा पानी नहीं निकलता तो पूरा गांव को पानी कहां मिल पाएगा ग्रामीणों ने बताया की संवेदक 2 महीनों से बोल रहा है। नया बोरिंग कराया जाएगा लेकिन अभी तक नही हो पाया है।और अब बारिश का समय आने वाला है। येसे में बोरिंग जैसे तैसे कर चला जाएगा और हम ग्रामीणों का पानी का समस्या बना रहेगा।ग्रामीणों ने कहा कि वर्षा के पहले बोरिंग नही हुवा तो हम सभी ग्रामीण उपायुक्त को आवेदन सौंपेंगे और इस समस्या को रखेंगे।

## वज्र किट मामले में फरार तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**लावालौंग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र में दुर्लभ जीव वज्र कीट की तस्करी मामले में अखबार की खबर का जबरदस्त असर पड़ा है। सोमवार को जहां हाथ आए मुख्य आरोपी जगरनाथ गंझू को वन कर्मियों के सहयोग से ही भगा दिया गया था। वहीं अखबार में खबर छपने के बाद अपनी प्रतिष्ठा बचाते हुए वन कर्मियों नें मुख्य आरोपी जगरनाथ गंझू को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि सोमवार को थाना क्षेत्र के बरहेद गांव निवासी बिनोद गंझू के घर दुर्लभ वज्र किट रखे जाने और उसकी तस्करी का खबर मिला था। इसके बाद वन कर्मियों नें मशक्कत से उक्त वज्र कीट का रेस्क्यू किया था। इस दौरान जगरनाथ गंझू कीट को जंगल में ही छोड़कर भाग गया था। और बिनोद को गिरफ्तार कर वन कर्मियों नें लावालौंग ले आया था। इसके बाद जगरनथ को भी बिनोद के परिजनों नें पकड़कर लावालौंग वन विभाग के कार्यालय ला रहे थे।परंतु वन कर्मियों नें अपना मोबाइल देकर बिनोद से फोन करवा दिया था की जगरनाथ को यहां मत आने दो यहां पत्रकार हैं मामला बढ़ जाएगा। इसके बाद जगरनाथ चलती मोटरसाइकिल से कूदकर फरार हो गया था।

## कुडू में एक और बना साइबर अपराधियों का शिकार,एयरटेल मोबाइल बैंक से उड़ाए 58 हजार

**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** साइबर ठगों ने कुडू थाना में क्षेत्र में एक और शिकार बनाया है। मामला मकान्दू गांव का है जहां सुधा डेयरी के लिए दूध कलेक्शन करने वाले कमलेश यादव पिता कृपाल यादव के एयरटेल पेमेंट बैंक के खाते से 58 हज़ार रु की अवैध निकासी हुई है। जिले के पुलिस अधीक्षक को डाक के माध्यम से भेजे गए अपने आवेदन में कमलेश यादव ने बताया है कि बीते 5 मई को सुधा डेयरी द्वारा उसके एयरटेल पेमेंट बैंक के खाते में 58 हज़ार रु भेजे गए थे। दूसरे दिन जब 6 मइ को वो अपने खाते से दूध देने वाले किसानों के खाते में पैसा भेजने लगा तो अपर्याप्त राशि बताने लगा। देखने पर पता चला कि विभिन्न मोबाइल नम्बरों में बिना मेरी जानकारी के पैसे भेज दिए गए हैं। जिसकी सूचना तत्काल में पीड़ित ने एयरटेल कंपनी के एरिया मैनेजर कमलेश ठाकुर को दी। जिस पर ज़रूरी जांच पड़ताल के बाद एरिया मैनेजर ने 3 से 4 कार्य दिवस के अंदर पैसे वापस कराने का आश्वासन दिया। लेकिन एक सप्ताह के बाद भी पैसे नही आने पर कुडू थाना में आवेदन देकर मदद की गुहार लागई परंतु वहां मुझे झूठा बताकर बिना केस लिए ही वापस भेज दिया गया। थक हार कर मैं डाक द्वारा श्रीमान को आवेदन देकर मदद की गुहार लगा रहा हूँ। उचित कार्यवाई कर मुझे मेरे पैसा दिलाने की कृपा करें। मेरा आवेदन के साथ पीड़ित ने खाते से हुए ट्रांजेक्शन का स्टेटमेंट की छाया प्रति भी उपलब्ध कराई है।

# अंचल कोर्ट का हुआ आयोजन आए 6 मामले सभी लंबित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर के अंतर्गत अंचल ऑफिस में मंगलवार 16 मई को अंचल कोर्ट का आयोजन अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक के द्वारा किया गया। जहां प्रखंड से कुल 6 मामले आए। जिसमें सभी लंबी चल रहा है। बता दें कि सभी पुराने मामले हैं। छोटन गंझू बनाम शुकर ठाकुर बारीयातु गांव का मामला चल रहा है। नागेश्वर रजक एवं भेखलाल महतो मारंगी गांव निवासी, अनिल बान्डो बनाम फोदारी सिंह व अन्य लोग बांय गांव, तथा राम रोहन बैठा वनाम जितेंद्र नाथ दांगी व अन्य लोग मारंगी का मामला जयराम यादव बनाम टेको माहतो इंदिरा गांव, गंगा भुइयां बनाम शैलेश यादव कुरकुरा गांव निवासी को अस्थल जांच करने की बात कही गई है। एवं मामला लमबीत चल रहा है ।

# जेएसएलपीएस के तहत लड़कियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया रांची



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर के अंतर्गत चल रहे जेएसएलपीएस के तहत 20 सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान के अध्यक्षता में बीपीएम अभिषेक श्रीवास्तव के निगरानी में तीन लड़कियों को सिलाई सीखने के लिए एवं प्रशिक्षण लेने के लिए मोबिलाइजर ऑडिटेक के तहत उज्जवल कुमार सिन्हा के साथ मंगलवार 16 मई को रांची भेजा गया है। जहां लड़कियों को 90 दिन का प्रशिक्षण करवाया जाएगा। उसके बाद स्वरोजगार के लिए उन्हें सिलाई सेंटर कंपनी में काम करने के लिए भेजा जाएगा। जहां अपने आजीविका के लिए रुपए कमा सकती हैं। बीपीएम के द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण के उपरांत लड़कियों को सर्टिफिकेट भी दिया जाता है। जो उनकी भविष्य में काम आने योग्य है।जाने वाले लड़कियों का नाम शिवानी कुमारी पिता संजय भारती, सुलेखा कुमारी पिता झमन भुइंया, मधु कुमारी पिता लखन भुइंया सभी नयाखाप गांव के हैं।

# डीडीसी पहुंचे गिद्धौर कई योजनाओं का किया जांच हुए संतुष्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत संचालित कई योजनाओं का जांच करने जिला विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता 16 मई मंगलवार को प्रखंड परिसर पहुंचे। जहां परिसर में लगे बागवानी से अत्यंत संतुष्ट हुए। उसके बाद बारियातू में लगे आम बागवानी बांय में पीएम आवास 5 लाभुकों का जांच किए। सभी लाभुकों को जल्द से जल्द ढलाई करने की बातें कहीं। दुआरी में लगे 7 एकड़ में आम बागवानी को देखकर संतुष्ट हुए। एवं लाभुकों को बेहतरीन तरीके से देखरेख करने की बातें कहीं। मौके पर उपस्थित बिडीओ संजीत कुमार सिंह बीपीओ अजय कुमार सिन्हा कनीय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर अभय कुमार सतिश कुमार एवं लाभुक उपस्थित थे।

# नि-शुल्क स्वास्थ जांच कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला प्रशासन लातेहार एवं इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से लाइफलाइन एक्सप्रेस हॉस्पिटल ट्रेन के 231 वें प्रोजेक्ट के तहत चंदवा के टोरी स्टेशन में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ जांच कार्यक्रम का शुभारंभ 15 मई दिन सोमवार को विधिवत रूप से माननीय विधायक लातेहार वैद्यनाथ राम, उपायुक्त भोर सिंह यादव, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, डॉ रोहनी चोगले एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस दौरान माननीय विधायक, लातेहार ने कहा कि इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन के पहल से जिले में पहली बार हाईटेक चिकित्सा सुविधा से लैस लाइफलाइन एक्सप्रेस का आगमन हुआ है। लाइफलाइन एक्सप्रेस में मरीजों के लिए निःशुल्क ईलाज की व्यवस्था है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना है। इस दौरान विधायक, लातेहार ने जिले वासियों एवं अन्य जिले के जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ लेने कि अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले में लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से 15 मई से 04 जून तक निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी, कान की जांच एवं सर्जरी, मुड़े हुए पैर का परीक्षण एवं सर्जरी (14 साल से नीचे), कटे फटे होंठ की जाँच एवं सर्जरी, दांत की जाँच एवं उपचार, स्तन एवं ग्रीवा कैंसर जागरूकता एवं परीक्षण किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में मरीजों के स्क्रीनिंग एवं पोस्ट ऑपरेटिव केयर हेतु व्यवस्था की गयी है द्य इस शिविर का लक्ष्य गरीब जरुरतमंद व्यक्तियों को चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराना है। इस दौरान उपायुक्त ने अपील करते हुए कहा की जरूरतमंद, गरीब व असहाय पीड़ित व्यक्तियों को इस शिविर के बारे में जानकारी दें तथा शिविर तक पहुँचने में उनकी मदद करें ।इस दौरान माननीय विधायक, उपायुक्त द्वारा निबंधन काउंटर का निरीक्षण कर मरीजों के निबंधन, आवासन, भोजन, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा सहित संबंधित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। एवं खबर लिखे जाने तक शिविर में चिकित्सकों के द्वारा लगभग 1200 व्यक्तियों के आँख का जाँच किया गया था।ओपीडी की तिथिवार जानकारी इस प्रकार हैङ्गआंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी दिनांक 15 से 20 मई तक।कान की जांच और कान की सर्जरी दिनांक 22 से 26 मई तक।मुड़े हुए पैर का परिक्षण एवं सर्जरी( 14 साल की नीचे) दिनांक 28 से 30 मई तक। कटे फटे ओठ की जांच एवं सर्जरी दिनांक 28 से 30 मई तक।दांत की जांच एवं उपचार दिनांक 30 मई से 04 जुन तक।स्तन और ग्रीवा कैंसर जागरुकता एवं परिक्षण दिनांक 15 मई से 20 मई तक।

# जनता दरबार में आया पेयजल समस्या का मामला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की उपस्थिति में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के प्रतिनिधि का भी उपस्थिति रही। मौके पर राशन, पेंशन व जमीनी विवाद के मामले के साथ प्रखंड के हर कोने से पेयजल आपूर्ति की समस्या जनता दरबार में पहुंची। मौके पर मौजूद जिप सदस्य कन्हाई सिंह और बीडीओ के बीच जनता के समस्याओं के समाधान को लेकर तीखी बहस भी हो गई।बता दें कि प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी पंचायतों में पेयजल आपूर्ति को लेकर बड़े पैमाने पर लाखों रुपए की लागत से जल मीनार अधिष्ठापन किए गए पर दर्जनों जल मीनार बेकार पड़े हुए हैं, जबकि दर्जनों जल मीनार की मरम्मती भी की गई है। वहीं प्रत्येक वर्ष चापाकल मरम्मती के लिए पंचायत व पीएचइडी विभाग के द्वारा लाखों रुपए खर्च किए गए हैं बावजूद इसके पेयजल की समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं हर घर नलजल योजना कछुआ चाल में फंसती जा रही है।सही मायने में उक्त योजना की जांच हो तो अनियमितताओं की फेहरिस्त लंबी हो जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक को बीडीओ ने दिया ट्राइसाइकिल

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत मडमो के पंसस बाहाराम हांसदा एवं मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा ने अपने पंचायत के असहाय दिव्यांग को ट्राइसाइकिल विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में आवेदन देकर दिलवाया । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी ने मडमो के संतोष राम,पिता-हीरालाल रविदास को अपने हाथों से सौपा। बताया जाता है,कि संतोष राम,पिता-हीरालाल रविदास का एक सड़क दुर्घटना में पाँव गवाना पड़ा था,जिसकी वजह से इनका चलना -फिरना दूभर हो गया था । इस मुश्किल को समझते हुए पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने अच्छा कार्य किया जिसके लिए ग्रामीणों ने सराहना की । इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी,महेश बर्णवाल,शनिचर सोरेन,बाहाराम मरांडी,रामेश्वर पटेल,प्रयाग ठाकुर समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे ।

### बनासो में तेज आंधी ने मुर्गा फार्म को पहुंचाया नुकसान

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बनासो पंचायत के अयूब अंसारी, पिता-कमरुद्दीन अंसारी के पॉल्ट्री मुर्गा फॉर्म में लगे सीमेंट की चादरें(केरकेट शीट)15 मई 2023 को तेज आँधी में उड़ गए,जिससे फॉर्म मालिक अयूब अंसारी को लाखों के नुकसान होने की संभावना जताई गई । घटनास्थल पर देखने से पता चला कि करीब 60 -65 सीमेंट चादरें (केरकेट शीट)तेज आँधी उड़ कर गिर गया,जिससे दबकर करीब 100-150 तैयार मुर्गा मर गया । इस आँधी में मुर्गा फार्म के मालिक को काफी हानि हुई।

### जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामले आए

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, बरही के कटीयोन में सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन,पेंशन,भूमि अधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

### अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अरगड्डा के जीपी कैंप हनुमान मंदिर कमेटी के द्वारा मंगलवार को बेहतर स्वच्छता कार्य के लिए समाजसेवी रंजीत पासवान और वार्ड 14 आलिफ अंसारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इसे लेकर समाजसेवी रंजीत और नप जमादार आलिफ ने खुशी जताते हुए आभार व्यक्त किया। सभी ने कहां कि स्वच्छता के प्रति सभी का सहयोग मिला। तभी कार्य संपन्न हुआ। मौके पर मंदिर समिति के बृज मनी तिवारी, रंजीत सिंह, संजय सिंह जनार्दन सिंह, बड़े मन तिवारी, आलोक सिंह, आनंद सिंह, अनिल यादव, अशोक कुमार, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

### कोयला क्षेत्र में पत्रकारों को हर संभव सहयोग मिले : रविकांत

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्य झारखंड के प्रदेश संगठन सचिव सह सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र गिद्दी क्षेत्र निवासी रविकांत बनर्जी, आईआए पश्चिम बंगाल महासचिव जहांगीर आलम ने मंगलवार को एक सादे कार्यक्रम में बीसीसीएल कोयला भवन के प्रांगण में बीसीसीएल के डायरेक्टर पर्सनल मुरली कृष्णा रमैया को अंग वस्त्र, मोमेंटो और कप भेंटकर सम्मानित किया। अवसर पर प्रदेश संगठन आईआरए प्रदेश संगठन सचिव रविकांत बनर्जी ने कहां कि कोयला क्षेत्र में जो आधुनिक बदलाव हो रहे हैं। वह वर्तमान समय में अच्छे और रोड मैप तैयार कर प्लानिंग के साथ कोयला निकाल देश को ऊर्जा के क्षेत्र में हर वर्ष नए कीर्तिमान आज के वरीय पदाधिकारीयो के सटीक मार्गदर्शन पहुंचा रहे हैं। आईआरए संगठन सचिव रविकांत ने आग्रह किया कि कोयला क्षेत्रों में समाज के आईना कहे जाने वाले पत्रकारों को भी कंपनी के द्वारा सहयोग मिले। जिससे सामंजस्य बनाकर कोयला क्षेत्र को तरक्की की राह पर ले जाया जा सकें। इससे क्षेत्र में उत्पादन में बढ़ोतरी, रोजगार उत्पन्न हो सके और कोयला नगरी का भविष्य उज्जवल हो।कार्यक्रम में जनरल मैनेजर पर्सनल विद्युत शाहा, जीएम एडमिनिस्ट्रेशन भूषण जी, सीएमडी के पीए एस चक्रवर्ती, पीआरओ उदयवीर, चक्रवर्ती जी,एम अली, जहांगीर आलम, नीरज रावत, नीरज कुमार, अनिल पांडे, संजय चौरसिया, जहांगीर, विक्रम सिंह, प्रकाश महतो, विपिन कुमार, अमित कुमार, अजीत कुमार, रिजवान भाई, गंगा कुमार, संजय चौरसिया, विपिन कुमार, सुरेंद्र राम, मोहम्मद सद्दाम, अमित कुमार, आदि उपस्थित थे।

## देश को कलम के मार्गदर्शन से कोयला ऊर्जा उत्पादन में कीर्तिमान मिलेगा : समीरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिरका :** इंडियन रिपोर्टर एसोसिएशन (आईआरए) द्वारा कोयला भवन धनबाद के सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता, डायरेक्टर पर्सनल मुरली कृष्णा रमैया, डायरेक्टर टेक्निकल ऑपरेशन संजय सिंह, डायरेक्टर टेक्निकल उदय ए. कोले, डायरेक्टर फाइनेंस आरके सहाय, उपस्थित थे। इंडियन रिपोर्टर एसोसिएशन द्वारा सीएमडी समीरण दत्ता को आईआरए के राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें आईआरए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम अली राष्ट्रीय सचिव जहांगीर आलम, अनिल पांडे, आईआरए राज्य झारखंड संगठन सचिव रविकांत बनर्जी ने मोमेंटो एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बीसीसीएल के सीएमडी को सामाजिक उत्थान एवं चौमुखी विकास के लिए (आईआरए) राष्ट्रीय सम्मान से सम्मान दिया गया। बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता ने अपने संबोधन में कहां कि पत्रकारों की कलम से निष्पक्ष खबरें कंपनी को आगे बढ़ने में गति प्रदान करता हैं। किसी भी प्रकार की दुविधा होने पर कंपनी के सभी अधिकारी सहयोग के लिए तत्पर हैं। हम सभी क्षेत्र समेत पूरे देश को कलम के मार्गदर्शन से ऊर्जा उत्पादन में नए कीर्तिमान दे पाएंगे। इसमें सभी का सहयोग जरूरी हैं। इंडियन रिपोर्टरस एसोसिएशन की कराना करते हुए कहा कि किसी तरह की कोई समस्या हो तो संवाद करें। इसक लिए हम तत्पर हैं। डायरेक्टर टेक्निकल संजय सिंह ने कहां कि बीसीसीएल है तो धनबाद हैं। इसलिए बीसीसीएल के उत्थान में आप लोगों का भी सहयोग हमेशा मिलता रहे। बीसीसीएल के उत्थान में मिलजुल कर आगे बढ़े। वही आईआरए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम. अली ने कहा कि इंडियन रिपोर्टरस एसोसिएशन 24 राज्यों में फैला हुआ हैं। इस संगठन से जुड़े पत्रकार एक परिवार की तरह हैं। साथ हघ इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होने से एक सौहार्द बनता हैं। इस तरह का कार्यक्रम आगे भी किया जाएगा। इंडियन रिपोर्टरस एसोसिएशन के जनरल सेक्रेट्री जहांगीर आलम, प्रदेश झारखंड राज्य संगठन सचिव रविकांत बनर्जी ने एक साथ कहां कि यह बहुत ही अच्छी पहल हैं। बीसीसीएल के अधिकारियों को हमारी ओर से हार्दिक बधाई। इसी तरह बीसीएसएल और तरक्की करें। जबकि सामाजिक कार्य में महत्वपूर्ण योगदान निभाए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पत्रकारों को भी धन्यवाद दिया।

## अवैध रूप से चल रहे आरा मील में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को कुशहाना गाँव के समीप अवैध रूप से संचालित एक आरा मिल को पूरी तरह से ध्वस्त करते हुए कई कीमती लकड़ियों को बरामद किया गया. बताया जाता है कि उक्त इकाई का संचालन कई वर्षो से जारी था, जिसकी जानकारी मिलने के बाद अवैध रूप से संचालित आरा मील को डोमचांच वन विभाग के रेंजर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए ध्वस्त किया गया। वहीं कई कीमती लकड़ियां भी जप्त किए गए, इस दौरान बताया जाता है कि रेंजर श्री कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कुशहाना गाँव में मंगलवार को कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से चल रहे हैं, आरा मिल को ध्वस्त किया गया। जबकि कीमती लकड़ियां व जनरेटर भी जप्त किया गया।

## 11 सूत्री मांगों को लेकर राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल आठवें दिन भी जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** जनसेवकों का अपने 11 सूत्री मांग को लेकर झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर जिला सचिव रविंद्र कुमार महतो के नेतृत्व में पुराने प्रखंड सभागार रामगढ़ के समीप अनिश्चितकालीन हड़ताल का आठवां दिन भी जारी रहा द्य जिला सचिव रविंद्र कुमार महतो ने बताया कि इस क्रम में रामगढ़ जिले के सभी जनसेवकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर सभी प्रकार का कृषि, विकासात्मक एवं अन्य कार्य जैसे मनरेगा, सभी प्रकार की आवास योजना, सर्वजन पेंशन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, कृषि कार्य, सांख्यिकीय कार्य, विभिन्न पर्यवेक्षकीय कार्य सहित अन्य कई महत्वपूर्ण कार्य का निष्पादन ठप हो गया है। विदित हो की जनसेवक पंचायत सचिव, सहायक गोदाम प्रबंधक, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, प्रखण्ड नाज़िर, प्रखण्ड स्थापना, प्रधानमंत्री आवास लिपिक, निर्वाचन कार्य, जिला परिषद में लिपिक आदि पदों के प्रभार में है। जनसेवकों के हड़ताल में चले जाने के कारण उक्त सभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताया की जल्दी सरकार हमारी ओर ध्यान आकृष्ट कर हमारी मांगों को पूरा करेंगे रविंद्र कुमार महतो, विकास प्रसाद, उमेश कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, बिमल कुमार बेदिया, विनीता सिंह, आलोक मित्रा, परमानंद कुमार, ज्ञानी प्रताप भारती, जितेंद्र प्रसाद, विकास कुमार, संदीप कुमार, सुमित कुमार सिन्हा, छत्रधारी महतो, आनंद कुमार, जॉर्ज टुडू, रवि सागर पाण्डेय बड़ी संख्या में जनसेवक उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी नियुक्त करने की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** मुख्यालय में विगत लगभग 2 माह से अंचलाधिकारी का पद रिक्त रहने के कारण ग्रामीणों को घोर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो की अंचलाधिकारी अमित कुमार किस्कु के द्वारा सुसज्जित तरीके से कामकाज किया जा रहा था ग्रामीणों की समस्याओं को सुनी जा रही थी परंतु 22 मार्च को अचानक उनका तबादला रांची मुख्यालय कर दिया गया। तब से लेकर बड़कागांव अंचल में अंचलाधिकारी का पद रिक्त पड़ा है। हालांकि प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे को अंचलाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है ताकि अंचल की कामकाज पूरी हो सके। ग्रामीणों के कामकाज पूरा नहीं होता देख समाजसेवी सोनू इराकी ने झारखंड सरकार से बड़कागांव में जल्द से जल्द रिक्त पड़े अंचलाधिकारी नियुक्त करने की मांग की गई है। जल्द से जल्द अगर सीओ का नियुक्ति नहीं होती है तो जनता के साथ अंचल कार्यालय के बाहर धरना में बैठ जाएंगे। मांग करने वालों में मुख्य रूप से पप्पू मेहरा, टिकन भुइयां, परवेज आलम, अबू बकरत, सरोज कुमार महतो, सुनील कुमार, राजा खान, रीना देवी, प्रभा देवी, रानी देवी आदि शामिल थे।

## कटिया में मंडा पूजा संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** पंचायत कटिया बस्ती में मंडा पर्व बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।मंडा पर्व में रात्रि लोटन सेवा फूलखोसी छउ नृत्य प्रस्तुत किए गए।पुरुलिया से महिला कलाकारों ने देवी देवताओं से जुड़े नृत्य प्रस्तुत कर रात भर लोगों को मंत्रमुग्ध किया।तथा 112 भोक्ता और 112 शौकताइन नदी स्नान ध्यान कर मंडा स्थल पहुंचे जहां विधिवत पूजा के बाद भोक्ता व शोकताइन ने दहकते अंगारे पर नंगे पांव चलकर शिव भक्ति का परिचय दिया। पूजा-पट भोक्ता गोलाइत गोसाई बाबा के देखरेख में हुआ।तथा भक्तों ने कांटेदार किल को शरीर में चूभोकर बनस झूला झूल कर अपनी आस्था का परिचय दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बड़कागांव के माननीय विधायक सुश्री अंबा प्रसाद तथा आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी उपस्थित हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडा समिति के अध्यक्ष नंद किशोर महतो संचालन मोहित कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर मुखिया किशोर कुमार महतो,वकील महतो,नरेश महतो,रवि कुमार,रविंद्र कुमार,शंकर महतो,गणेश ठाकुर राजेश कुमार,सरोज कुमार आदि के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## झारखंड ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां अब बड़े जनआंदोलन की जरूरत है : संजय मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** चौक से 1 मई से शुरू हुई जनसंवाद यात्रा चौपारण के सेलहारा पहुँची। इस दौरान सैकड़ो लोगों ने जनसंवाद यात्रा पर अपनी प्रतिक्रिया दी। वक्ताओं को घंटो तक आम जनों ने सुना।इस दौरान संजय मेहता ने कहा कि किसी भी राज्य का निर्माण मौलिक भाषा, संस्कृति, जीवनशैली के आधार पर होता है। झारखंड की अपनी विशिष्ट मौलिक पहचान है।झारखंड अलग राज्य निर्माण का उद्देश्य आज तक पूर्ण नहीं हो पाया है। राज्य के भीतर विधानसभा एवं संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में जिस तरीके से बाहरी तत्वों ने कब्जा जमा लिया है यह राज्य के लिए घातक है।राज्य के सामाजिक, राजनीतिक समीकरण के लिए भी बाहरी लोगों का यहाँ से प्रतिनिधित्व करना ठीक नहीं है। झारखंड के अंदर राजनीतिक चेतना को जागृत करने की जरूरत है । संजय मेहता ने कहा कि बरही विधानसभा से लेकर हजारीबाग, चतरा, गोड्डा, धनबाद, राँची समेत अन्य लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्रों में जिस तरीके झारखंडी माटी से बाहर के लोगों ने कब्जा किया है यह एक चिंता का सवाल है।हमारी लड़ाई किसी से व्यक्तिगत तौर पर नहीं है। हमारी लड़ाई वैचारिक है। शिक्षा, रोजगार, नियोजन, स्थानीयता, जन मुद्दे, बुनियादी मसलों को लेकर वैसे लोग जरा भी गंभीर नहीं हैं जो इस माटी के नहीं है।कार्यपालिका और न्यायपालिका में झारखंड के लोग कम हैं। अगर विधायिका की हिस्सेदारी भी बाहरी तत्व हड़प लेंगे तो राज्य के लोग कहाँ जाएँगे ?संजय मेहता ने बुलंद आवाज में कहा कि अपनी माटी से अपना नेतृत्व कौशल को निखारना होगा। तभी झारखंड की माटी इन बाहरी तत्वों से बच पाएगी।सेलहारा में यात्रा को संबोधित करते हुए भुनेश्वर यादव ने कहा कि आज की तारीख में हमारे बीच हमारे जो जनप्रतिनिधि हैं वे जनमुद्दों को लेकर निराशाजनक रवैया रखते हैं। सिर्फ निजी स्वार्थ उनके ऊपर हावी है।यह एक बहुत बड़ा सवाल है कि दशकों तक हमारी माटी का नेतृत्व करने वाले लोग शैक्षणिक विकास पर कुछ भी नहीं कर सके। आखिर ऐसे में हम क्यों नहीं सवाल उठाएं,यात्रा अपने उद्देश्यों में पूर्ण तौर पर सफल होगी। हम ईमानदारी से अपने प्रयास को पूरा कर रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि बरही, हज़ारीबाग की धरती अब एक जन आन्दोलन कि माँग कर रही है।

## उपायुक्त नैंसी सहाय ने मुखिया उत्तम महतो को दिया प्रशस्ति पत्र

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 15.मई 2023 को स्वच्छ भारत अभियान के स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के सफल आयोजन पर हज़ारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत सारूकुदर पंचायत मुखिया सह विष्णुगढ़ मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम महतो को अपने पंचायत में स्वच्छता पखवाड़े का सफल आयोजन एवं अपने कार्य से अन्य पंचायतो के लिए प्रेरणास्रोत बनकर कार्य किया,जिसके फलस्वरूप उत्कृष्ट योगदान के लिए सारूकुदर पंचायत के मुखिया उत्तम महतो को जल एंव स्वच्छता समिति हजारीबाग द्वारा प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

प्रशस्ति पत्र पाकर अपनी खुशी का इजहार करते हुए मुखिया उत्तम महतो ने कहा कि समाज मे अच्छा कार्य करने के बाद अगर सम्मान मिलता है तो खुशी दोगुनी हो,जाती है । आगे भी आई समाज के हित में कार्य करता रहूँगा।

## वृद्धि निगरानी सप्ताह 15 से 22 मई तक

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर दिनांक 15 मई से 22 मई तक वृद्धि निगरानी सप्ताह के तहत महिला, बाल विकास एवं सामाजिकि सुरक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभागों के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।

इसके तहत आपसी समन्वय स्थापित कर बच्चों के कुपोषण व महिलाओं के स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने हेतु सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त आंगनबाड़ी स्तर से 0-5 वर्ष तक के बच्चों की नियमित वृद्धि की निगरानी की जा रही है। इस अभियान के अन्तर्गत पूरे सप्ताह जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 0-5 वर्ष के सभी बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा किशोरी बालिकाओं (14-18 वर्ष) का वजन एवं वृद्धि निगरानी का कार्य किया जा रहा है। ताकि बच्चों व महिलाओं के पोषण स्तर की जानकारी प्राप्त की जा सके।

इसके साथ ही बच्चों में कुपोषण व गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने हेतु समेकित प्रयास के तहत विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। गौर तलब है कि भारत सरकार द्वारा निर्मित पोषण ट्रैकर एप्प में वृद्धि निगरानी आंकड़ों की प्रविष्ट कर राज्य/जिला/परियोजना/सेक्टर एवं आंगनबाड़ी स्तर पर कुपोषण की स्थिति का आकलन किया जाना है। इस मौके पर उपायुक्त ने सभी किशोरियों व माताओं को अपने छोटे बच्चों के साथ अपने-अपने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पहुंच कर पोषण निगरानी कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की है।

## मुक्केबाजों का सिलेक्शन अठारह मई को

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड राज्य बॉक्सिंग संघ की स्टेट चैंपियनशिप यूथ का होना तय है जिसमें रामगढ़ जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी एवं सचिव शशि पांडे द्वारा रामगढ़ जिला के मुक्केबाजों से अनुरोध है की अट्ठारह मई को संध्या 4ः00 बजे शशि पांडे के आवास पर पहुंचे ताकि वहां पर मुक्केबाजों का सिलेक्शन किया जा सके जो नवा मंडी में झारखंड राज्य बॉक्सिंग संघ द्वारा।आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में हिस्सा ले सकें जो लोग यहां सिलेक्ट किए जाएंगे उनको नावा मंडी स्टेट चैंपियनशिप खेलने के लिए भेजा जाएगा । साथ ही अनुरोध किया गया है कि सभी समय पर पहुंचकर इसका लाभ उठाएं। सारे मुक्केबाज वहां पहुंचे ताकि ट्रायल में आप सभी को प्रशिक्षित किया जा सके ताकि रामगढ़ जिला मुक्केबाज संघ इस चैंपियनशिप को जीतकर रामगढ़ का नाम ऊंचा कर सके।

## एयर राइफल निशानेबाज सृष्टि कुमारी को एनटीपीसी ने 2.47 लाख का किया सहयोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** चौपारण प्रखंड की 21 वर्षीय सृष्टि कुमारी भोपाल व केरल में आयोजित राष्ट्रीय खेल में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रमशः 605.5 एवं 619.5 स्कोर हासिल किया। सृष्टि कुमारी का अगला मुकाबला 4 जून को केरल में खेला जाएगा।

झारखंड की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हजारीबाग का नाम रोशन करने के लिए हजारीबाग की कोल खनन कंपनी एनटीपीसी ने 2.47 लाख का आर्थिक मदद किया। उपायुक्त नैंसी सहाय के हाथों सृष्टि कुमारी को चेक प्रदान किया गया। उपायुक्त ने खिलाड़ी का हौसला अफजाई करते हुए आगामी मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दी।

संत कोलंबस कॉलेज, हजारीबाग की स्नातक की छात्रा सृष्टि कुमारी 2 वर्षो से एयर राइफल से निशानेबाजी का प्रशिक्षण ले रही है। इनके पिता विजय कुमार गुप्ता गुरुग्राम में एक होटल में काम करते है तथा माता एक गृहणी है।

निशानेबाज सृष्टि कुमारी का सपना है कि वह निशानेबाजी में ओलंपिक एवं अन्य अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंट की प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर अपने घर,परिवार,जिला,राज्य एवं देश का नाम में रोशन करें।

इस दौरान एनटीपीसी से महाप्रबंधक सह परियोजना प्रमुख फैज तैयब प्रमुख रुप से मौजूद थे।

## बुद्धिजीवी मंच ने उच्च विद्यालय को प्लस टू में अपग्रेड को ले उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बरकाकाना क्षेत्र के श्री नारायण उच्च विद्यालय और सी सी एल उच्च विद्यालय को प्लस टू में अपग्रेड करने हेतु मांगपत्र रामगढ़ जिला उपायुक्त को सौंपा गया। मांगपत्र में कहा गया कि बरकाकाना क्षेत्र में ये ऐसे उच्च विद्यालय हैं जो प्लस टू में अपग्रेड होने की सभी अहर्ता रखते हैं। विशेष कर क्षेत्र की आवश्यकता की दृष्टि से अब तक इन उच्च विद्यालयों को अपग्रेड कर देना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है।क्षेत्र में 30 से अधिक गांव और आवासीय कालोनियां हैं। बरकाकाना , सी आई सी बस्ती, तालियातु, पीरी, मसमोहना, सियुर, कंडेर, कचूदाग, सिधवार कलां, सिधवार खुर्द, बुजुर्ग जमीरा, पोचरा, ऊपरपोचरा, लोको कालोनी, छोटकाकाना, कटेलिया बेड़ा, कैराबिहार, लाइनपार, पाहन बेड़ा, उरलूंग, घुटुवा, नवा घुटूवा, दुर्गी, सी सी एल कालोनी,अमवाटांड़, केल्हुवापतरा, हेहल, चैंनगड़ा, कोड़ी, बारीडीह, अरमदाग आदि। इस क्षेत्र में पांच निजी व सरकारी उच्च विद्यालय अवस्थित हैं इन पांचों उच्च विद्यालयों से प्रत्येक वर्ष 600 से अधिक बच्चे दसवीं पास करते हैं। परंतु दुख की बात यह है कि दसवीं तक की शिक्षा प्राप्त तो कर लेते हैं लेकिन क्षेत्र में ही 11वीं और 12वीं की शिक्षा सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण दसवीं पास करने वाले निर्धन और मध्यवर्गीय परिवार के अधिकतर बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। पुनः इस वर्ष भी ऐसा ना हो कि अधिकतर बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित रह जाए। क्योंकि रामगढ़ या भुरकुंडा जाने आने के वाहन किराया वहन करने की क्षमता नहीं रखते हैं। अतः उपायुक्त महोदय से निवेदन की गई है कि क्षेत्र के उच्च विद्यालयों को अपग्रेड करते हुए इसी सत्र में नामांकन लेने का काम किया जाए। बुद्धिजीवी मंच ने एक और बहुत ही अहम और गंभीर मुद्दा को उठाया है और कहा है कि प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों की शैक्षणिक स्थिति बहुत चिंताजनक है।

पांचवी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे अपने पाठ्यपुस्तक की एक पंक्ति भी सही-सही पढ़ना लिखना नहीं जानते हैं और साधारण जोड़ घटाव भी उन्हें नहीं आता है जो जांच का विषय है। बुद्धिजीवी मंच ने उपायुक्त महोदया से निवेदन किया है कि प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षण कार्य में सुधार लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का कष्ट करें।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# झारखंड में राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे हैं तीन मामले

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव ने जीत के बाद एक बार फिर राहुल गांधी चर्चा में हैं। लेकिन कर्नाटक से हजारों किलोमीटर दूर झारखंड में राहुल गांधी की चर्चा अदालतों में दूसरी वजह से हो रही है। राहुल गांधी के खिलाफ झारखंड में कुल तीन न्यायिक मामले चल रहे हैं। अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने के मामले में राहत के लिए झारखंड हाईकोर्ट पहुंचे राहुल गांधी की क्वैशिंग याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। तारीख दर तारीख चल रही इस सुनवाई में मंगलवार 16 मई को दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी हो गई और इस मामले में कोर्ट ने



फैसला सुरक्षित रख लिया। वही अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में चाईबासा कोर्ट में जो शिकायत वाद दर्ज की गई थी। उसको लेकर भी राहुल गांधी की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में क्वैशिंग याचिका दाखिल की गई है। जिस पर अगली सुनवाई 18 मई को होनी है।दरअसल अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में प्रार्थी नवीन झा की ओर से रांची सिविल कोर्ट में शिकायत वाद दर्ज कराई गई थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए निचली अदालत ने राहुल गांधी को समन जारी किया था। राहुल गांधी निचली अदालत के इसी फैसले के खिलाफ राहत को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे हैं। आपको बता दें कि झारखंड में राहुल गांधी के खिलाफ कुल तीन मामले हैं। जिसमें एक मामला 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान का है जब राहुल गांधी ने यह बयान दिया था कि सारे मोदी चोर हैं÷ इस मामले को लेकर शिकायतकर्ता प्रदीप मोदी ने कोर्ट में मामला दर्ज किया था. जिसमें उन्होंने कांग्रेस के दिल्ली अधिवेशन में यह बयान दिया था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता, बीजेपी में ही कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है. राहुल गांधी के इस बयान को लेकर देशभर में कई जगहों पर मामले दर्ज हुए थे. वही रांची में शिकायतकर्ता नवीन झा की ओर से कोर्ट में इस मामले के खिलाफ शिकायत की गई थीराहुल गांधी की ओर से इन दोनों मामले को खत्म करने को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में क्वैशिंग याचिका दायर की गई है. जिस पर तारीख के अनुसार लगातार सुनवाई चल रही है.अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में राहुल गांधी की क्वैशिंग याचिका पर बहस पूरी, फैसला सुरक्षित। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ झारखंड में चल रहे कुल 3 मामले इस केस में विपक्षी की ओर से वारिये अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा अधिवक्ताविनोद कुमार और कुमार हर्ष कोर्ट में उपस्थित हुए।

## पैरागॉन ने पेश की फुटवियर की स्टाइलिश वैरायटी की नई रेंज

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत का सबसे भरोसेमंद फुटवियर ब्रांड पैरागॉन पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिये विभिन्न कैटेगरीज में स्टाइलिश फुटवियर प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज पेश करता है। इस गर्मी, पैरागॉन ने अपने भरोसेमंद घराने से प्रीमियम और इंपोर्टेड मैटेरियल्स से बने, विभिन्न रंगों और सामग्री के फुटवियर की एक आरामदायक, लेकिन स्टाइलिश वैरायटी




की नई रेंज पेश की है। महिलाओं के लिये रोजाना की रेंज में, पैरागॉन दो अलग-अलग स्टाइल्स में सोलीया प्लस की पेशकश करता है÷ रोजाना इस्तेमाल के लिये आरामदायक लेज़र कट डिजाइन वाला ऑल-डे स्लीपर, मेटैलिक स्टाइलिंग के साथ पूरे दिन के लिये आसान एक शानदार स्लिप-ऑन सैण्डल। यह एक्सक्लूसिव पैरागॉन स्टोर्स, मल्टी-ब्राण्ड दुकानों और 222.paragonfootwear.com पर उपलब्ध हैं और इनकी कीमत 125 रुपये से शुरू होती है। पुरुषों के लिये रोजाना की वर्टेक्स और स्लिकर्स रेंज का लुक साधारण, लेकिन कैजुअल है और इसलिये यह रोजाना के इस्तेमाल के लिये सबसे बढ़िया है। वर्टेक्स रेंज ट्रेंडी 'वी' स्ट्रैप्स और सुपर स्टाइलिश सैण्डल्स के साथ फ्लिप फ्लॉप्स और स्लिपर्स में उपलब्ध है।

## भारत में पहली बार मिलेगा बेस प्राइस पर हाई परफॉरमेंस फ्यूल

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जियो - बीपी ने आज ACTIVE टेक्नोलॉजी वाले डीजल को लॉन्च करने की घोषणा की, जो उपभोक्ताओं के लिए डीजल मानकों को बेहतर कर देगा। यह नया लॉन्च किया गया एडिटिवाईज़्ड डीजल, कंपनी के नेटवर्क पर मिलेगा। यह ट्रक चालकों को प्रति वाहन 1.1 लाख रुपये तक की वार्षिक बचत देगा, जो 4.3त्न बेहतर ईंधन बचत के कारण हो रही है। यह नया हाई परफॉर्मेंस डीजल सभी जियो-बीपी आउटलेट्स पर मिलेगा। यह भारतीय बाजार में पहली बार बिना किसी अतिरिक्त लागत के मार्केटिंग प्राइस पर मिलेगा।ACTIVE टेक्नोलॉजी के साथ जियो - बीपी आउटलेट्स पर मिलने वाला यह डीजल गंदगी होने के कारण फालतू के रखरखाव के झंझट को कम करेगा और महत्वपूर्ण इंजन के भागों में मौजूद गंदगी को हटा कर उसे बेहतर तरीके से लंबे समय तक चलने में मदद करेगा। यह विभिन्न तरह के कमर्शियल वाहनों में काम करने के हिसाब से डिज़ाइन किया गया है। लगातार उपयोग के साथ यह वाहन के मालिकों और ड्राइवरों को कई तरह के फ़ायदे देगा। यह इंजन की शक्ति को और बढ़ाकर उसे बरकरार रखता है। इतना ही नहीं, यह अनपेक्षित रूप से उत्पन्न होने वाली रखरखाव की जरूरत को भी कम करता है। जियो-बीपी के सीईओ हरीश सी मेहता ने कहा, ''वैसे तो हर एक ग्राहक महत्वपूर्ण है, लेकिन ट्रकर्स का जियो बीपी के लिए हमेशा से एक विशेष महत्व रहा है।

## ओप्पो एफ23 5जी के साथ दिखाएं अपनी सुपरपॉवर, जबरदस्त बैटरी पॉवरहाउस

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अग्रणी ग्लोबल स्मार्ट डिवाईसेज़ ब्रांड, ओप्पो ने अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन, ओप्पो एफ23 5जी के लॉन्च की घोषणा की है। यह डिवाईस 18 मई, 2023 को सुबह 12 बजे से ओप्पो स्टोर,




एमेज़ॉन, और मेनलाईन रिटेल आउटलेट्स पर 24,999 रु. में मिलेगी।ओप्पो और काउंटरप्वाईंट की एक नई शोध में सामने आया है कि भारत में हर 4 में से 3 लोगों को नोमोफोबिया है, यानि वो अपने फोन के बिना रह जाने पर भयभीत हो जाते हैं, ज्यादातर को बैटरी कम/खत्म होने पर डर सताने लगता है। इस अध्ययन में यह भी सामने आया कि 46 प्रतिशत उत्तरदाता अपने फोन को रोज दो बार चार्ज करते हैं, 92 प्रतिशत बैटरी डिस्चार्ज की समस्या से बचने के लिए पॉवर-सेविंग मोड का उपयोग करते हैं, और 60 प्रतिशत स्मार्टफोन यूज़र्स अपने मौजूदा फोन में अच्छी बैटरी न होने पर एक नया फोन खरीदेंगे।नोमोफोबिया की समस्या से निपटने और लंबी चलने वाली, शक्तिशाली, और टिकाऊ बैटरी की जरूरत पूरी करने के लिए ओप्पो ने एफ23 5जी पेश किया है।इस हैंडसेट में ओप्पो की प्रोप्रायटरी 67वॉट सुपरवूक फ्लैश चार्जिंग है, जो इस डिवाईस को 18 मिनट में 50 प्रतिशत चार्ज कर देती है, तथा 5 मिनट की चार्जिंग में 6घंटे तक फोन कॉल की जा सकती है या 2.5 घंटे तक यूट्यूब वीडियो देखा जा सकता है।

## पशुधन विकास योजना के तहत 70 लाभुकों को दिया गया बत्तक चूजा

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय परिसर में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तहत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ क्रिस्टिना रिचा इंदवार ने 70 लाभुकों के बीच प्रति यूनिट 15 -15 बत्तक चूजे का वितरण किया। जिसमें रसोईयाधमना, बेंदगी खोड़ाहर, केदारुत, करसो माधोपुर, रानीचुआं आदि के महिला लाभुक उपस्थित हुई। मौके पर प्रमुख मनोज रजक जेएसपीएलएस के बीएम दीपक कुमार उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना को लेकर किया गया बैठक

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड मुख्यालय सभागार में मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत जरूरतमंद युवा युवतियों को निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण को लेकर एसजीआरएस एकेडमिक के जोनल मैनेजर मुकुल मोयलेन बारला, जिला मैनेजर राजीव कुमार ने आंगनबाड़ी सेविकाओं, जेएसपीएलएस व प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने किया। बैठक में मुकुल मोयलेन बारला ने बताया कि जरूरतमंद युवा युवतियों को 3 महीने का स्किल डेवलपमेंट कोर्स निशुल्क कराया जाता है। उसके बाद सर्टिफिकेट दिया जाता है और नौकरी पाने का सुनहरा अवसर भी दिया जाता है। यदि प्रशिक्षण बाद नौकरी नहीं मिला तो मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रशिक्षित युवाओं को हर माह बेरोजगारी भत्ता के तहत 1500 रुपए मिलेगा। यह वर्ग दसवीं से बारहवीं युवा युवतियों का निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर है। जिसमें लडकों के लिए लालगंज खेलगांव रोड़ रांची में ऑटोमोबाइल्स इलेक्ट्रिशियन, मोबाइल रिपेयर, सोलर पीवी स्कॉलर,फिटर फैब्रिकेशन, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन एवं युवतियों के लिए टाटी सिल्वे खेलगांव रांची में स्विंग मशीन ऑपरेटर, ब्यूटीशियन कुकिंग एवं बेकिंग फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में जेएसपीएलएस के बीपीएम दीपक कुमार, आंगनबाड़ी सेविका अध्यक्ष शोभा देवी समेत विभिन्न पंचायत के आंगनबाड़ी सेविकाएं आदि मौजूद थे।

## नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बाजार में स्थित वेंडिंग जोन का आवंटन

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**कोडरमा :** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत शहरी फुटपाथ विक्रेताओं हेतु सहायता कार्यक्रम के तहत सब्जी मार्केट कोडरमा बाजार में स्थित वेंडिंग जोन का आवंटन शहरी फुटपाथ विक्रेताओं के बीच किया गयाद्य उक्त वेंडिंग जोन में कुल 48 चबूतरे हैं जिसमें 31 चबूतरे के लिये प्राप्त आवेदनों को चबूतरा आवंटित गठित समिति के द्वारा किया गया । नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक जितेंद्र कुमार जैसल के द्वारा बताया गया कि दुकानदार आवंटित चबूतरे में एक सप्ताह में दुकान लगाना सुनिश्चित करेंगे।

## लिप्ट्स लदा वाहन को वन विभाग के कर्मी नें पकड़ा

**मरकच्चो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र में वन विभाग की मिली भगत से लकड़ी ठेकेदार रात दिन हरे पेड़ काट रहे हैं।वहीं वन विभाग की टीम हजारों रुपये लेकर गाडी को छोड़ दे रही है। ताजा मामला थाना क्षेत्र के ग्राम धुबाडीह का है जहां सोमवार की रात एक 407 वाहन में लिप्ट्स लदा वाहन को पकड़ा गया और छोड़ने व पास कराने के एवज में वन विभाग के पांच कर्मियों ने तस्कर से 60 हजार रुपए का मांग किया गया जो अंततः बत्तीस हजार में फाइनल हुवा। वही लकड़ी व्यावस्यी नाम नही छापने के शर्त पर बताया कि फॉरेस्ट पियूष प्रभाकर, वन रक्षी ललन कुमार, रविकांत यादव, गार्ड केजुअल जितेंद्र कुमार का नाम शामिल हैं। सरकार पर्यावरण को लेकर जितना संजीदा है। उतना ही वन विभाग के कर्मियों द्वारा हरियाली को नष्ट करने का सिलसिला क्षेत्र में इन दिनों बिना परमिट के हरे भरे पेड़ों पर आरा चल रहा है।वन विभाग पर्यावरण संतुलन के लिए पौध रोपण करा रहा है, जिस पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाया जा रहा है। बावजूद इसके आम,महुआ,नीम, शीशम व सागौन जैसे पेड़ों को ठेकेदार काटकर उठा ले जाते हैं। वहीं क्षेत्र में हो रही हरे वृक्षों की कटाई के लिए वन विभाग के कानों तक जूं तो रेंगती है मगर लेन देन कर मामला को रफा दफा कर दिया जाता है।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति, (Expression Of Interest)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ जिला अन्तर्गत **ओल्ड एज होम 25 (पच्चीस बेड)** के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से ज्ञापांक 366/स0क0 दिनांक 31.03.2023 एवं ज्ञापांक 491/स0क0 दिनांक 03.05.2023 PR No. 296460 Date 03/05/2023 द्वारा इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression Of Interest) आमंत्रित किया गया था, जिसे रद्द करते हुए पुनः रामगढ़ जिला अन्तर्गत **ओल्ड एज होम 25 (पच्चीस बेड)** के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था सेइच्छा की अभिव्यक्ति (Expression Of Interest) आमंत्रित किया जाता है। स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ में किया जायेगा।

अतः इच्छुक स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression Of Interest) का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में **उपायुक्त, रामगढ़** को संबोधित करते हुए स्थान–जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ में दिनांक 22/05/2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक हाथों–हाथ अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति ब्लॉक ए में अवस्थित उपायुक्त, रामगढ़ के सभा कक्ष में दिनांक 23/05/2023 को 12:00 बजे ~~पूर्वाह्न~~/अपराह्न में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिसमें स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि को उपस्थित रहना होगा।

**नोट :– उपरोक्त इच्छा कि अभिव्यक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी रामगढ़ जिला के वेबसाईट www.ramgarh.nic.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
उपायुक्त, रामगढ़

PR 297530 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(2nd Call)

**Tender Notice No.-DWSD/GAR-SVS-22/2022–23** **Dated – 15.05.2023**

| Sl. No. | Name of Work | Group No. | No. of Schemes | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of **Tetardih, SVS** under **Ramkanda Block** | Gar-21 | 06 Nos. | 48,63,995.00 | 97,500.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | | 17.05.2023/12:30 P.M. | | | | |
| 3 | Last date & time of Bid Submission | | 22.05.2023/05:00 P.M. | | | | |
| 4 | Last date & time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard copy) | | 23.05.2023/ 10:30 AM to 05:00 P.M. (1) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (2) Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Medininagar. | | | | |
| 5 | Date & time of Opening Tender | | 24.05.2023/05:00 P.M. | | | | |
| 6 | Name & Address of Office inviting tender | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division,Garhwa. | | | | |
| 7 | Name & Address of Opening Officer | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division,Garhwa. | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement office | | 9973003856 | | | | |
| 9 | Help No. of e-Procurement Cell | | 0651-2490920 | | | | |

नोट–(i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO. 297527 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

**Office of the Executive Engineer Drinking Water And Sanitation Division Ramgarh**
**Email id – eedwsd.ramgarh@gmail.com**
**(Urgent)**

**(e-Expression of Interest)**

On behalf of the Government of Jharkhand, the **Drinking Water and Sanitation Department** invites sealed tender offers (Eligibility and Price) for **"Hiring of Agency for Implementation of Gobardhan project in Ramgarh, Jharkhand".** The summary of EOI details is as below:

| Sr. No | Item Details | Particulars |
|---|---|---|
| 1 | EOI No. | SBMG Phase II/DWSD/Gobardhan/o2/2023-24 |
| 2 | EOI Fee. | Rs. 5,000/- (Rupees Five thousand only) |
| 3 | BID Security (EMD) | Rs. 1,00,000/- (Rupees One Lakh only) |
| 4 | Pre-Bid Conference (Address) | OFFICE OF THE Executive Engineer SWACHH BHARAT MISSION (GRAMEEN) Drinking Water & Sanitation Division Ramgarh, Near – Traker Stand Pani tanki Campus Ramgarh Cantt Ramgarh 829122, Phone: - 06553-223193 **Email: - eedwsd.ramgarh@gmail.com** |
| 5 | Address of Communication | OFFICE OF THE Executive Engineer SWACHH BHARAT MISSION (GRAMEEN) Drinking Water & Sanitation Division Ramgarh, Near – Traker Stand Pani tanki Campus Ramgarh Cantt Ramgarh 829122, Phone: - 06553-223193 **Email: - eedwsd.ramgarh@gmail.com** |
| 6 | Mobile Number | 9204931335 |
| 7 | Contact Person | Sri Anand Kumar Singh |
| 8 | Email Contact | eedwsd.ramgarh@gmail.com |

**Tender Calendar:**

| Item Details | Target Date |
|---|---|
| Date of commencement of availability of the tender document. | 20-05-2023 |
| Last date to send requests for clarifications on the Tender. | 23-05-2023 |
| Project briefing & Pre-bid meeting. | 25-05-2023 up to 01.00 PM |
| Last date and time for submission of bids. | 31-05-2023 up to 4.00 PM |
| Last date and time for submission of BID Security (EMD) | 01-06-2023 up to 3.00 PM |
| Opening of Eligibility/Technical Bids. | 03-06-2023 up to 5.00 PM |

Note: - Eligible bids will be opened in the presence of bidders on the specified date. Notice of any changes will be notified on the official website of DWSD. Further, the Price bid/Financial bid Opening Date, Time & Venue will be intimated to the qualified Bidders on a later date.

The **Executive Engineer**, D.W. & S. Division Ramgarh reserves the right to accept, reject any tender offer or cancel he entire process without assigning any reason thereof.

नोट:– 1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – daa.jharkhand.gov.in एवं **ramgarh.nic.in** पर देखा जा सकता है।

**Executive Engineer**
**D. W & S. Division Ramgarh**

PR 297461 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

**कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,**
**हजारीबाग, सदर अस्पताल परिसर, हजारीबाग**

निजी अस्पताल/नर्सिंग होम/एलोपैथी क्लिनिक/डेन्टल क्लिनिक/आयुश क्लिनिक/पैथोलॉजी जॉच घर/ एक्स–रे संस्थान आदि के निबंधन हेतु आवश्यक सूचना

Clinical Establishment Act 2010 के तहत हजारीबाग जिला अन्तर्गत संचालित **सभी निजी अस्पताल/नर्सिंग होम/ एलोपैथी क्लिनिक/डेन्टल क्लिनिक/आयुश क्लिनिक/पैथोलॉजी जॉच घर/एक्स–रे संस्थान** आदि का पंजीकृत होना अनिवार्य है।

अतएव हजारीबाग जिला अन्तर्गत उक्त सभी निजी संस्थान के संचालक को सविज्ञाप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे Clinical Establishment Act 2010 के तहत अपने संस्थान के पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु दिनांक 30.05.2023 तक अनिवार्य रूप से अपना आवेदन Online (www.clinicalestablishments.gov.in) पर आवेदित करने के साथ ही उसकी एक प्रति सिविल सर्जन कार्यालय, हजारीबाग में समर्पित कर दें। दिनांक 30.05.2023 के पश्चात बिना निबंधन के संचालित संस्थानों के खिलाफ Clinical Establishment Act 2010 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी एवं इसकी सारी जवाबदेही संबंधित संस्थान के संचालकों की होगी।

दण्ड प्रावधान

अपंजीकृत निजी संस्थान द्वारा चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराये जाने पर Clinical Establishment Act 2010 के धारा 41(1) के तहत आर्थिक दण्ड निम्नवत् प्रावधान है –

**प्रथम बार** – **50000/–रू तक**
**द्वितीय बार** – **200000/–रू तक**
**उत्तरवर्ती बार** – **500000/–रू तक**

सभी निजी अस्पताल / नर्सिंग होम / एलोपैथी क्लिनिक / डेन्टल क्लिनिक / आयुश क्लिनिक/पैथोलॉजी जॉच घर/ एक्स–रे संस्थान आदि में पुछताछ केन्द्र के समीप चिकित्सक का नाम, उसकी योग्यता, मेडिकल कॉउंसिल रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं प्रदत सेवाओं के शुल्क का विवरण हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रदर्शित अनिवार्य है।

**नोटः– सभी आम–जनता/मरीजों से अनुरोध है कि अपना ईलाज पंजीकृत संस्थानों से ही करायें।**

(डॉ0 एस0पी0 सिंह)
असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 297496 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**उप श्रमायुक्त का कार्यालय, श्रम भवन, डोरण्डा, राँची**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, राँची के आदेशानुसार योजनाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु जिला मुख्यालय में 02 एवं सभी प्रखण्ड कार्यालय में 01–01 (कुल–11) होर्डिंग 20'x10' Size का लगाया जाना है। होर्डिंग जिला स्तर पर निर्धारित IPRD दर (रू0 40200/– सभी करों सहित) एवं तकनीकी मानकों का अनुपालन करते हुए लगाया जाना है।

उक्त के आलोक में इच्छुक दिनांक–15.05.2023 से 29.05.2023 को अपराहन् 12:30 बजे तक उप श्रमायुक्त का कार्यालय, श्रम भवन, डोरण्डा, राँची में इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त निविदा दिनांक–30.05.2023 को 01:00 बजे अपराहन् में समिति के या उसके प्राधिकृत व्यक्ति के उपस्थिति में खोला जायेगा।

इच्छा की अभिव्यक्ति के तकनीकी, वित्तीय एवं अन्य शर्तें हेतु कार्यालय के सूचना पट्ट एवं www.ranchi.nic.in पर देखा जा सकता है।

श्रम अधीक्षक,
राँची

PR 297510 Ranchi (23-24)_D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**
**– अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 24.05.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 25.05.2023 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 25.05.2023 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of E -Type Qtr No. -E-27 at sector -I, Dhurwa, Ranchi | 28,15,600.00 | 56500.00 | 5000.00 | Two Months |
| 2 | Renovation Work of Room No. - 62,63,155,159,160 & 161 at Russian Hostel in t he Campus of old Vidhan Sabha Dhurwa, Ranchi. | 21,29,700.00 | 43000.00 | 5000.00 | Two Months |
| 3 | Renovation of B type Quarter No. -1162 ( F.Floor ) in Sector-2 at HEC, Dhurwa , Ranchi. | 3,99,200.00 | 8000.00 | 750.00 | One Months |
| 4 | Renovation of B Type Qtr No. 2601 at Sector- 2, H.E.C, Dhurwa, Ranchi. | 3,98,100.00 | 8000.00 | 750.00 | One Months |
| 5 | Renovation of "CD" Type Qtr No.-177( F.F ) in Sector – 2 at HEC Dhurwa, Ranchi. | 4,40,400.00 | 8850.00 | 750.00 | One Months |
| 6 | Renovation of "C" Type Qtr No.-189 at Hinoo, Ranchi. | 6,62,300.00 | 13500.00 | 1250.00 | One Months |
| 7 | Renovation of "B" Type Qtr No.-101( Ground Floor ) in Sector – III at HEC Dhurwa, Ranchi. | 3,94,300.00 | 8000.00 | 750.00 | One Months |

नोट :निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 297541 Building(23-24)D

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- **347/RI/2023-24/RWD/GUMLA** दिनांक :- **16.05.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/ GUMLA/ 13/2022-23 | टोटो से छोटा अटरिया भाया कोयल नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य (लं– 12.650कि0मी0) | 7,66,04,600.00 | सात करोड़ छियासठ लाख चार हजार छः सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 22.05.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 01.06.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 02.06.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (02.06.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 05.06.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR.NO.297526 Rural Work Department(23-24):D

### उपायुक्त के निर्देश पर शिविर का आयोजन

## पेंशन, राशन व आवास के लिए लोगों ने जमा किया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

देवरी। देवरी प्रखंड के घसकरीडीह पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरहाटांड़ में उपायुक्त एवं बीडीओ के निर्देश पर कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प में उपस्थित पंचायत सेवक गिरधारी महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि विगत दिन गिरिडीह उपायुक्त देवरी प्रखंड निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे उसी क्रम में गरहाटांड़ गावं का भी निरीक्षण किए थे यहां जनता की समस्या को देखते हुए उपायुक्त ने मौखिक रूप से कैंप लगाने का निर्देश दिया था उस आलोक में आज कैंप का आयोजन किया गया है। वहीं आपको बता दें गरहाटांड़ कैंप में स्थानीय मुखिया शांति किस्को, पंचायत समिति सदस्य मेरी महिमा टुडू, उप मुखिया, वार्ड सदस्य के साथ जनप्रतिनिधि के आग्रह पर कांग्रेस प्रदेश महासचिव सह विधानसभा कांग्रेस नेत्री डॉक्टर मंजू कुमारी भी उपस्थित थे। कैंप में डॉ मंजू कुमारी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए का सरकार बिजली माफी योजना, ग्रीन कार्ड धारी को प्रति यूनिट 5 केजी पैकेट चावल, पेंशन इत्यादि योजनाओं के बारे में बताया.वही कैम्प में जमा आवेदन को लेकर अधिकारी को निर्देश देते हुए का सभी का कार्य निष्पादन की जाए। कैम्प में प्रधानमंत्री आवास के लिए लगभग 10 आवेदन, पेंशन 10, न्यू राशन कार्ड 4, बकरी शेड 7, न्यू चापाकल 1 ,कुआ 1 इत्यादि का आवेदन जमा हुआ। कैंप में समाजसेवी जाकिर अंसारी माइकल सोरेन इत्यादि लोगों ने बुजुर्गों का फॉर्म भरवाने इत्यादि कार्य सहयोग करते हुए नजर आए। मौके पर रोजगार सेवक बालेश्वर रविदास एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि ग्रामीण उपस्थित थे। कुछ स्थानीय ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि विभागीय अधिकारी के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा विशेष कैंप में मात्र दो अधिकारी की उपस्थिति निंदनीय है कम से कम संबंधित पेंशन ,राशन जैसी छोटी कार्यो के लिए संबंधित ऑपरेटर का भी होना अनिवार्य था जिससे छोटे कर्या वंदे सपोर्ट निवारण किया जा सकता था।

### रोजगार मेला के आयोजन में युवाओं को सरकारी नौकरी देने का संकल्प लिया गया

## शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया रोजगार मेला का उद्घाटन

### सांसद व विधायक सहित कई गणमान्य रहे मौजुद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** देश में बढ़ते बेरोजगारी को देखते हुए भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां देने के संकल्प को साकार करने के लिए देश भर में 45 स्थानों पर 71 हजार से अधिक नव नियुक्त पत्र देने हेतु रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। धनबाद जिला के रेलवे ऑडिटोरियम भवन में पांचवे चरण का रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेला का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि अन्नपूर्णा देवी, मुख्य अतिथि सांसद पशुपतिनाथ, विधायक राज सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर के की गई। इस रोजगार मेला की शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश को संबोधन किया। इस के बाद अतिथियों ने धनबाद जिला के 30 युवाओं को पोस्टल विभाग और रेलवे के अलावा कई सरकारी विभागों की सहभागिता को नव नियुक्ति पत्र सौंपा।

कोडरमा की सांसद और शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मीडिया से बात करते हुए कहा की झारखंड राज्य में शिक्षा एवं शिक्षकों की स्थिति काफी दयनीय है जिस कारण शिक्षकों की भर्ती अभी तक शुरू नहीं हो पाई है। आगे कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्देश्य है की देश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिले। उसी उद्देश्य से आज पूरा देश में पांचवे चरण का रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

## विश्व डेंगू दिवस : डेंगू से बचना है तो प्रत्येक सप्ताह मनायें ड्राई डे : सिविल सर्जन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व डेंगू दिवस के मौके पर डेंगू को नियंत्रित करने और अंततः उन्मूलन के राष्ट्रीय प्रयास के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए 16 मई को प्रत्येक वर्ष विश्व डेंगू दिवस मनाया जाता है। यह एक विषाणु जनित रोग है जिसका समय पर जांच एवं इलाज नहीं होने पर यह जानलेवा साबित हो सकता है। उक्त जानकारी सिविल सर्जन आलोक विश्वकर्मा ने 16 मई को अपने सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।बविश्व डेंगू दिवस के मौके पर उन्होंने बताया कि विश्व डेंगू दिवस भारत में डेंगू के अस्तित्व को पहचानने और इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में अधिक जागरूकता लाने के लिए मनाया जाता है। डेंगू साफ एवं ठहरे हुए पानी में पनपने वाले संक्रमित मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलने वाला एक्शन क्रमांक तथा अधिसूचित बीमारी है। अगर जल्द से जल्द इस बीमारी के पहचान नहीं हुई तो यह लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी मुक्ति के लिए हमारे स्वास्थ्य विभाग के टीम जिले के तमाम प्रखंडों का दौरा कर गाँव में जमे हुए पानी से पनपने वाले लारवा का सैंपल लेकर उसे नष्ट करने का काम करेगी। इसके लिए लोगों को भी सहयोग देने की जरूरत है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि जनता सप्ताह में एक दिन ड्राई दिवस मनाए, जिसके तहत घर के बर्तनों में जमा पानी, बाथरूम के ड्रामा में जमे पानी तथा घड़े व मटके सहित अन्य बर्तनों में जमे पानी को फेंक कर नया पानी भरे ताकि इसमें होने वाले लारवा को नष्ट किया जा सके।

## सरकारी विदेशी शराब दुकान में हो रही एक्सपायरी डेट बियर की बिक्री

### स्थानीय लोगों की शिकायत पर प्रशासन ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** थाना क्षेत्र के नवडीहा ओपी अंतर्गत गोरो पंचायत के गोंदलीटांड़ मोड़ स्थित सरकारी विदेशी शराब ठेके पर एक्सपायरी डेट का बियर बेचा जाने का मामला सामने आया है। वही अप्रैल वित्तीय वर्ष से झारखंड में सरकारी विदेशी शराब ठेके पर नई नीति एवं नई एजेंसी के साथ शराब की बिक्री की जा रही है इसके साथ ही हर दिन ठेका संबंधित प्रिंट रेट से अधिक वसूली की खबर प्रकाशित हो रही है। हद तो तब पार हो गई जब सरकारी विदेशी शराब ठेके पर एक्सपायरी डेट की बियर धड़ल्ले से बिक्री हो रही थी। मामला सोमवार देर रात प्रकाश में आया जब एक स्थानीय व्यक्ति गोंदलीटांड़ विदेशी शराब ठेका से एक बीयर बोतल लिया जिसमे एक्सपायरी डेट के जगह पर क्रॉस मिला शक के आधार पर उसने एक और बोतल लिया जिसमें एक्सपायरी डेट 7 फरवरी 2023 था। उक्त व्यक्ति ने इसकी शिकायत सोशल मीडिया के माध्यम से उपायुक्त महोदय से किया । उपायुक्त एवं वरीय अधिकारी के निर्देश पर जमुआ अंचलाधिकारी द्वारिका बैठा, जमुआ थाना प्रभारी पप्पू कुमार एवं नवडीहा ओपी प्रभारी राधेश्याम पांडेय दल बल के साथ लगभग 10:30 बजे रात्रि शराब ठेके पर पहुंचे लेकिन दुकान बंद होने के कारण अधिकारी निरीक्षण नहीं कर पाए थे। वही दूसरे दिन मंगलवार को सुबह 10:00 बजे जमुआ अंचलाधिकारी द्वारिका बैठा, नवडीहा ओपी प्रभारी राधेश्याम पांडेय की उपस्थिति में शराब ठेका खोली



गई और उक्त अधिकारी ने शराब दुकान का निरीक्षण किया जहां पर लगभग एक 11 बोतल एक्सपायरी डेट की बियर पाई गई। आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर सुधीर कुमार भी पहुंचकर दुकान का निरीक्षण किया एवं दुकान में कार्यरत सेल्समैन आनंद सिंह को पूछताछ के लिए अपने हिरासत में लिया। वही विभाग और एजेंसी या फिर ठेका पर कार्यरत सेल्समैन की सांठगांठ से खुलेआम एक्सपायरी बियर बेखौफ बेचा जा रहा था। वहीं सेंटिक्स एवं फूड विभाग के अनुसार एक्सपायरी प्रोडक्ट खाने या पीने से काफी नुकसान होता है यहां तक कई बार जहर का भी रुप ले लेते हैं। वही जानकार बताते है की जिन, वोदका, व्हिस्की, टकीला और रम जैसी शराब को शेल्फ-स्टेबल माना जाता है लेकिन कई दूसरी शराब और खासकर बियर छह महीने बाद एक्सपायर हो जाती है।

## डीएफवो के आदेशानुसार लकड़ी मिल पर कार्रवाई, दो मिल ध्वस्त



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के चक्रदाहा और दमोदरडीह में डी एफ वो के आदेशानुसार अवैध आरा मिलो पर वन विभाग ने करवाई करते हुवे दो आरा मिलो को ध्वस्त किया। करवाई के दौरान मिल संचालन द्वारा झड़प की भी कोशिश हुई लेकिन अधिकारियो ने सख्ती से करवाई करते हुवे दोनों आरा मिलो को ध्वस्त कर मिल में रखी लकड़ियों को रेंजर आफिस ले गया। पर्यावरण को बचने के लिए जंगल बचाना जरुरी है लेकिन अवैध रूप से संचालित आरा मिल जंगल को काटने में मुख्य भूमिका निभाते है। वन विभाग के इस करवाई से आरा मिल संचालित करने वालो में हड़कंप है वही विभाग ने कहा की इस तरह की करवाई लगातार जारी रहेगा।

## खरखरी तालाब के पास हुआ पेप्लेक्स एटीएम का उद्घाटन

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत खरखरी तालाब




के पास पेप्लेक्स एटीएम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के कर्मठ एवम झुझारू नेता कारू यादव ने किया। एटीएम खोले जाने पर कारू यादव ने आसपास की जनता को बधाई दी, और बताया की पेप्लेक्स एटीएम नवागढ़ ,खरखरी और आस पास के क्षेत्र का ऐसा पहला एटीएम है ,जहां पर एटीएम से पैसा निकालने वाले उपभोगता एटीएम के साथ साथ, क्यूआर कोड के द्वारा,और आधार कार्ड की सहायता से भी पैसा निकाल और जमा कर सकते है। मौके पर अतिथि स्वरूप नेता सुभाष राय, सुभाष पासवान, प्रदीप यादव, मन्नू यादव, कमलेश यादव, मनी विश्वकर्मा, राजकुमार यादव, बजरंगी पासवान, छोटू पासवान इत्यादि मौजूद थे।

## सहायक अध्यापक संघ ने दी श्रद्धांजलि

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस के वरीय नेता सह झारखंड



पैट्रोल एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह की मां के श्राद्ध कार्यक्रम में पहुंचे सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश संगठन महामंत्री सुशील कुमार पांडे, धनबाद जिला अध्यक्ष निरंजन दे, नीरज मिश्र, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव संतोष महतो समेत अन्य लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नमामि गंगे के तहत निकाली गई स्वच्छता रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मैथन :** नमामि गंगे के तहत मंगलवार की सुबह मैथन मेन गेट से लेकर मैथन डैम तक स्वच्छता रैली सह पदयात्रा का आयोजन प्रखंड कार्यालय एग्यारकुंड के बीडीओ द्वारा किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण शामिल हुए। मैथन मेन गेट से मैथन डैम तक पदयात्रा के दौरान स्वच्छता के स्लोगन बोलते हुए सभी पंचायत प्रतिनिधि लोगों को जागरूक कर रहे थे। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे एग्यारकुंड प्रखंड वीडियो विनोद कर्मकार ने कहा कि नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत स्वच्छता रैली सह पदयात्रा का आयोजन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि स्वच्छ रहना, गंदगी ना फैलाना एवं नदी व डैम को स्वच्छ रखना। उन्होंने सभी से अपील किया कि आस पास गंदगी ना फैलाएं और स्वच्छ रहें। इस दौरान प्रखंड प्रमुख संगीता महतो, उप प्रमुख विनोद दास, मुखिया संघ अध्यक्ष काकुली मुखर्जी, मनोज राउत, रंजीत पासवान, तनवीर आलम, सपन नाग, बबलू चौधरी, अजय मुर्मू, मोइना बाउरी, दुर्गा देवी, लालू रविदास, कार्तिक महतो, मनोज राम आदि मौजूद थे।

## इंडियन रिपोर्टर एसोसिएशन : सम्मान समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मंगलवार को इंडियन रिपोर्टर एसोसिएशन (ई आर ए) द्वारा कोयला भवन के सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता, डायरेक्टर पर्सनल मुरली कृष्णा रमैया, डायरेक्टर टेक्निकल ऑपरेशन संजय सिंह, डायरेक्टर टेक्निकल उदय ए कोले, डायरेक्टर फाइनेंस आरके सहाय उपस्थित थे। इंडियन रिपोर्टर एसोसिएशन द्वारा सीएमडी समीरण दत्ता को ई आर ए के राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें ई आर ए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम. अली. राष्ट्रीय सचिव जहांगीर आलम एवं अनिल पांडे ने




मोमेंटो एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बीसीसीएल के सीएमडी को सामाजिक उत्थान एवं चौमुखी विकास के लिए (आई आर ए) राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनरल मैनेजर पर्सनल विद्युत साहा, जीएम एडमिनिस्ट्रेशन भूषण, सीएमडी पी.एस. चक्रवर्ती, जीएम सेफ्टी आरके निगम, पी आर ओ उदयवीर सिंह, चक्रवर्ती, एम अली, जहांगीर आलम, नीरज रावत, नीरज कुमार, अनिल पांडे, एस.कुमार, जहांगीर, विक्रम सिंह, प्रकाश महतो, रविकांत बनर्जी संगठन सचिव, विपिन कुमार, अमित कुमार, अजीत कुमार, रिजवान भाई, गंगा कुमार, विपिन कुमार, सुरेंद्र राम, मोहम्मद सद्दाम, अमित कुमार आदि ने सहयोग किया।

## संविदा कर्मियों ने अधीक्षक से की भेंट

### 120 कर्मियों को हटाने का विरोध



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी 120 संविदा कर्मियों की छंटनी के बाद एसएनएमएमसीएच के संविदा कर्मियों में उबाल आ गया है। छंटनी के लिए जारी किए गए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पत्र के आलोक में शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में कार्यरत संविदा कर्मी मंगलवार को अस्पताल अधीक्षक से मुलाकात कर अपनी बातों को रखा। जिसमें उन्होंने बताया कि वह वर्षों से अस्पताल को अपनी सेवा दे रहे हैं। ऐसे में स्वास्थय विभाग द्वारा जारी चिट्ठी के आलोक में अगर उनकी छंटनी होती है, तो वह आंदोलनात्मक रुख अख्तियार करेंगे।

### मासस के बैनर तले पेंसनर्स व दुकानदारों ने किया धरना प्रदर्शन

## पूर्व विधायक ने दी आंदोलन की चेतावनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** डीवीसी मैथन द्वारा पेंसनर्स आवास एवं निजी दुकानदारों के भाड़ा में बेतहाशा वृद्धि किये जाने के विरोध में मंगलवार को मासस के बैनर तले पेंसनर्स एवं दुकानदारों ने प्रशासनिक भवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। कहा कि डीवीसी प्रबंधन मनमानी पर उतर आई है जहां शुरुआती दौर में 10 पैसा प्रति वर्ग फीट भाड़ा वसूल लिया जाता था। वही आज उसे बढ़ाकर एक रुपया प्रति वर्ग फिट किया गया है। इससे साफ जाहिर होता है कि डीवीसी अब मनमानी पर उतर आई है। डीवीसी भाड़ा बढ़ोतरी का फरमान वापस ले अन्यथा जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

वही कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि सभी पब्लिक सेक्टर का यह नियम है कि जो कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं उनको पहले लंबे समय के लिए क्वार्टर दिया जाए। लेकिन यह डीवीसी मैथन पेंशनर्स को बसाने के बजाय उन्हें उजाड़ने में विश्वास जता रहे हैं। डीवीसी में ऐसे सैकड़ों क्वार्टर हैं जिस पर अवैध कब्जा बना हुआ है। डीवीसी को उन लोगों को हटाना चाहिए ना कि वैसे लोगों को जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी डीवीसी को सवारने में लगा दिया। डीवीसी पेंसनर्स को सीधे हटने की बात ना करके भाड़ा बढ़ाकर उन्हें घर छोड़ने पर मजबूर कर रहे हैं। अगर डीवीसी का यही रवैया रहा तो मैथन में रहने के लिए अभी प्रोजेक्ट हेड के साथ पेंशन एवं दुकानदारों को लेकर बैठक किया जाएगा। अगर हमारी मांगों को नहीं माना गया तो इस मुद्दे को लेकर हेड ऑफिस कोलकाता में उठाया जाएगा। फिर भी बात नही बनी तो आंदोलन का रुख अख्तियार किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो डीवीसी का चक्का जाम किया जाएगा। मौके पर काफी संख्या में डीवीसी के पेंसनर्स एवं दुकानदार मौजूद थे।

## नगर परिषद चिरकुंडा को मासस ने आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** आठ सूत्री मांगों को लेकर चिरकुंडा मासस कमिटी के एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को नगर परिषद चिरकुंडा के कार्यपालक पदाधिकारी बिनोद कुमार कर्मकार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि क्षेत्र में पानी, साफ सफाई और अन्य समस्याओं को लेकर आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा गया है। जिनमे गर्मी को देखते हुए जिस वार्ड में पानी पाइप लाइन का कार्य अधूरा है या गड़बड़ी है उसे दुरुस्त किया जाय। नालियों के समीप जमे कचड़े की सफाई की जाय। चिरकुंडा ऑटो स्टैंड के लिए जगह चिन्हित किया जाय ताकि चिरकुंडा चौक को जाम से मुक्ति मिल सके। आने वाले मानसून को देखते हुए सभी वार्ड के नालियों की सफाई की जाय। वार्ड 14,15,16 में पानी की समस्या में जलमीनार निर्माण के लिए स्थल का चिन्हित किया जाय और जल्द से जल्द टंकी निर्माण किया जाय।

## बिहार राज्य में 50 स्टेशनों पर खोले गए ओएसओपी केंद्र से लाभान्वित हो रहे लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** वोकल फॉर लोकल विजन को बढ़ावा देने और स्थानीय उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' की घोषणा के अनुरूप पारंपरिक शिल्प एवं लघु उद्यमों के संरक्षण एवं अधिक से अधिक रोजगार सृजन हेतु भारतीय रेल के 728 रेलवे स्टेशनों को 785 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' आउटलेट से कवर किया गया है । इसी कड़ी में इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत् बिहार राज्य के 50 स्टेशनों को 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' आउटलेट से कवर किया गया है ।




''वन स्टेशन वन प्रोडक्ट'' योजना स्थानीय कारीगरों, कुम्हारों, बुनकरों, जन-जातियों के बेहतर जीविकोपार्जन एवं कल्याण सहित आजीविका और कौशल विकास के अवसर प्रदान करने तथा स्थानीय व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला में मदद करने में सफल रही है । इससे स्थानीय हस्तशिल्प व छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिला है ।

ओएसओपी केंद्रों पर स्थानीय कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित भगवान बुद्ध की मूर्तियां व अन्य काष्ठ कलाकृतियां, जरी जरदोजी के परिधान व अन्य वस्तुएं, मधुबनी पेंटिंग, हस्तनिर्मित सजावटी सामान, हथकरघा उत्पाद, काला चावल जैसे स्थानीय कृषि उत्पाद, मिठाइयों, अचार जैसे स्थानीय खाद्य उत्पादों का प्रदर्शन व बिक्री की जाती है। स्टेशनों पर ओएसओपी केंद्रों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को उच्च दृश्यता मिल रही है तथा उनसे जुड़े स्थानीय कारीगर व अन्य लोग इस अतिरिक्त आय स्रोत से लाभान्वित हो रहे हैं।

इससे स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार का एक नया अवसर पैदा हुआ और वे आर्थिक रूप से समृद्ध हुए हैं । गया निवासी एक स्टॉल संचालक ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वरोजगार से जुड़े छोटे कामगारों को अपने पैर पर खड़ा होने के लिए गया जैसे अति व्यस्ततम रेलवे स्टेशन पर अपने लोकल उत्पाद को बेचने एवं प्रचार-प्रसार का बड़ा अवसर मिला । इसी तरह पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर एक स्टॉल संचालक ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन जैसे अति व्यस्ततम स्टेशन पर स्टॉल खुलने से आर्थिक रूप से समृद्धि आई है ।

# अनुशासित, सुरक्षित और स्वाभिमानी बनाता है एनसीसी : कर्नल राजीव कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** झारखंड थर्ड गर्ल्स बटालियन रांची के कमान अधिकारी कर्नल राजीव कुमार ने लोहरदगा दौरे के क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका प्लस टू विद्यालय में एनसीसी कैडेट के छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी छात्राओं को अनुशासित, सुरक्षित और स्वाभिमानी बनाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि एनसीसी का लक्ष्य है कि छात्राएं कामरेडशिप, अनुशासन, धर्मनिरपेक्षता वाली दृष्टिकोण, साहस की भावना तथा स्वयं सेवा के आदर्शों को विकसित करते हुए अपने चरित्र का निर्माण कर सकें। कर्नल राजीव कुमार ने कहा कि हम एनसीसी कैडेट के छात्राओं के अंदर नेतृत्व का विकास करते हुए एक ओर जहां हथियार चलाना सिखाते हैं वहीं दूसरी ओर बिना हथियार के स्वयं की सुरक्षा और जीवन में अनुशासन का महत्व बताते हुए एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें आर्म्स फोर्सेस की ओर ले जाने को उत्साहित करते हैं, जिससे वे आगे चलकर समाज एवं देश के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस उम्र में गलत रास्ते की ओर छात्राएं ना जाएं इसके लिए हम उन्हें उचित मार्गदर्शन देते हैं। उन्होंने कहा कि लोहरदगा के इस कस्तूरबा बालिका प्लस टू विद्यालय में सुदूर ग्रामीण एवं पहाड़ी क्षेत्रों की बच्चियां पढ़ती है। अतः इसी बात को ध्यान में रखते हुए रांची दीपाटोली में स्थित सैनिक स्कूल के अतिरिक्त यह पहला लोहरदगा का कस्तूरबा बालिका प्लस टू विद्यालय है जहां 100 की संख्या में छात्राओं को एनसीसी कैडेट में शामिल कर प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। कर्नल राजीव कुमार का विद्यालय के बच्चों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर लोहरदगा जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चन्द्रमौलेश्वर, जीटीपीएस के वरीय शिक्षक रामचंद्र गिरि, कस्तूरबा प्लस टू विद्यालय की प्राचार्य सुश्री रेशमा तिर्की, सीटीओ चंचल कुमारी, अब्दुल वाहिद, अनुपमा लाकड़ा, दुलारी कुमारी टोप्पो, अनुपमा लकडा, कंचन रूपा, कुमारी मधु, सोना तिर्की सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बैंकर्स समिति के साथ हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सर्वप्रथम अग्रणी बैंक प्रबंधक, लोहरदगा द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के उपलब्धि पर प्रकाश डाला गया। इसमें डिपोजिट, एडवांस, सीडी रेश्यो, ग्रॉस एनपीए, एमएमएमई, कृषि, केसीसी, पीएमईजीपी, मुद्रा, एसएचजी, एनयूएलएम-एसईपी, स्टैण्ड अप इंडिया और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि आदि विषय शामिल थे। उपायुक्त द्वारा अग्रणी बैंक प्रबंधक को निदेश दिया गया कि केसीसी ऋण स्वीकृत नहीं करनेवाले बैंक प्रबंधकों पर कड़ी कार्रवाई करें। केसीसी से संबंधित जो भी डेटा है उसे कृषि विभाग से अवश्य साझा करें और केसीसी ऋण का निष्पादन कराएं। बैठक में उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा लोहरदगा जिला के वार्षिक क्रेडिट प्लान संबंधी बुकलेट का विमोचन किया गया। आज की बैठक में आरसेटी निदेशक द्वारा आरसेटी के माध्यम से वर्ष 2023-24 में संस्थान की ओर से प्रशिक्षण कराये जाने संबंधी कोर्स व अन्य जानकारी दी। आज की बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक रविंद्र प्रसाद, डीडीएम नाबार्ड संजय त्रिवेदी, आरसेटी निदेशक मयंक और विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

## अरविंद कुमार लाल ने ललित नारायण स्टेडियम में स्थापना दिवस समारोह को लेकर की बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में आज लोहरदगा जिला की 40 वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिनांक आज दिनांक 17.05.2023 को ललित नारायण स्टेडियम, लोहरदगा में आयोजित होनेवाले स्थापना दिवस समारोह को लेकर आवश्यक बैठक उनके कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा व विभिन्न कार्यक्रमों हेतु दिये गये दायित्वों पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि ललित नारायण स्टेडियम में स्टार्टअप मेला-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अपराह्न 3 बजे से किया जाएगा। इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें सर्वप्रथम अतिथियों को सम्मानित किया जाएगा जिसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता व उपविजेता टीमों व प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती और बैडमिंटन की प्रतियोगिता में शामिल होनेवाली टीमें/प्रतिभागी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करनेवाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा, पत्रकारिता आदि के क्षेत्र शामिल हैं। अतिथियों के संबोधन के पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा एकल प्रस्तुति, कलादलों की प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। पद्मश्री मुकुंद नायक और मधु मंसूरी हंसमुख द्वारा प्रस्तुति समारोह का मुख्य आकर्षण होगा। इस मेला जेएसएलपीएस और शिक्षा विभाग की ओर से स्टॉल लगाये जाएंगे। आज की बैठक में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी, होप संस्था की संचालिका, कार्यक्रम के उद्घोषक समेत अन्य उपस्थित थे।

# दोहरा हत्याकांड के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहतदगा :** उगरा कटहल टोली स्थित जंगल में वर्ष 2022 में दोहरा हत्याकांड को अंजाम देने के आरोप में दो अपराधियो को पुलिस गिरफ्तार कर भेजा जेल। लोहतदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा कटहल टोली स्थित जंगल मे 3 मई 2022 को दोहरा हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। जिस निमित सेन्हा थाना कांड संख्या 36/22 दर्ज कर पुलिस द्वारा अनुसंधान जारी था। वही इस हत्याकांड का एक आरोपी पूर्व में जेल जा चुका है जिसके आधार पर उगरा कटहल टोली निवासी रामजी महली का 35 वर्षीय पुत्र राजेश महली और 30 वर्षीय पुत्र दिनेश महली को थाना प्रभारी द्वारा दल बल के साथ दोनों को उगरा कटहल टोली स्थित घर से गिरफ्तार कर जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में 3 मई 2022 को उगरा कटहल टोली स्थित जंगल मे अपराधियो द्वारा दोहरा हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। जिसमें मुर्की निवासी लक्ष्मण उराँव की पत्नी सुशान्ति उराँव तथा सीताराम महली का पुत्र प्रताप महली का हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिये शव को जलाने का प्रयास किया गया था। जिसमें अपराधी विफल हो गये थे। वही हत्या का आरोप में महिला का पति लक्ष्मण उराँव को गिरफ्तार पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। साथ ही हत्याकांड का उदभेदन के लिये अनुसंधान जारी था। तथा अन्य आरोपियों को धर पकड़ करने के लिये छापामारी किया जा रहा था। जिस निमित सोमवार को राजेश महली व दिनेश महली को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी धनंजय पासवान दल बल के साथ मौजूद थे।

# स्वास्थ्य जगरुक्ता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को घातक बीमारी से बचाव के लिए दी गई जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** स्वास्थ्य जगरुक्ता कार्यक्रम के तहत सेन्हा के अलग अलग विद्यायल प्रांगण में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा छात्र छात्राओं को डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसे अन्य संक्रमित बीमारी से बचाव हेतु किया गया जगरुक। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित कन्या मध्य विद्यालय, राजकीय उत्क्रमित उच्च बुनियादी विद्यालय एवं उर्दू मध्य विद्यालय के प्रांगण सेन्हा में राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसे घातक बीमारी से बचाव को लेकर कार्यशाला का आयोजन कर विद्यालय प्रांगण में छात्र छात्राओं को जगरुक किया गया। स्वास्थ्य जगरुक्ता कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य किर्मी मंसूर अंसारी एवं देवेंद्र गिरी के द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसा घातक बीमारी के लक्षण के बारे में बताते हुए देवेंद्र गिरी ने कहा अचानक तेज बुखार आना पहचान खोना तेज सिर दर्द आँखों के पिछले हिस्से में दर्द होना जोड़ो एवं मांसपेशियों में दर्द होना छाती और हाथों में खसरा जैसे चकते दाने निकल आना सहित अन्य लक्षण का जानकारी दिया गया। वहीं इससे बचाव को लेकर मंसूर अंसारी ने कहा घरों के आसपास गंदगी से निजात पाना सभी पुराने टायरों बर्तनों तथा व्यवहार में नही आने वाली वस्तुओं को हटाने की बात बताते हुए छात्र छात्राओं को साफ सफाई के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही कहा कि बिना उपयोग वाले वस्तु को घर के आसपास फेकने से पानी का जमाव होने की संभावना होती है। जिससे गंदगी फैलता है। और डेंगू मच्छर उत्तपन्न होता है। जिसे वह हम सभी के लिए घातक साबित होता है। सहित स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी गाइडलाइन के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ तथा छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## गाली गलौज व मारपीट के आरोप पर नाबालिक लड़का गिरफ्तार, भेजा गया बाल सुधार गृह



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेरेंगहातु ग्राम में गली गलौज एवं मारपीट करने के आरोप पर नाबालिक लड़का को गिरफ्तार कर सेन्हा पुलिस भेजा बाल सुधार गृह सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु ग्राम में पेट्रोल पंप के समीप अंडा दुकानदार द्वारा किसी बात को लेकर विवाद करते हुए तथा गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए। अनिता उराँव ने बताया कि अपने भाई सुजीत उराँव के साथ शकील अंसारी का अंडा दुकान से अंडा लाने गई थी। उसी दौरान मेरे भाई को बेवजह गाली गलौज करते हुए लोहे के रड से मारपीट करने लगा तभी बचाव के लिए आगे आई तो मेरे साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए भदी भदी गालियां देने लगा घटना की जानकारी थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को देते हुए न्याय का गुहार लगाया गया। वहीं थाना प्रभारी ने आवेदन को संज्ञान में लेते हुए थाना कांड संख्या 67/23 दर्ज कर धारा 341,323,354 आईपीसी के तहत पुलिस द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए नाबालिक लड़का को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह गुमला भेज दिया गया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत का हुआ लोहरदगा आगमन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत मंगलवार को निर्धारित कार्यक्रम के तहत लोहरदगा पहुंचे। लोहरदगा के शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में शामिल होने के लिए आरएसएस प्रमुख लोहरदगा पहुंचे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत 17 से 19 मई तक तीन दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग में शामिल होकर स्वयंसेवकों को करेंगे मार्गदर्शन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के लोहरदगा आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किया गया है।

## बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार देने को लेकर भर्त्ती कैम्प का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना परिसर में कैप्स्टन सिक्युरिटी संस्थान द्वारा बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार देने के उद्देश्य से भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया गया। बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार देने के उद्देश्य से कैप्टसन सिक्युरिटी संस्थान द्वारा सुपरवाइजर व सुरक्षा जवान के पद पर कार्य करने के लिये आवेदन लिया गया। वही क्षेत्र से लगभग 70 युवक युवतियों द्वारा आवेदन प्रपत्र भरकर भर्ती कैम्प में किया गया था। जिसमें सुरक्षा जवान के पद पर 35 लोगो का चयन किया गया। वही भर्ती अधिकारी राजेन्द्र तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय कौशल विकास योजना के अन्तर्गत चयनित युवक युवतियों को प्रशिक्षण के लिये हैदराबाद भेज जायेगा। जिनका 15 दिनों का प्रशिक्षण होगा। तथा प्रशिक्षण के उपरांत बैंक, अस्पताल, एटीएम तथा निजी संस्थानों में डियूटी दिया जायेगा। वही कार्यरत जवानों को मासिक 12500 से 15000 रुपैया वेतन के अलावे मेस, आवास, पीएफ, बीमारी के दौरान मुफ्त इलाज, ग्रेच्युटी पे सहित अन्य सुविधा दिया जायेगा। मौके पर सैकड़ो शिक्षित बेरोजगार युवक युवती मौजूद थे।

## सचिव और मंत्री से मिले पीडीएस दुकानदार प्रतिनिधिमंडल सौंपा मांग पत्र

➲ जल्द ही दुकानदारों के पक्ष मे निर्णय ले सकती है सरकार, दिया भरोसा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** झारखण्ड राज्य लक्षित जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार साहू एवं प्रदेश महा सचिव नृपेंद्र कृष्ण महतो ने आज खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री ड़ा0 रामेश्वर उराँव एवं विभागीय सचिव से मुलकात की। उन्हें पीडीएस डीलरों के सात सूत्री मांगों से सम्बंधित मांग पत्र सौपा और उनसे इस मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए गरीब दुकानदारों के समस्याओं की सम्मानजनक विचार करने का अनुरोध किया। साथ ही अनुकम्पा के आधार पर अनुज्ञप्ति निर्गत करने, उम्र सीमा समाप्त करने के साथ साथ पूर्व की तरह अनुकम्पा व्यवस्था बहाल किया जाय। प्रति माह 40,000 रुपये मानदेय भुगतान करने पर जोर दिया गया। इस पर मंत्री जी ने कहा की राशन दुकानदारों के लिए ऑनलाइन वितरण व्यवस्था बहाल की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही ऑफलाइन वितरण व्यवस्था बंद होगी। पॉश मशीन में 4जी की भी व्यवथा हो रही है। बकाया कमीशन भुगतान एवं जुट बोरी का बकाया राशि का भी व्यवस्था ही गयी है। जहा तक 40,000 रुपये मानदेय का सवाल है उसके लिए मंत्रिपरिषद के साथ साथ विधि विभाग से बात करने के बाद अंतिम निर्णय दुकानदारों के हित में ली जाएगी। अनुकम्पा पर भी मंत्री जी ने सकारात्मक निर्णय की बात कही। विभागीय सचिव ने इस मामले में कहा की आप लोगों के सभी मांगों पर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा की आपलोगों के बकाया कमीशन,जूट की बोरी का बकाया राशि समेत सभी मांगों पर हम विचार कर रहे हैं जल्द ही आप लोगों को सकारात्मक निर्णय देखने को मिलेगा।

# सिमडेगा बीडीओ ने तामड़ा पंचायत का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** बीडीओ अजय कुमार ने सदर प्रखंड के तामड़ा पंचायत का भ्रमण कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, अंबेडकर आवास, आम बागवानी, पंचायत भवन आदि का निरीक्षण कर जिम्मेवार लोगों को आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने आमजन से अपील कि जिन्हें भी आम बागवानी की जरूरत है,वह आगे आकर आम बागवानी लें। कहीं- कहीं लेबर नहीं थे, वहां लेबर लगाने की बात कही। उन्होंने लेबरों की संख्या बढ़ाने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा लेबर बाहर पलायन नहीं करें।उन्होंने ऐसे श्रमिकों को मनरेगा संबंधित कार्यो को सही ढंग से करने की बात कही। मौके पर मुखिया मुखिया अंजना एक्का, वार्ड सदस्य राहुल मिश्रा, रोजगार सेवक बबिता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर किशोरियों के सशक्तिकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (RKSK) के अंतर्गत एस एस +2 उच्च विद्यालय सिमडेगा में किशोर किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं सिनी संस्था द्वारा किया गया। जिसमें राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के छः कंपोनेंट्स पर विस्तार पूर्वक से जानकारी दी गई साथ ही इससे संबंधित विडियो भी विद्यार्थियों को दिखाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पोषण में सुधार, मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार, गैर संचारी रोग की जानकारी, नशीले पदार्थों के सेवन को रोकना, चोट, हिंसा एवं दुर्घटना को रोकना आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज एवं विशिष्ट अतिथि सिनी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर रैहान उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज ने कहा कि वर्तमान में भारत की जनसंख्या पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा है जो की हमारे लिए एक वरदान भी है। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुवे छः कंपोनेंट्स पर विस्तार पूर्वक से जानकारी दी साथ ही कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा पर लोगों को जागरूक भी किये साथ ही साथ उन्होंने परिवहन नियमों का पालन करने के लिए भी कहा और जिस तरह से वर्तमान में सड़क दुर्घटना हुई है उस पर दुःख भी व्यक्त किये। सिनी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर रैहान सर ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही कार्यक्रम में बताए गए सभी विषयों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए भी कहा। उन्होंने यह भी कहा की ये सभी छः कंपोनेंट्स को हमें जानना चाहिए और अन्य लोगों को भी जागरुक करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में सभी छः कंपोनेंट्स पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो भी दिखाया गया साथ ही व्याख्या भी किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज, सिनी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर रैहान, सिनी संस्था के जिला समन्वयक शुभब्रत बासु, सत्यजीत कुमार, भरत सिंह, महादेव प्रसाद, रोहित राज, तनु श्री आदि उपस्थित थे।

# विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने सभी कार्यकर्ताओं के बीच रूबरू होकर हाल चाल लिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अशफ़ाक आलम के अध्यक्षता में किया गया। जिसमे विधायक नमन बिक्सल कोंगड़ी उपास्थित हुए। साथ ही सभी पंचायत अध्यक्ष एव कार्यकर्त्ता भी मौजुद थे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि अभी कांग्रेस पार्टी के तरफ से कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर किया जाना है जो कि इसी महिना 31.05.2023 को प्रशिक्षण शिविर किया जाएगा। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि अनिवार्य है। साथ ही विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने सभी कार्यकर्ताओं का हाल चाल लिया और क्षेत्र के समस्याओं को जाना। जैसे की अभी क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या पानी की है ,जिसपर विधायक ने कहा की मैं पीएचडी विभाग में बैठक कर पानी की समस्या को दूर करूंगा, और भी क्षेत्र की जितनी समस्या है उसे भी जल्द ही हल किया जाएगा। प्रखंड अध्यक्ष अशफ़ाक आलम ने कहा कि जिस तरह कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक में पूर्ण बहुमत हासिल किया है उसी तरह फिर से झारखंड में भी गठबंधन की पूर्ण बहुमत लाएगी। आप सभी कार्यकर्त्ता जिस तरह ईमानदारी और मेहनत से काम करते आए हैं, इसका परिणाम हमलोगो को फिर से मिलेगा। कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसा पार्टी है जिस पर हमलोग विश्वास करते आए हैं और कांग्रेस पार्टी ने कभी विश्वासघात नही किया है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि समी आलम जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, राजेश डुंगडुंग, जमीर अहमद जमीर हासन, जॉनसन डांग, रेने टेटे, लॉरेंग डुंगडुंग, सुशील मिंज, जॉन लकड़ा, सफीक अंसारी, अमृत चिराग तिर्की, प्रिंस कुमार, अब्दुल वाहिद, अतुल बारला, बेनेदिक केरकेट्टा, सुकवन जोजो, अनिल सुरीन, कय्यूम आलम, इशाक, आदि मौजूद थे।

जीईएल चार्ज कोंनजोबा पादरीपन स्तरीय पहला युवा सम्मेलन का हुआ आयोजन

# परमेश्वर ने ही कलीसिया की सेवा करने के लिए जनप्रतिनिधि के रूप में मुझे भेजा : एनोस एक्का



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरसई :** जीईएल चार्ज कोंनजोबा पादरीपन स्तरीय पहला युवा सम्मेलन आयोजन बघडेगा में हुई। जहां पर मुख्य रूप से पादरी श्रीमती संजीता पुपेन मिंज, पादरी अमोन पूर्ति, पादरी ओहमा लकड़ा, तथा मुख्य अतिथि के रूप में पादरी सैहुँन मिंज, एवं पादरी सीएबी नाग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहे एनोस एक्का उपस्थित हुए। सर्वप्रथम आए हुए आगंतुक अतिथियों का भव्य तरीके से प्रार्थना गीत स्वागत गीत के साथ स्वागत किया गया जिसके बाद माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से धार्मिक अनुष्ठान एवं विशेष प्रार्थना का आयोजन हुआ। लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा प्रभु यीशु ने हमें इस दुनिया में परोपकार लोगों का भला समाज सेवा एवं एक दूसरे के सुख दुख में काम आने के लिए भेजा है। हम सभी कलीसिया के सेवक हैं और कलीसिया की सेवा करने के लिए लगातार प्रयासरत समाज का धर्म गुरु समाज को सही रास्ता दिखाने के लिए होता है । ईश्वर ने कलीसिया के दास के रूप में उन्हें भेजा है। मुझे ईश्वर ने कलीसिया की सेवा जनप्रतिनिधि के रूप में करने के लिए भेजा है और मैं उसे कर रहा हूं। 15 वर्षो तक लोगों के बीच से दूर रहा। इस दौरान क्षेत्र में कई उतार-चढ़ाव आए कई ऐसे कार्य अधूरे रहे जिसकी क्षेत्र में आवश्यकता है। परंतु अब मैं आ गया हूं जिससे कि आप कलीसिया समुदाय की सेवा कर सकूं। युवा सम्मेलन पर चर्चा करते हुए कहा युवा समाज की रीढ़ हैं ।आज युवा इस देश के कर्णधार के रूप में आगे बढ़कर समाज अपने जिले और देश का नाम रोशन कर रहे हैं उन्हें सभी युवाओं को आवाहन करते हुए समाज की सेवा करते हुए आगे आने की बात कही। मौके पर संदेश एक्का ने भी लोगों संबोधित करते हुए कहा किसी भी समुदाय का अगुआ होना परमेश्वर की इच्छा से होता है इसलिए हम सभी को उनके दिए गए आदेशों का पालन करनी है।

## बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई।बैठक में विभाग-वार अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं के क्रियनवयन को लेकर समीक्षा किया गया। जिसमें मनरेगा,पीएम आवास,स्वास्थ्य,शिक्षा, जेएसएलपीएस, बाल विकास परियोजना,कल्याण सहित संबंधित विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# सुप्रीम कोर्ट ने कैदियों के ट्रांसफर मामले को जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट में भेजा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर की जेल से दूसरे राज्यों की जेलों में भेजे गए 20 से अधिक कैदियों के ट्रांसफर के मामले पर सुनवाई करते हुए इस मामले को जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट भेज दिया है।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पब्लिक सेफ्टी एक्ट जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट में लंबित है, इसलिए हाई कोर्ट ही इस मामले की सुनवाई करे। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि जम्मू-कश्मीर के पब्लिक सेफ्टी एक्ट के तहत केंद्र शासित प्रदेश से बाहर की जेलों में भेजे गए 20 से अधिक कैदियों का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। दरअसल, श्रीनगर निवासी राजा बेगम और तीन अन्य की तरफ से दाखिल याचिका में 20 कैदियों को जम्मू और कश्मीर की जेलों के बाहर भेजे जाने का विरोध करते हुए कहा गया था कि उन्हें उत्तर प्रदेश और हरियाणा की जेलों में भेजना जम्मू-कश्मीर के उस कानून का उल्लंघन है, जिसके तहत उन्हें बंदी बनाया गया है।



**23** फरवरी, 2022 को नवाब मलिक को ईडी ने कथित तौर पर भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों से जुड़ी संपत्ति के लेन-देन के मामले में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत गिरफ्तार किया था

**20** से अधिक कैदियों का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है जम्मू-कश्मीर के पब्लिक सेफ्टी एक्ट के तहत केंद्र शासित प्रदेश से बाहर की जेलों में भेजे गए

## एनसीपी नेता नवाब मलिक को झटका
## जल्द सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी नेता नवाब मलिक को कोई राहत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने नवाब मलिक की याचिका पर जल्द सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि बांबे हाई कोर्ट में मामला लंबित है और वहां सुनवाई हो रही है। हाई कोर्ट को सुनवाई करने दें। हम जुलाई के दूसरे सप्ताह में सुनवाई करेंगे। दरअसल, नवाब मलिक ने स्वास्थ्य आधार पर अंतरिम जमानत की मांग की है। पहले की सुनवाई के दौरान नवाब मलिक की ओर से वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि नवाब मलिक की एक किडनी फेल हो गई है ।

# अमेरिका दौरे पर जाएंगे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल

**एजेंसी**



**नई दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 10 दिवसीय दौरे पर अमेरिका जाएंगे।कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी 30 मई को अमेरिका के लिए रवाना होंगे। इस दौरान वह न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।सूत्रों का कहना है कि मैडिसन स्क्वायर में आयोजित होनी वाली रैली में 5000 के आस-पास भारतीय लोग शामिल होंगे। वह स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में पैनल चर्चा और भाषण के लिए वाशिंगटन और कैलिफोर्निया जाएंगे। अपनी यात्रा के दौरान वह नेताओं और उद्यमियों से भी मिलेंगे।उल्लेखनीय है कि इससे पहले राहुल गांधी लंदन का दौरा कर चुके हैं। इस यात्रा को लेकर काफी विवाद भी उठा था। राहुल ने वहां कहा था कि भारत का लोकतंत्र

## चलते-चलते एक नजर

### सीआईपी का 106 वां स्थापना दिवस 17 को

**रांची।** केंद्रीय मनचिकित्सा संस्थान (सीआईपी) में बुधवार को 106वां स्थापना दिवस और एलुमिनाई मीट मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य अतिथि रांची यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ एके सिन्हा होंगे। इसके तत्पश्चात एक सीएमई का आयोजन किया जाएगा, जिसका शीर्षक है ग्लोबलाइजेशन और मानसिक स्वास्थ्य है। इसके मुख्य वक्ता डॉ एस के मुंडा, डॉ निखिल नय्यर एवं मालविका होंगे। इस कार्यक्रम में देश-विदेश से करीब 150 मानसिक रोग प्रोफेशनल शामिल होंगे। इस मौके पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रेजिडेंट डाक्टर, छात्र एवं कर्मचारी और अधिकारी को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा इस उपलक्ष्य पर मरीजों एवं प्रशिक्षुकों की ओर से स्थापना दिवस के पूर्व संध्या पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।

### प्रवासी मजदूर की केरल में नदी में डूबने से मौत

**गिरिडीह :** बगोदर के दोंदलो गांव के प्रवासी मजदूर भरत महतो (55) के एक नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी भरत महतो के परिवार को सोमवार देर शाम मिली।इस संबंध में कंपनी के प्रतिनिधियों ने भरत महतो की मौत के बारे में अधिक जानकारी होने से इंकार करते हुए कहा कि मृतक केरल के एक नदी में नहाने गया हुआ था, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। भरत महतो केरल में एक प्राईवेट कंपनी में बतौर सिक्यूरिटी गार्ड कार्यरत था और पिछले कुछ महीनों से केरल में काम कर रहा था। दुःखद सूचना फोन से मिलने के बाद घर में मातम पसर गया। विगत कुछ महीनों पूर्व ही भरत महतो कमाने केरल गया था।

### तीन राशन कार्डधारियों पर लगाया गया 2.49 लाख का जुर्माना

**रांची :** रांची के जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने तीन राशन कार्डधारियों पर दो लाख 49 हजार 480 रुपये का जुर्माना लगाया है। अर्हता नहीं होने के बावजूद राशन कार्ड बनाकर राशन सामग्री उठाव करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। इनमें पंकज कुमार और जयपाल नारायण और विनय कुमार शामिल हैं। पंकज कुमार पर 97 हजार 428, विनय कुमार पर 54 हजार 624 और जयपाल नारायण पर 97 हजार 428 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने तीनों राशन कार्ड धारियों को छह दिनों के अंदर जुर्माने की राशि जमा करने का निर्देश दिया गया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

### लालू यादव के करीबी के आवास पर सीबीआई ने की छापेमारी

**नई दिल्ली:** जमीन के बदले नौकरी घोटाले मामले को लेकर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के करीबियों और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) से जुड़े नेताओं के बिहार और दिल्ली-एनसीआर के ठिकानों पर मंगलवार सुबह से छापेमारी कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लालू प्रसाद यादव के करीबी रहे प्रेम चंद गुप्ता के दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम के ठिकानों पर आज सीबीआई की एक टीम सुबह पहुंची थी । इसके साथ ही सीबीआई की टीम बिहार में आरजेडी के कुछ नेताओं के घरों पर पहुंची थी। सूत्रों का कहना है कि सीबीआई की एक टीम आज सुबह आरजेडी विधायक किरण देवी और पूर्व विधायक अरुण यादव के गांव अगिआंव (आरा) में छापेमारी करने पहुंची थी वहीं दूसरी टीम पटना में भी आरजेडी से जुड़े कुछ नेताओं के आवास पर छापेमारी करने पहुंची थी। उल्लेखनीय है कि जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में लालू प्रसाद यादव आरोपित हैं। यह आरोप उन पर वर्ष 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहते हुए लगा था। लालू प्रसाद पर आरोप है कि उन्होंने रेलवे में नौकरी देने के बदले लोगों से जमीन ली थी। इस मामले में लालू प्रसाद यादव के बेटे व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के दिल्ली स्थित आवास पर भी सीबीआई छापेमारी कर चुकी है।

# विविधता में एकता शक्ति व प्रगति की आधारशिला : राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश में विभिन्न जाति, धर्म और संप्रदाय के लोग सौहार्दपूर्वक रहते हैं। उनकी भाषा, संस्कृति, रीति-रिवाज़ इत्यादि अलग-अलग है, फिर भी हम सभी एक हैं। यही विविधता में एकता हमारी शक्ति एवं प्रगति की आधारशिला रही है।राज्यपाल मंगलवार को सिक्किम राज्य के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज भवन में आयोजित ÷सिक्किम राज्य स्थापना दिवस समारोह' में बोल रहे थे। उन्होंने सिक्किम के निवासियों को स्थापना दिवस की बधाई दी।राज्यपाल ने झारखंड में निवास कर रहे सिक्किम के लोगों से संवाद करते हुए कहा कि सिक्किम ने




विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में यह राज्य अग्रणी रहा है। साथ ही इस राज्य ने पर्यटन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि इस प्रदेश का जैविक कृषि के क्षेत्र में किए गए अद्वितीय प्रयास ने पूरे विश्वपटल पर अमिट पहचान स्थापित की है। जैविक कृषि की दिशा में राज्य के द्वारा किये गए कार्य अत्यंत ही प्रशंसनीय है। जो देश के बाकी हिस्सों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने स्वागत भाषण किया। सिक्किम की बीआईटी मेसरा में अध्ययनरत छात्रा प्रशांति शर्मा एवं जैप-1 में कार्यरत राजेश शर्मा ने राज्यपाल का आभार प्रकट किया।

# मुंबई से गोवा के बीच चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**एजेंसी**

**मुंबई :** मुंबईकरों को जल्द एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है, जो मुंबई से गोवा के बीच चलेगी. मुंबई-गोवा रूट पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ट्रायल रन शुरू हुआ.ट्रायल रन के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सुबह मुंबई से निकली है. ट्रायल में पास होने के बाद ट्रेन मुंबई-गोवा रूट पर चलाई जाएगी. इस रूट पर चलाई जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मुंबई से चौथी ट्रेन होगी. अभी तक मुंबई- गांधीनगर, मुंबई- शिर्डी, और मुंबई सोलापुर रूट पर वंदे भारत ट्रेन चलाई जा रही है.दरअसल, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रावसाहेब दानवे ने महाराष्ट्र के विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल को जानकारी दी थी कि जल्द ही मुंबई-गोवा रूट पर जल्द एक वंदे भारत सेमी-हाई स्पीड एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन किया जाएगा. उन्होंने बताया कि मुंबई-गोवा का विद्युतीकरण पूरा हो गया है. निरीक्षण के बाद इस सेवा को शुरू किया जाएगा.बता दें, वंदे भारत ट्रेन 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने में पूरी तरह सक्षम है. ऑटोमेटिक दरवाज़े, ऑनबोर्ड वाई-फाई, बायो-वैक्यूम शैचालय, जीपीएस आधारित सूचना प्रणाली और बेहतर व्यवस्था के साथ डिजाइन की गई है. इस ट्रेन में रीजेनेटिव ब्रेकिंग स्टिसम भी मौजूद है जो 30 प्रतिशत तक एनर्जी तक बचाने के काबिल है. वंदे भारत ट्रेनों की औसत गति राजधानी और शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनों की तुलना में बेहतर है. वंदे भारत एक्सप्रेस भारतीय रेलवे द्वारा संचालित एक इलेक्ट्रिक मल्टी-यूनिट ट्रेन है. रिसर्च डिजाइन और मानक संगठन द्वारा डिजाइन किए गई.

# जी-7 समिट में शामिल होने के लिए जापान जाएंगे पीएम मोदी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए जल्द ही जापान का दौरा करेंगे. शेड्यूल के मुताबिक, पीएम मोदी 19 से 21 मई तक जापान के दौरे पर होंगे. जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने पीएम मोदी को इस समिट में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है. जी-7 समिट की अध्यक्षता जापान कर रहा है. शिखर सम्मेलन के दौरान जी-7 के सत्रों में साझेदार देशों के साथ प्रधानमंत्री मोदी विभिन्न विषयों पर बात करेंगे, जिनमें स्थायी ग्रह की शांति, स्थिरता और समृद्धि, खाद्य, उर्वरक और उर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण, लचीला बुनियादी ढांचा और विकास सहयोग जैसे मुद्दे शामिल हैं. पीएम मोदी शिखर सम्मेलन से इतर इसमें हिस्सा लेने वाले कुछ नेताओं का साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे.जापान के बाद पीएम मोदी पापुआ न्यू गिनी की यात्रा करेंगे, जहां वह पोर्ट मोरेस्बी पहुंचेंगे. यहां वह 22 मई को पापुआ न्यू गिनी के प्रधान मंत्री जेम्स मारापे के साथ संयुक्त रूप से फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन (ख्नढ्ढक्क्रष्ट ढ्ढढ्ढढ्ढ समिट) के तीसरे शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे. पापुआ न्यू गिनी में पीएम मोदी के द्विपक्षीय कार्यक्रम रहेंगे, जिनमें वहां के गवर्नर-जनरल सर बॉब डाडे और प्रधानमंत्री जेम्स मारापे के साथ उनकी बैठकें होंगी. किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ओर से यह पापुआ न्यू गिनी की पहली यात्रा होगी.पीएम मोदी 22 से 24 मई के दौरान क्वाड लीडर्स समिट में हिस्सा लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया के सिडनी दौरे पर होंगे. ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के आमंत्रण पर पीएम मोदी के अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भी सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं.

# भारत व चीन के सेना अधिकारियों की लद्दाख में हुई बैठक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय सेना और चीनी सेना के अधिकारियों की मंगलवार को अहम बैठक हुई. ये मीटिंग दोनों सेनाओं के मेजर जनरल स्तर के अधिकारियों के बीच लद्दाख में एलएसी के साथ दौलत बेग ओल्डी सेक्टर में हुई है. दोनों पक्षों ने चल रहे गतिरोध को हल करने के तरीकों पर चर्चा की. रक्षा सूत्रों ने कहा कि ये नियमित प्रक्रिया थी.इससे पहले बीते महीने शंगाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक से ठीक पहले, 23 अप्रैल को भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में चीनी पक्ष के मोल्दो में 18वें दौर की कोर



कमांडर वार्ता आयोजित की थी. जिसमें मई 2020 से चल रहे गतिरोध को हल करने के लिए बातचीत की गई थी. भारतीय पक्ष का नेतृत्व लेफ्टिनेंट जनरल राशिम बाली ने किया था, जिन्होंने हाल ही में लेह स्थित 14 कोर कमांडर के रूप में पदभार संभाला था. इस मुलाकात से एक हफ्ते पहले सेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चल रही बातचीत जारी रहेगी और तनाव कम करना ही आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका है. दोनों देशों के बीच मई 2020 में गलवान वैली में हुई हिंसक झड़प के बाद से गतिरोध बना हुआ है. हालांकि इसमें थोड़ी नरमी भी आई थी जब पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर पिछले साल सितंबर में दोनों पक्षों ने गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में पैट्रोग पॉइंट-15 से पीछे हटने के लिए सैनिकों को वापस बुला लिया था. हालांकि बीते साल दिसंबर में दोनों देशों के सैनिक अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में आमने-सामने आ गए थे. तब भी सैन्य स्तर की बातचीत के बाद मामला सुलझाया गया था.

# आतंकियों के सफाए के लिए नेचुरल गुफाओं को नष्ट कर सकते हैं सुरक्षाबल


**एजेंसी**

**श्रीनगर :** राजौरी और पुंछ के जंगलों में छिपे आतंकियों को ढूंढने और यहां आतंकियों का सफाया करने के लिए सुरक्षा बल जल्द ही जंगलों की गुफाओं को ध्वस्त कर सकते हैं. गौरतलब है कि इसी साल अब तक इन जंगलों में चले ऑपरेशंस में 10 सुरक्षाबलों के जवानों समेत 20 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं.सुरक्षाबल आतंकियों के लिए स्वर्ग माने जाने वाले राजौरी और पुंछ के पहाड़ों और जंगलों में जल्द ही सुरक्षा को लेकर एक व्यापक ऑपरेशन चला सकते हैं. सुरक्षाबलों के मुताबिक इन जंगलों में करीब दो दर्जन प्राकृतिक ऐसी गुफाएं हैं जो न केवल आतंकियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह हैं, बल्कि यहां आतंकी अपने हथियार और गोला-बारूद भी छिपा रहे हैं. यह प्राकृतिक गुफाएं बड़े-बड़े पत्थरों से घिरी हुई हैं जो ऑपरेशन में इन आतंकियों को छुपने में मदद करती हैं. ऐसे में अब सुरक्षाबल इन जंगलों में बनी दर्जनों गुफाओं को ध्वस्त करने की योजना बना रहे हैं. इस साल अब तक इन जंगलों में हुए विभिन्न ऑपरेशंस में जहां 10 भारतीय सेना के जवान देश के नाम अपनी शहादत दे चुके हैं, वही आतंकियों ने 10 आम नागरिकों की हत्या भी इसी साल की है. सुरक्षाबलों की मानें तो आतंकी घटनाओं को अंजाम देकर आतंकी इन जंगलों में भागकर यहां बनी इन प्राकृतिक गुफा में शरण लेते हैं. जंगलों में छिपे आतंकियों को ढूंढने के लिए जहां एक ओर सुरक्षा बल व्यापक सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं वहीं इन आतंकियों को ढूंढने के लिए हेलीकॉप्टर ड्रोन की भी मदद ली जा रही है.इसी महीने की शुरुआत से यहां चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र का कोई बड़ा फायदा अब तक सुरक्षाबलों को नहीं मिला है. हालांकि सुरक्षाबलों ने अब तक इस जंगल में छिपे एक आतंकी को जरूर मार गिराया है.

# वायुसेना के अधिकारी से की गई पूछताछ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** डीआरडीओ लैब के निदेशक डॉ. प्रदीप कुरुलकर के बाद अब भारतीय वायु सेना के एक अधिकारी का नाम भी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के लिए जासूसी करने में सामने आया है। डीआरडीओ वैज्ञानिक फिलहाल मुंबई एटीएस की हिरासत में हैं और उनसे पूछताछ के आधार पर बेंगलुरु में तैनात वायु सेना अधिकारी के बारे में खुलासा हुआ है। वायु सेना के अधिकारियों ने भी उनसे गहन पूछताछ की है। एटीएस के बाद शिवाजीनगर कोर्ट में प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के सामने वायु सेना अधिकारी का बयान दर्ज किया गया है। महाराष्ट्र आतंकवाद विरोधी दस्ते की जांच में पता चला है कि हनी



**जांच में पाकिस्तान से कुरूलकर को भेजे गए कई ई-मेल का पता लगा है, जिससे उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने वाली संवेदनशील जानकारी साझा किये जाने की आशंका है**

ट्रैप के जरिये फंसाए गए डीआरडीओ वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुरुलकर और वायु सेना अधिकारी निखिल शेंडे से संवेदनशील जानकारी हासिल करने के लिए %ज़ारा दासगुप्ता% नाम के फर्जी खाते से संपर्क किया गया था। एटीएस ने मुंबई की विशेष अदालत में खुलासा किया है कि पाकिस्तानी खुफिया विभाग ने कुरूलकर के अलावा वायु सेना अधिकारी निखिल शेंडे को इसी तरह के हनी ट्रैप में निशाना बनाया गया है। बेंगलुरु में तैनात शेंडे से वायुसेना के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने एटीएस को अपना बयान भी दिया है, जिसे शिवाजीनगर कोर्ट में प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किया गया है। एटीएस की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुजाता तनवाडे ने विशेष अदालत को बताया कि हालांकि, वायु सेना अधिकारी निखिल शेंडे को मामले में आरोपित के रूप में नहीं फंसाया गया है लेकिन तकनीकी जांच से पता चला है कि कुरूलकर और शेंडे को पाकिस्तानी आईपी पते से सन्देश भेजे गए थे। जांच में पाकिस्तान से कुरूलकर को भेजे गए कई ई-मेल का पता लगा है, जिससे उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने वाली संवेदनशील जानकारी साझा किये जाने की आशंका है। डीआरडीओ वैज्ञानिक के पास से जब्त लैपटॉप और मोबाइल फोन का तकनीकी विश्लेषण किया गया है। पुणे में डीआरडीओ की एक प्रयोगशाला के निदेशक वैज्ञानिक को तीन मई को गिरफ्तार किया गया था। कुरुलकर ने एटीएस को बताया कि पिछले साल अक्टूबर में उसके वॉट्सऐप पर एक मैसेज आया। मैसेज में उसे गलत नाम से संबोधित किया गया। इस पर कुरुलकर ने जवाबी वॉट्सऐप किया कि मैं वह नहीं, बल्कि प्रदीप कुरुलकर हूं। इसके बाद दोनों के बीच वाट्सएप चैटिंग शुरू हो गई। कुरुलकर ने बताया कि वॉट्सऐप चैट करने वाली महिला ने खुद को लंदन में रहने वाली भारतीय बताया और पाकिस्तान के खिलाफ नफरत व्यक्त की। दोनों के बीच फरवरी, 2023 तक चैट होती रही। कुरुलकर के साथ चैट करने के लिए जिस नंबर का इस्तेमाल किया गया था, उसका पाकिस्तानी आईपी होने से खुफिया अधिकारयों ने डीआरडीओ को सतर्क किया और एटीएस को शिकायत करने से पहले डीआरडीओ की सतर्कता टीम ने जांच की। वैज्ञानिक कुरुलकर ने

# कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री को लेकर हो रहा मंथन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री को लेकर कांग्रेस में लगातार बैठकों का दौर जारी है। पार्टी को कर्नाटक में पूर्ण बहुमत मिलने के बाद बेंगलुरु से लेकर दिल्ली तक बैठकें चल रही हैं। मंगलवार को कर्नाटक कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दिल्ली आवास पर पहुंचे हैं। यहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी भी मौजूद हैं।कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को भी दिल्ली तलब किया कर लिया गया है। माना जा रहा है



कि आज पार्टी अध्यक्ष की मौजूदगी में कर्नाटक के मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा करेंगे।दिल्ली रवाना होने से पहले शिवकुमार ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा था कि वह पार्टी के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा था कि कर्नाटक में कांग्रेस के विधायकों की संख्या 135 है। हम सब एक हैं। सूत्रों का कहना है कि सिद्धारमैया ने कांग्रेस आलाकमान को सुझाव दिया है कि पहले दो वर्ष उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाए और तीन वर्ष डीके शिवकुमार को मौका दिया जाए। हालांकि अंतिम फैसला सभी नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष पर छोड़ दिया है। इस संबंध में कर्नाटक कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायकों ने एक प्रस्ताव पारित किया था।